देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



शिवराज को नड्डा ने बुलाया, नई जिम्मेदारी... 12

विकसित भारत संकल्प यात्रा-आओ मिलकर बनाएं... 10




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 68

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 19 दिसंबर, 2023


## पीएम ने महिला से पूछा-चुनाव लड़ना हो तो बताओ, काशी में बोले, मोदी ने देशभर को दी है गारंटी

# मेरे लिए 4 जातियां ही सबसे बड़ी जातियां

### पीएम ने दुनिया के सबसे बड़े मेडिटेशन सेंटर स्वर्वेद महामंदिर का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस | वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन तक अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रहे। दौरे के दूसरे दिन सोमवार को पीएम ने स्वर्वेद महामंदिर का इनॉगरेशन किया। इसके बाद बरकी पहुंचे और लाभार्थियों से बात की। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, मेरे परिवार जनों, विकसित भारत के लिए देश की नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और हर गरीब का विकास होना बहुत जरूरी है। मेरे लिए तो ये ही 4 जातियां ही सबसे बड़ी जातियां हैं। ये 4 जातियां सशक्त हो गईं तो पूरा देश सशक्त हो जाएगा। इसी सोच के साथ हमारी सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से देश के हर किसान के बैंक खाते में अब तक 20 हजार करोड़ रुपए जमा कराए जा चुके हैं। जिन छोटे किसानों के पास किसान क्रेडिट कार्ड नहीं था, उन्हें भी ये सुविधाएं दी जा रही है। हमारी सरकार प्राकृतिक खेती पर बल देने के साथ ही किसानों के लिए आधुनिक व्यवस्था भी बना रही है।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में विरासत पर गौरव का अनुभव कर रहा भारत: सीएम योगी

#### बेटियां ड्रोन की दुनिया में मचाएंगी धूम

पीएम ने कहा, अभी जो विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है, उसमें सभी किसान ड्रोन को देखकर बहुत उत्साहित हो रहे हैं। ये ड्रोन हमारी कृषि व्यवस्था का भविष्य गढ़ने वाला है। इससे दवा हो, फर्टिलाइजर हो, इनका छिड़काव और आसान हो जाएगा। इसलिए सरकार ने नमो ड्रोन अभियान भी शुरू किया है। इसे गांव के लोग नमो दीदी भी बोलते हैं। इस अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहनों को ड्रोन चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। वह दिन दूर नहीं जब काशी की बहन-बेटियां भी ड्रोन की दुनिया में धूम मचाने वाली हैं।

#### किसानन बदे वरदान साबित भयल हौ

भोजपुरी में बोलते हुए पीएम ने कहा-बनास डेयरी किसानन बदे वरदान साबित भयल हौ। बनारस में आधुनिक बनास डेयरी प्लांट का निर्माण बहुत तेजी से चल रहा है। 1 महीने में काम पूरा भी हो जाएगा। बनास डेयरी बनारस में 500 करोड़ से ज्यादा का निवेश कर रही है। ये डेयरी यहां पर गौ-संवर्धन का भी अभियान चला रही है ताकि दूध का उत्पादन और बढ़े। लखनऊ और कानपुर में बनास डेयरी के प्लांट पहले से चल रहे हैं।



#### दूनों हाथ उठाकर बोला- नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव

मोदी ने कहा कि दशकों से पूर्वांचल का ये पूरा इलाका बहुत उपेक्षित रहा है। लेकिन, महादेव के आशीर्वाद से मोदी आपकी सेवा में जुटा है। अब से कुछ महीने बाद ही देशभर में चुनाव है। मोदी ने देशभर को गारंटी दी है कि वो अपनी तीसरी पारी में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाएंगे। ये गारंटी दे रहा हूं तो इसका कारण आप सब हैं। काशी के स्वजन हैं। आइए, एक बार दूनों हाथ उठाकर फिर से बोला-नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव।



#### मोदी ने महिला से पूछा चुनाव लड़ना हो तो बताओ

इससे पहले पीएम मोदी ने 20 साल में 100 करोड़ की लागत से तैयार 7 मंजिला स्वर्वेद महामंदिर की दीवारों पर उकेरी अद्भुत नक्काशी देखी। फिर जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने गरीबी मिटाने के लिए लोगों से आग्रह किया। कहा- कम से कम एक गरीब परिवार का संबल बनिए, उनकी मदद करिए। उन्होंने लोगों को 9 संकल्प दिलाए। पीएम मोदी ने बरकी में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में जूडो-कराटे के खिलाड़ियों का दमखम देखा। यहां लाभार्थी चंदा देवी से पूछा कि कितनी पढ़ाई की हो? चंदा ने कहा- 12वीं पास हूं। इस पर मोदी ने कहा कि आप इतना अच्छा बोलती हो, चुनाव लड़ी हो क्या कभी। चंदा बोलीं- नहीं। फिर मोदी ने कहा चुनाव लड़ना हो तो बताओ। मुझे आप जैसी गांव की 2 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है।

#### काशी को मिली दूसरी वंदे भारत ट्रेन

- जनसभा से ही पीएम मोदी ने वाराणसी से नई दिल्ली के बीच चलने वाली दूसरी वंदे भारत ट्रेन को वर्चुअल हरी झंडी दिखाई। ये वंदे भारत एक्सप्रेस 22415/22416 सुबह 6 बजे वाराणसी जंक्शन से खुलेगी। सुबह 7.35 बजे प्रयागराज पहुंचेगी और 7.39 बजे प्रयागराज से आगे बढ़ेगी। सुबह 9.32 बजे कानपुर पहुंचेगी और चार मिनट के ठहराव के बाद नई दिल्ली के लिए रवाना होगी।
- वहीं, 22416 दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस दोपहर 3 बजे दिल्ली स्टेशन से खुलेगी। शाम 7.18 बजे कानपुर पहुंचेगी और चार मिनट रुकते हुए 7.22 बजे खुलेगी। रात 8.26 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। इसके बाद रात 11.05 बजे वाराणसी जंक्शन पहुंचेगी। इससे पहले पीएम मोदी ने 15 फरवरी 2019 को पहली वंदे भारत को वाराणसी से रवाना किया था।
- पीएम नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के बरकी में जनसभा से ही रिमोट बटन दबाकर 19 हजार करोड़ रुपए की 37 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

#### इन परियोजनाओं का लोकार्पण

- लहरतारा-फुलवरिया-शिवपुर 4 लेन एवं 2 रेल उपरगामी सेतु
- 20 ग्रामीण एवं नगरीय सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
- पीएसी भुल्लनपुर में 200 बेड एवं पुलिस लाइन में 150 बेड की क्षमता की बैरक
- अलईपुर में 132/33 केवी एमवीए विद्युत उपकेंद्र का निर्माण
- बलिया-गाजीपुर सिटी खंड के रेलवे लाइन का दोहरीकरण
- इंदारा-दोहरीघाट रेल लाइन खंड का गेज परिवर्तन
- जौनपुर जंक्शन-जौनपुर सिटी के मध्य नई बाईपास कॉर्ड लाइन
- बैतालपुर, देवरिया पेट्रोलियम डीपो में सुविधाओं का विस्तारीकरण

#### इन योजनाओं का शिलान्यास

- चित्रकूट में 800 मेगावाट सोलर पार्क
- मीरजापुर में न्यू पेट्रोलियम टर्मिनल
- वाराणसी भदोही एनएच 731बी (पैकेज 2) का चौड़ीकरण
- जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत 69 पेयजल परियोजनाएं
- काशी हिंदू विश्वविद्यालय के ट्रॉमा सेंटर में 150 बेड वाला क्रिटिकल केयर अस्पताल
- 13 सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
- दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए नवीन समेकित माध्यमिक आवासीय विद्यालय
- वाराणसी में 8 गंगा घाटों का पुनर्विकास
- वाराणसी शहर में अलईपुर एवं नक्खीघाट के पास रेल लाइन पर सब वे

#### मैं 2 दिन में इतना सीखा हूं, इतना समझा कि मेरा जीवन धन्य हो गया

मोदी ने दोबारा चंदा देवी की तारीफ की। कहा कि क्या भाषण देती हैं। उसकी बातों का जवाब नहीं। उसने कहा कि उसके ग्रुप में 2-3 लखपति दीदी हैं। आगे भी बनाएंगी। ये माताएं, बच्चे कितने सामर्थ्यवान हैं। कल जो बच्ची मिली, वो कितना अच्छा कविता कह रही थी। ये विकसित भारत संकल्प यात्रा हम जैसे लोगों के लिए एजुकेशन की चलती-फिरती यूनिवर्सिटी है। मैं 2 दिन में इतना सीखा हूं, इतना समझा कि मेरा जीवन धन्य हो गया है।

#### अब कोई दुबई-सिंगापुर नहीं काशी आ रहा

मोदी ने कहा- मैंने लाल किले पर कहा था कि हमें कम से कम भारत के 15 शहरों में जाना चाहिए। मुझे अच्छा लगा कि जो लोग पहले सिंगापुर या दुबई जाने की सोचते थे, वो लोग अब अपना देश देख रहे हैं। अपने बच्चों को कह रहे हैं कि अपना देश देखकर आओ। पर्यटन बढ़ता है तो हर कोई कमाता है। बनारस के होटल, टूर, ट्रवेल्स, रिक्शा और नाविकों सहित छोटे-बड़े सभी दुकानदारों को जबरदस्त फायदा मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज काशी समेत सारा देश विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित भारत संकल्प यात्रा हजारों गांव और हजारों शहरों में पहुंच चुकी है। इस यात्रा में गाड़ी चल रही है जिसे देशवासी मोदी की गारंटी वाली गाड़ी बता रहे हैं।

#### कहल जाला काशी कबहू न छोड़िए विश्वनाथ दरबार

मोदी ने कहा, मेरे परिवार जनों- कहल जाला काशी कबहू न छोड़िए विश्वनाथ दरबार। काशी में रिहाइश आसान बनाने के साथ ही काशी को जोड़ने के लिए भी उतनी ही मेहनत कर रही है। आज काशी में लोकार्पित योजनाओं से काशी के विकास को गति मिलेगी। इस परियोजना से शहर के दक्षिणी हिस्से को बाबतपुर एयरपोर्ट से जुड़ने की अच्छी व्यवस्था होगी।

## श्रीकृष्ण जन्म स्थान और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद: कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति पर सुनवाई टली, अब 11 जनवरी नई तारीख

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्री कृष्ण जन्म स्थान और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किये जाने के मामले में फिलहाल सुनवाई टाल दी है। वहीं हाईकोर्ट ने सर्वे मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब 11 जनवरी 2024 को इस मामले की अगली सुनवाई होगी। कोर्ट में सुन्नी वक्फ बोर्ड की ओर से अर्जी दाखिल



कर कहा गया कि उसने कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति के आदेश के खिलाफ विशेष याचिका दाखिल की है। याचिका पर नौ जनवरी को सुनवाई होनी है। इस पर हिन्दू पक्ष की ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किये जाने पर रोक नहीं लगाई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह इस मामले में अपना आदेश देगी। श्रीकृष्ण विराजमान के वाद मित्र मूर्ति के साथ हाईकोर्ट पहुंचे थे। भगवान के नाम से हाईकोर्ट में पास भी तैयार कराया गया है। इससे पहले, सुनवाई से एक दिन पहले रविवार को ही कई पक्षकार मथुरा से इलाहाबाद के लिए रवाना हो गए थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस मयंक कुमार जैन की एकल पीठ श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सटे शाही ईदगाह परिसर को मंदिर का ही हिस्सा बताए जाने से जुड़ी सभी 18 याचिकाओं पर अयोध्या जन्मभूमि विवाद की तर्ज सुनवाई कर रही है। श्रीकृष्ण विराजमान की एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करके सर्वेक्षण कराए जाने की मांग संबंधी अर्जी को 14 दिसंबर को हाईकोर्ट ने मंजूरी दे दी थी।

## ज्ञानवापी मामले में एएसआई ने कोर्ट में पेश की सर्वे की रिपोर्ट, 21 दिसंबर को आएगा फैसला

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज

ज्ञानवापी मामले में लंबे समय के बाद आखिर एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) ने सोमवार को वाराणसी कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट पेश कर दी। एएसआई के एडिशनल डायरेक्टर ने वाराणसी के जिला जज को सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश की है। ये रिपोर्ट 1500 से ज्यादा पेज की है। जिसमें 250 से ज़्यादा के साक्ष्य पेश किए गए हैं। एएसआई ने वाराणसी जिला न्यायाधीश एके विश्वेश के समक्ष रिपोर्ट सौंपी है। हिंदू पक्ष के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि रिपोर्ट सार्वजनिक की जाये। हिंदू पक्ष ने इसमें शामिल सभी पक्षों को रिपोर्ट की प्रतियां उपलब्ध कराने के लिए निर्देश देने की मांग की। मुस्लिम पक्ष इसका विरोध कर रहा है। मुस्लिम पक्ष कह रहा है कि इसे पब्लिक डोमेन में न लाया जाए। इस पर अब 21 दिसंबर को फैसला आयेगा। सर्वे रिपोर्ट की कॉपी 21 दिसंबर को ही पक्षकारों को दी जाएगी। एएसआई ने इससे पहले दो-तीन बार रिपोर्ट जमा करने के लिए कोर्ट से और समय मांगा था। जोकि उसे दिया भी गया था। ये मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को वजुखाना क्षेत्र को छोड़कर वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण करने से रोकने से इनकार कर दिया था।

#### जुलाई में दिया था सर्वे का आदेश

एएसआई ने वाराणसी जिला न्यायाधीश के 21 जुलाई के आदेश के अनुसार वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया था ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया था या नहीं।


#### कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** ऑपरेशन थियेटर में वेंटिलेटर फटा, सर्जरी करा रहे दो मरीजों की मौत, मरने वालों में एक महिला और एक बच्चा

# मौत का 'तंदूर' बना एसजीपीजीआई का ओटी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- कंप्यूटर के मॉनिटर मैं हुआ था शॉर्ट सर्किट, देखते देखते फैलती गई आग
- अन्य मरीजों को अलग वार्ड में सुरक्षित शिफ्ट किया गया
- उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने दिए जांच के आदेश, पीड़ित परिजनों की हरसंभव सहायता की जाएगी

उखड़ती सांसों को जिंदगी देने वाला राजधानी का प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान एसजीपीजी आईएमएस मौत देने वाला 'तंदूर' बन गया। पीजीआई के ओटी में स्पार्क से आग लगने से एक महिला व एक बच्चे की मौत हुई है। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मामले में जांच के आदेश दिये हैं। शहर के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के ओटी एक में दोपहर 12.40 पर मॉनिटर में स्पॉर्क होने के कारण आग लग गई। देखते देखते आग पहले वर्क स्टेशन में और फिर पूरी ओटी में फैल गई। ओटी में



धुआं भर जाने से एक महिला रोगी, जिसकी एन्डोसर्जरी चल रही थी व एक बच्चे को जिसकी हार्ट सर्जरी हो रही थी की मौत हो गई। हालांकि, इस दौरान अन्य मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। पीजीआई में आग लगने की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई। इससे शाशन तक हड़कंप मच गया। उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं। आग किन कारणों से लगी है उसकी जांच की जाएगी और पीड़ित परिजनों की हरसंभव सहायता की जाएगी।

#### पारा 5 डिग्री से कम, क्यों हुआ शॉर्ट सर्किट

एसजीपीजीआई के ओटी में शॉर्ट सर्किट की घटना ने वहां के मेंटेनेंस और मॉनिटरिंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भीषण गर्मी में शॉर्ट सर्किट होने को एक बार गर्मी को कारण माना जा सकता है। लेकिन जब पारा 5 डिग्री या उससे काम चल रहा हो तब शॉर्ट सर्किट होने के पीछे कोई तकनीकी खामी ही बड़ा कारण है। अगर वक्त रहते एसजीपीजीआई में ऐसी खामियों पर काबू नहीं पाया गया तो मरीजों की जिंदगी और संस्थान की प्रतिष्ठा दोनों दांव पर लगी हैं। देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में से एक एसजीपीजीआई को अपनी व्यवस्था चाक चौबंद करनी होगी।

#### लापरवाही से पीजीआई में पूर्व सांसद के बेटे की हुई थी मौत

पिछले दिनों पीजीआई में ही एक पूर्व सांसद के बेटे को समय पर इलाज न मिलने के चलते उनकी अस्पताल में ही मौत हो गई थी। तब पीजीआई में अव्यवस्थाओं के मामले ने तूल पकड़ा था। जांच बैठी थी इसके बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने निर्देश जारी किया था कि इलाज के अभाव में किसी मरीज की मौत ना हो, जरूरत पड़ने पर मरीज को एंबुलेंस में भी इलाज उपलब्ध कराया जाए।

#### मुख्यमंत्री योगी ने राहत कार्य तेज करने के दिए निर्देश



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसजीपीजीआई में लगी आग की घटना का संज्ञान लिया है और वरिष्ठ अधिकारियों और फायर बिग्रेड की टीमों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेजी से करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाने और उचित उपचार का निर्देश दिया है और सभी पीड़ितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# यातायात टीम ने चलाया वाहन जांच अभियान, 4.46 लाख का हुआ ई-चालान

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दूसरे चरण में रविवार और सोमवार को चले सघन वाहन जांच अभियान में लगभग 130 वाहनों का चालान किया गया। जिसमें जुर्माने के रूप में लगभग 4.46 लाख रुपए का ई चालान किया गया। इसके अलावा यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए टैक्सी चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दूसरे चरण में यातायात टीम सघन अभियान चला रही है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी यातायात राजकमल के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने यातायात टीम के साथ सघन वाहन जांच अभियान चलाया। रविवार और सोमवार को चले इस अभियान में दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट, लाइसेंस, अवयस्कों द्वारा बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने, रैसिंग स्टंट, दोषपूर्ण पंजीयन नम्बर प्लेट, नो एंट्री के समय में आवागमन कर रहे भारी माल वाहनों एवं डग्गामार वाहनों पर विशेष ध्यान देते हुए जांच की गयी। जिसमें लगभग 130 वाहनों का ई चालान किया गया। जिसमें पहले दिन अनधिकृत रूप से चल रही तीन कमाण्डर एवं 1 बाइक को सीज किया गया और दूसरे दिन कुल 47 वाहनों का चालान किया गया। जिसमें सात वाहन सीज किए गए। इस प्रकार दो दिनों में लगभग 4.46 लाख का ई चालान किया गया। इसके बाद सोमवार को चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन एवं कर्वी के प्रमुख चैराहों में यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने टैक्सी, आटो, ई रिक्शा चालकों के साथ जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों का परिवहन न करने, पायदान पर यात्रियों को लटका कर न ले जाने, वाहन का फिटनेस एवं बीमा कराने के साथ सभी को यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी गयी।



# बांदा को हरा सेमीफाइनल में पहुंचा जौनपुर

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की स्मृति पर चित्रकूट स्पोर्ट क्लब एवं दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय खेल प्रांगण में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2023 के पूल ए के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में जौनपुर एवं बांदा के बीच मुकाबला हुआ। मैच के पूर्व निपुण भारत मिशन के राज्य संदर्भ दाता समूह के सदस्य डॉ सौरभ श्रीवास्तव ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। साथ ही दीनदयाल शोध संस्थान के संतोष मिश्रा, अशोक पांडेय, मनोज सैनी, हरिराम सोनी आदि ने मैच में सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।
आज के मैच में जौनपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आशीष के 29, विकास के 21, निखिल के 17 और अंकित के 12 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर 128 रन बनाए। 129 रनों के लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी बांदा की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 110 रन ही बना सकी। इस प्रकार जौनपुर की टीम ने 19 रनों से यह मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बांदा की ओर से प्रभात सिंह 29 रन एवं प्रखर शुक्ला 15 रन ही कुछ संघर्ष कर सके। जौनपुर के अंकित एवं विवेक ने तीन-तीन जबकि अंशु और निखिल ने एक-एक विकेट प्राप्त किए। जौनपुर के अंकित को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया। कल पूल ए का पहला सेमीफाइनल मैच उत्तर प्रदेश की जौनपुर एवं उत्तर प्रदेश की भदोही के बीच खेला जाएगा। आज के मैच के अंपायर शिवकांत त्रिवेदी एवं कमल सिंह पटेल, कमेंटेटर सर्वेश निगम एवं स्कोर शशि भूषण सिंह रहे। इस मौके पर सुनील द्विवेदी, राधेश्याम वाघमारे, रमाकांत कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# मोटर साइकिल व मोबाइल फोन चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में राजापुर प्रभारी निरीक्षक व स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में 3 चोरों को चोरी की एक मोटरसाइकिल, 13 मोबाइल फोन व अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।
उल्लेखनीय है कि बीते रविवार को राहुल कुमार पुत्र शत्रुघन प्रसाद निवासी अर्की ने अपना मोबाइल फोन अज्ञात चोर द्वारा कर लिए जाने के सम्बन्ध में थाना राजापुर में तहरीर दी। जिस पर थाना राजापुर में अज्ञात चोर के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रभारी निरीक्षक राजापुर व प्रभारी एसओजी को निर्देश दिए। इसी क्रम में थाना राजापुर पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में मोटरसाइकिल व उस पर सवार 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने अपना नाम निर्भय सिंह उर्फ मोण्टी पुत्र बालकरन सिंह निवासी घरवासीपुर थाना खखरेरु, संगन लाल निषाद पुत्र गंगाप्रसाद निवासी शिवपुरी थाना खखरेरु व जीत उर्फ रोहित सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी चकिया थाना खखरेरु जिला फतेहपुर बताया। जिनकी जमातलाशी में निर्भय सिंह के कब्जे से 5 मोबाइल व कारतूस, संगम लाल के कब्जे से 4 मोबाइल, एक तमंचा व कारतूस, जीत सिंह के कब्जे से 4 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पूंछतांछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग बरामद मोबाइल अलग-अलग जगहों से चोरी किए है। आरोरियों के कब्जे से मोबाइल बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बढोत्तरी की गयी है।
आरोपियों ने बरामद मोटरसाइकिल के बारे में बताया कि वह तीनों इसी मोटरसाइकिल से घूम-घूम कर चोरी करते हैं। मोटरसाइकिल में चार पहिया का नम्बर प्लेट लगाए रहते हैं। आरोपियों के पास से मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा बरामदगी के आधार पर तीनों के विरूद्ध सीआरपीसी व आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान राजापुर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ यादव, उप निरीक्षक इमरान खान, आरक्षी लवकुश, अजय मिश्रा व स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी प्रदीप द्विवेदी, आरक्षी रोहित सिंह, रोशन सिंह, ज्ञानेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।



# ग्राम सभा की जमीनों पर नहीं होना चाहिए किसी भी तरह का अवैध कब्जा : एडीएम

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सोमवार को कर-करेत्तर राजस्व वसूली एवं चकबंदी कार्यों तथा सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।
अपर जिलाधिकारी ने स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, राजस्व वसूली, नगर निकाय, कृषि, लोक निर्माण विभाग, वाणिज्य कर, मंडी, बांट माप, विद्युत आदि विभिन्न विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसी के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि विद्युत की आरसी वसूली शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराएं। साथ ही बैंक, खनन व अन्य विभागों की वसूली को भी बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि तहसीलदार वसूली पर विशेष ध्यान दें। उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों से कहा कि राजस्व वादों में दायरे के अनुसार निस्तारण सुनिश्चित कराएं। साथ ही जितने तालाब, पोखर व सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा है, उनको तत्काल खाली कराएं। उन्होंने कहा कि अविवादित वरासत का भी अभियान चलाकर चिन्हित करके निस्तारण कराएं, अगर कोई समस्या हो तो नायब तहसीलदार, तहसीलदार उप जिलाधिकारी को सूचना दें। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की जमीनों पर किसी भी तरह का कब्जा नहीं होना चाहिए। इस पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। धारा- 67 के जो मामले हैं, उसका उप जिलाधिकारी अपनी देखरेख में भी निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि खनिज अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारियों व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के साथ जांच करके अवैध खनन व ओवर लोडिंग के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने चकबंदी के कार्यों की समीक्षा करते हुए बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिए की जो भी चकबंदी प्रक्रिया जिन गांवों में कराई जा रही है, उसे शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध तरीके से कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।
उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सीएम डैशबोर्ड में गत माह में जनपद की जो रैंकिंग थी, उससे कम नहीं होना चाहिए। साथ ही जिन विभागों की रैंकिंग जिन बिन्दुओं पर कम रही है, वह सभी सम्बन्धित अधिकारी सभी बिंदुओं पर कार्य करें ताकि जनपद की रैंकिंग कम न हो।
इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, मानिकपुर राम जन्म यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, अपर उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा, सतीश चन्द्र, मो जसीम, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मान, डीसी वाणिज्य कर आर के सोनी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, राजापुर बी एन कुशवाहा, मऊ बी एन मिश्रा, सहायक अभियंता सिंचाई गुरु प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# नेत्र शिविर में वाहन चालकों, परिचालकों का किया गया नेत्र परीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन प्रवर्तन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत परिवहन विभाग चित्रकूट के प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन गुलाब चंद्र संभागीय निरीक्षक प्राविधिक एवं डॉ संतोष कुमार तिवारी यात्री कर, माल कर अधिकारी द्वारा जनपद में राजकीय चिकित्सालयों एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हेल्थ कैंप का आयोजन कर परिवहन निगम के चालकों, परिचालकों एवं व्यवसायिक वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा समस्त व्यावसायिक वाहनों, ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, बैक लाइट, फॉग लाइट के मानक अनुरूप लगे होने एवं क्रियाशीलता के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। साथ ही आम जनमानस को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# शौचालयों की साफ-सफाई व रखराखव पर खर्च होंगे 1.40 करोड़

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया दोआबा के 292 परिषदीय स्कूलों में निर्मित शौचालयों की सफाई व रखरखाव में 1.40 करोड़ रुपये खर्च करेगा। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तर दायित्व नीति के तहत् पावर ग्रिड के प्रबंधक व बीएएस ने दो साल के करार पर हस्ताक्षर किया। वर्ष 2015 में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने जिले के 302 परिषदीय स्कूलों में शौचालयों का निर्माण कराया था। रखरखाव और सफाई के अभाव में 292 शौचालय प्रयोग में नहीं थे। कारपोरेशन के प्रबंधक अरविंद कुमार पाटिल ने बताया कि प्रति शौचालय सफाई व रखरखाव में हर माह दो हजार रुपये खर्च होंगे। दो साल सफाई को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग से करार हुआ है।

**गजट प्रकाशन**
**सम्मन विनावर इनफिसाल मुकदमा**
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक) मानिकपुर, चित्रकूट**
नम्बर मुकदमा:
**T201707195403985**
मौजा : बंभिया
धारा-229 वी0ज0वि0अधि0
**जुगुल किशोर आदि**
1-जुगुल किशोर पुत्र श्यामसुन्दर, 2- खूटी उ. रामहृदय पुत्र श्याम सुन्दर, 3. सिधौली उ. सिद्धगोपाल पुत्र श्यामसुन्दर निवासीगण- ग्राम इखा डुडैला, तह0-मानिकपुर जनपद चित्रकूट
बनाम
**रामभवन आदि**
1-सन्तोष कुमार, 2- उमेश कुमार, 3- देवीप्रसाद पुत्रगण राम भवन, 4. वेदमती पत्नी रामभवन, 5. चन्द्रभवन पुत्र गरीबदास समस्त निवासीगण - ग्राम इखा डुडैला, तह0-मानिकपुर जनपद चित्रकूट, 6. ग्राम सभा इखा डुडैला जरिये ग्राम प्रधान इखा डुडैला, 7. उ0प्र0 सरकार जरिये कलेक्टर साहब चित्रकूट।
साकिन हरगाह ने आपके नाम एक नालिस वावत धारा-229 वी0ज0 वि0 अधि0 के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आ0 ता0 29 माह 12 सन् 2023 ई0 बवक्त....... बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के अदालत से करार बाकई बाकिफ किया गया हो और जो कुल उमर अइन मुतालिक मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई सख्श हो जवाब ऐसे सवालात को दे हाजिर हो और जवाब देहीदात काकर और दरगाह वही तारीख जो आपके इजराय के लिए मुकर्रर है वास्ते इनमिसाल कतई मुकदमा की तहजीब हुई है आप को लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिसका आप अपनी जवाब देही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तला दी जाती है कि अनरववाज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैर हाजिर मजकूर और फैसला होगा।
बरख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख 18 माह 12 सन् 2023 ई0 को जारी किया गया।
- आज्ञा से
न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक) मानिकपुर, चित्रकूट।

# आलाधिकारियों की नाक के नीचे सड़क निर्माण में धांधली, जिम्मेदार मौन

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

नहर कालोनी के अंदर बन रही डामर रोड में मानकों को दर किनार कर पुरानी ईंटों पर डामर डालकर सड़क बनाने की खानापूर्ति किया जा रहा है। सड़क निर्माण में की जा रही धांधली पर समाजसेवियों ने मुखर होकर आवाज उठाना शुरू कर दिया है। 21 लाख रुपये से नहर कालोनी प्रांगण के भीतरी सड़क बनाने का कार्य किया जा रहा है नहर विभाग के विभिन्न खण्डों के कार्यालय के अलावा अफसरों व कर्मियो के आवास भी परिसर में बने हुए है इसके अलावा धरना प्रदर्शन के लिये जनपद के एकमात्र अधिकृत जगह भी यही है। नहर कालोनी परिसर मे ही राजनैतिक दलों व समाजसेवियों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाता रहा है। लंबे समय से परिसर की सड़क खराब अवस्था मे थी बरसात से जलभराव की समस्या से कार्यालय के अफसरों व कर्मियों को जूझना पड़ता था। इसके अलावा परिसर में रहने वाले कर्मियों को भी बारिश के समय अधिक समस्याओ से दो चार होना पड़ता था। लगातार मांग के बाद शासन से 21 लाख रुपये से बनाने की अनुमति मिलने के बाद निमार्ण कार्य शुरू होते ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। अधिकारियों व ठेकेदारों की जुगलबंदी से घटिया सामग्री के साथ मानक विहीन हो रहे सड़क निर्माण से कर्मचारियों के बीच नाराजगी भी व्याप्त है। अधिकारी व ठेकेदार मनमानी तरीके से सड़क का निर्माण करा कर लाखों के राजस्व को चूना लगाकर अपनी जेब भर रहे। सड़क निर्माण में मानक को दरकिनार कर पुरानी ईटों पर डामरीकरण किया जा रहा है।



# आदर्श ग्राम पंचायत निवासी पेयजल समस्या से रहे हैं जूझ, नही हो पा रही जलापूर्ति

जन एक्सप्रेस | खागा, फतेहपुर

विजयीपुर विकास खंड के आदर्श गांव रामपुर के ग्राम पंचायत में जलापूर्ति की किल्लत से जूझ रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदार शिकायत की अनदेखी करते हैं। जिससे समस्या का समाधान नहीं हो सका।
पानी टंकी दूर बने होने की वजह से समूचे ग्राम पंचायतों के मजरो में पूरी तरह पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिससे पेयजल समस्या बनी है। गौरतलब है की वरुण अग्निहोत्री, ललित पांडेय, अनिल गुप्ता, अवधेश दत्त, रवि अग्निहोत्री, हौसला पाल, जय सिंह ने ग्राम पंचायत में मिनी ट्यूबवेल लगवाने की मांग किया है। ग्राम पंचायत के मजरे वलीपुर रमसगरा गांव में वर्ष 2019-20 में पानी की टंकी का निर्माण और पाइप लाइन बिछाने का काम हुआ था। रामपुर, मददअलीपुर वलीपुर तथा तकियापर में संस्था ठेकेदार ने सड़कें तोड़कर भूमिगत पाइप लाइन डालने के साथ ही कई परिवार को जल कनेक्शन दिया गया।

# गोली से घायल रिंकू का कराएं इलाज अभियुक्तों पर दर्ज की जाए रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस | बांदा

अतर्रा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डंडियनपुरवा हार में बीते 16 दिसंबर को हुई गोलीबारी की घटना के संदर्भ में कस्बा बदौसा निवासी सुनील कुमार उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके बहनोई का इलाज व एक्स-रे कराने के साथ अभियुक्तों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कस्बा बदौसा निवासी सुनील कुमार उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीते 16 दिसंबर को वह अपने बहनोई रिंकू त्रिपाठी निवासी अतर्रा के घर गया हुआ था। वहां बहन से पता चला कि रिंकू डंडियनपुरवा हार गए हुए हैं। तब वह खेत पहुंचा और बहनोई रिंकू के अकेले होने के कारण वह भी उसकी खेती बाड़ी व खेत खलिहान की देखरेख करता रहता हैं। सुनील उपाध्याय ने बताया कि जब 16 दिसंबर की शाम साढ़े पांच बजे जब वह अपने बहनोई रिंकू त्रिपाठी के पास खेत पहुंचा तो देखा रिंकू त्रिपाठी, विजय सिंह, भगवान सिंह, विष्णुदत्त चौरिहा वहां पर मौजूद थे जो चकरोड से ट्रैक्टर निकालने के लिए रास्ता समतल करा रहे थे कि बगल के खेत में भुजवनपुरवा/डंडियनपुरवा निवासी भरोसा, राजाभइया, बुद्धविलास, विपिन, छोटा वर्मा भी मौजूद थे।
इस दौरान बुद्धविलास और विपिन तमंचा व शेष लोग लाठी डंडा लिए थे। इसी दौरान रास्ते के लेकर विवाद शुरू हो गया। तब रिंकू त्रिपाठी ने चक रोड में नाजायज नाली बनाए जाने पर आपत्ति की तभी भरोसा और छोटा लड़ने पर अमादा हो गए। जब बहनोई रिंकू त्रिपाठी ने उन्हें मना किया तो बुद्धविलास और विपिन ने तमंचे से फायर कर दिया। इस फायर से रिंकू त्रिपाठी और राजाभइया घायल हो गए।
इस पर बुद्धविलास ने फिर फायर कर दिया, जिसमें उसके बहनोई किसी तरह से बच गए और गोली विपिन को लग गई।
सुनील उपाध्याय ने बताया कि वह, उसकी बहन सीता त्रिपाठी, रिंकू त्रिपाठी का इलाज कराते रहे और पुलिस द्वारा जब कोई सुनवाई नहीं की गई तो वह प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दे रहे हैं।

# फांसी लगाकर किशोरी ने की खुदकुशी

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** मां की डाट से नाराज किशोरी ने कमरे कें अंदर लकड़ी की बल्ली में दुपट्टा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शव देखते ही घरवालो में चीखपुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के करतल गांव के मजरा बिदुआ पुरवा निवासी रंजना (18) पुत्री रामदीन यादव ने रविवार की शाम कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंची छोटी बहन सोनू ने शव फंदे पर लटकता देखा तो चीख पड़ी शोर गुल सुनकर मोहल्ले पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर माता पिता भी खेत से घर आ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद शव को कब्जे में ले लिया।

# विद्यालयों में दुरूस्त रखें साफ-सफाई व्यवस्था, मीनू के अनुसार बच्चों को दिया जाये भोजन

जन एक्सप्रेस | बांदा

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने सोमवार को विकासखण्ड बडोखर खुर्द के प्राथमिक विद्यालय दुरेड़ी भाग-1 एवं भाग-2 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय दुरेड़ी भाग-1 में दो सहायक अध्यापक एवं दो शिक्षामित्र तैनात हैं, जिसमें से एक शिक्षामित्र के अनुपस्थित मिलने पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को विद्यालय के प्रत्येक कक्ष में तत्काल ट्यूबलाइट लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता की परख हेतु कक्षा-5 के बच्चों से हिन्दी की पुस्तक एवं 7 व 11 के पहाडे एवं हिन्दी भाषा के शब्दों के अर्थ के बारे में बच्चों से पूंछा, जिस पर बच्चों द्वारा सही उत्तर दिया गया। उन्होंने विद्यालय में मिड-डे-मील वितरण के अन्तर्गत मीनू के अनुसार कराये जाने तथा विद्यालय में पानी की समुचित व्यवस्था एवं साफ-सफाई दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि मिड-डे-मील गैस चूल्हे में ही सभी विद्यालयों में बनाया जाए। इसके उपरान्त उन्होंने दुरेडी प्राथमिक विद्यालय भाग-2 का निरीक्षण किया।



विद्यालय में 7 अध्यापक तैनात हैं, जिसमें निरीक्षण के दौरान एक शिक्षामित्र के अनुपस्थित पाये जाने पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पेयजल आपूर्ति हेतु समरसेबिल के द्वारा पानी न उठाने की समस्या को तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। विद्यालय में सभी बच्चों को पुस्तकों का वितरण किया जाना पाया गया। उन्होंने विद्यालय परिसर में ग्राम पंचायत के कार्य हेतु निर्माणाधीन सामग्री को दूसरे स्थान पर रखे जाने तथा विद्यालय में साफ-सफाई दूरूस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय के छात्रों से मिड-डे-मील एवं फल वितरण के सम्बन्ध जानकारी ली, जिस पर बताया गया कि फलों का वितरण किया जाता है।

# बंदरों के आतंक से निवासी परेशान, वन विभाग व प्रशासन बेखबर

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

शहर व नगर पंचायत क्षेत्र खागा में इन दिनों बंदरों के बढ़ते आतंक के करण लोग भयभीत है और मुख्य केन्द्र स्थानीय रेलवे स्टेशन व दूर संचार केन्द्र तहसील परिसर बना हुआ है। बंदर शहर के कई मोहल्ले सहित पूरा कस्बा को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। जिससें बंदरों के झुंड घरों की छत पर धूप सेंक रही महिलाओं व बच्चो को निशाना बनाकर हमला कर रहे हैं। साथ ही घरों से अक्सर मोबाइल समेत कीमती चीजे लेकर भाग रहे हैं। जिसे छीनने की कोशिश करने पर हमला कर उन्हें घायल कर देते हैं। लोगों की समस्याओं के बाद भी वन विभाग आँखे मूंदकर बैठा हुआ है।
शहर के शादीपुर, आबूनगर, पत्थरकटा चैराहा, मुराइनटोला, सिविल लाइन, हरिहरगंज, बाकरगंज समेत लगभग आधा दर्जन मोहल्लों में बंदरों का भीषण आतंक फैला हुआ है। इसी प्रकार खागा के सभी मोहल्लो मे सहित रेलवे स्टेशन भोजन की तलाश में घूमने वाले बंदरो के झुंड अचानक घरो व राहगीरो पर धावा बोल देते हैं और पल भर में घरो में खाने पीने की चीजों पर टूट पड़ते है। जमकर तांडव मचाने के बाद भी बन्दरो का आतंक थमता नहीं है। छतों में धूप सेंक रही महिलाओं व बच्चों पर भी हमला करने से नहीं चूकते तो कई बार फल व खाने की अन्य कोई वस्तु लेकर घर आ रहे पुरुषों बच्चों एवं महिलाओं पर टूट पड़ते हैं और न केवल वस्तुओं को छीनकर भाग जाते है बल्कि नाखूनों व दांतो से काटकर घायल भी कर देते है। वहीं लोगो की इस सम्याओं से अनजान बने वन विभाग के कर्मी केवल पेड़ों व लकड़ी की कटान को ही अपनी जिम्मेदारी समझ रहे है। जबकि इस तरह वन जीवो से लोगो को संरक्षण देना व धर-पकड़ करना वन विभाग की जिम्मेदारी है। इतना होने के बाद भी वन विभाग की चुप्पी लोगों को अखर रही है। वही सभासदों व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी लोगों की समस्याओं का समाधान न किये जाने को लेकर भी लोगो में आक्रोश देखने को मिल रहा है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि बंदरो के आतंक के कारण बच्चो एवं महिलाओ को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बंदर हमला कर वस्तुए तो छीन लेते है साथ ही अक्सर हमला कर घायल भी कर देते है। उनका कहना रहा कि वन विभाग बंदरों के विरुद्ध अभियान चलाकर इन्हें शहर से बाहर करे।



# कहासुनी के बाद मां ने फांसी लगा की खुदकुशी

जन एक्सप्रेस | बांदा

बेटे से कहासुनी होने के बाद मां ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोतवाली क्षेत्र के बेलबई गांव निवासी सुनैना उर्फ गिल्ली (45) पत्नी हीरालाल ने रविवार की दोपहर कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शाम को छोटे पुत्र लकी ने शव देखा तो चीख पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भतीजे सुरेश ने बताया कि सुनैना के चार पुत्र एक पुत्री है।
कामकाज को लेकर बड़े पुत्र करन से विवाद होता रहा था। करन सुनैना की बात नही सुनता था। इसी से वह परेशान रहती थी। दोपहर को भी काम काज को लेकर विवाद हो गया। घर के सभी लोग खेत चले गए। तभी सूना मौका देख उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।



janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | मंगलवार | 19 दिसंबर 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं, किन्तु बर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 22.8 (-1.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 5.7 (-3.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 94 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 32 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# के.डी.ए. सर्वेयर राकेश रावत को क्या दलित होने की मिली सजा?

* संवैधानिक शक्तियों को ताक पर रखकर जमकर पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने की थी मनमानी

**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**

**कमलेश फाइटर**

**कानपुर नगर।** शहर के कानपुर विकास प्राधिकरण में तैनात रहे पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह द्वारा जमकर की गई मनमानियां और जमकर जारी किए गए मनमाने फरमानों की फेहरिस्त बहुत लंबी है, लेकिन अब एक बड़ी गंभीर और हास्यास्पद बात सामने निकलकर आ रही है कि पूर्व उपाध्यक्ष सिंह साहब आए तो थे कानपुर का विकास करने क्योंकि जिस विभाग में आए थे वह विभाग सिर्फ और सिर्फ विकास के लिए ही जाना जाता है, परन्तु उन्होंने प्राधिकरण के अंदर ही अन्य विभाग भी तैयार कर लिए थे जैसे कि खुद की ई डी/इनकम टैक्स राजस्व विभाग,राजनीतिक विभाग आदि और इन विभागों के स्तर पर होने वाली जांच खुद अपने ही प्राधिकरण में तैनात अधिकारियों से सिंह साहब द्वारा कार्रवाई भी गई, लेकिन सिर्फ इसलिए की एक दलित कर्मचारी पर वह अपनी जोर आजमाइश कर सकें।

ज्ञातव्य हो कि बीती 16 दिसम्बर 2023 के अंक में जैन एक्सप्रेस ने अपने पेज नंबर तीन पर एक खबर का प्रकाशन किया था जिसका शीर्षक था के.डी.एः राकेश रावत के खिलाफ विजिलेंस जांच, अधिकारियों के लिए साबित हो रही छछूंदर जिसमें यह भी लिखा गया था कि पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह के द्वारा प्राधिकरण में सर्वेयर पद पर पूर्व में तैनात रहे राकेश कुमार रावत को निलंबित करते हुए शासन स्तर पर विजिलेंस से जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया था जिस अनुरोध को मानते हुए शासन स्तर पर राकेश रावत के खिलाफ विजिलेंस जांच के आदेश हो गए, लेकिन वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब विजिलेंस कानपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से साक्ष्य मांग रही है तो कोई भी अधिकारी साक्ष्य देने को तैयार नहीं है, और इसके साथ ही कोई भी अधिकारी विजिलेंस के दफ्तर में जाकर गवाही देने को तैयार नहीं है।



के.डी.एः राकेश रावत के खिलाफ विजिलेंस जांच, अधिकारियों के लिए साबित हो रही छछूंदर

* विजिलेंस जांच अधिकारियों की चहल कदमी से प्राधिकरण में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। शहर की दशा और दिशा बदलकर विकास करने का दावा करने वाले विभाग कानपुर विकास प्राधिकरण के कुछ अधिकारी पूर्व में तैनात रहे एक बड़का साहब के कारण एक भंवर जाल में फंस चुके हैं, पहले वाले बड़े अधिकारी जो बीज बोकर गए थे अब वह बीज कहीं ना कहीं वर्तमान में तैनात कुछ अधिकारियों के लिए छछूंदर साबित हो रहा है जो ना तो निगलते बन रहा और ना उगलते बन रहा है, और यह सब तब हो रहा है जब एक मामले की जांच को लेकर प्राधिकरण के अंदर विजिलेंस के जांच अधिकारियों की चलकदमी शुरू हुई है। आपको बताते चलें कि पूर्व में कानपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर

विजिलेंस मांग रही सबूत, जिम्मेदार अधिकारी काट रहे किनारा

शासन स्तर पर आदेश होने के बाद मामला जब विजिलेंस टीम के पास आया तो उसके जांच अधिकारियों ने कानपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से साक्ष्य और उनके बयान मांगने आरंभ कर दिए, लेकिन विजिलेंस के जांच अधिकारियों को प्राधिकरण के अधिकारी ना ही तो अपना बयान दर्ज कर रहे हैं और ना ही तो साक्ष्य दे रहे हैं, प्राधिकरण के ही विश्वसनीय सूत्रों की माने तो विजिलेंस के जांच अधिकारी बड़ा हताश हैं क्योंकि जो आरोप राकेश रावत पर लगे हैं जिनमें रावत के द्वारा अर्जित की गई आय से अधिक संपत्ति का ब्योरा, बैंकों की चेकों को कैश कराने, फर्जी रजिस्ट्री गिरोह को संरक्षण प्रदान करने, दि लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के प्रकरण, घाटमपुर में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता का प्रचार करने, समेत कई मामलों में कुछ भी विजिलेंस को उपलब्ध नहीं कर पा रहे हैं। शेष जारी...

फर्जी रजिस्ट्री गैंग के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले राकेश रावत के खिलाफ है विजिलेंस जॉच

विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर विकास प्राधिकरण में सर्वेयर के पद पर तैनात रहे राकेश रावत नाम के व्यक्ति के द्वारा केडीए में फर्जीवाड़ा करके रजिस्ट्री करने वाले गैंग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उच्च अधिकारियों के साथ-साथ शासन स्तर पर शिकायतें की गई थी इस मामले में अगर बड़े स्तर पर जांच होती तो कई लोग बेनकाब हो जाते, सूत्रों का दावा है कि पूर्व में उपाध्यक्ष के पद पर तैनात रहे अरविंद कुमार सिंह ने फर्जी रजिस्ट्री करने वाले गैंग और अन्य किसी मामले में जांच ना करते हुए फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले राकेश रावत नाम के सर्वेयर को ही निलंबित कर दिया था, पूर्व उपाध्यक्ष का राकेश रावत को निलंबित करने से भी जब मन नहीं भरा तो उनके द्वारा शासन स्तर पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए विजिलेंस जांच की मांग की गई थी और इस मांग पर शासन ने संज्ञान लिया और राकेश रावत के खिलाफ विजिलेंस की जांच शुरू हो गई।

## प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने यूपी में चुनाव ही नहीं लड़ा, राकेश रावत फिर भी दोषी

आप सोचने पर मजबूर हो गए होंगे कि राकेश रावत का प्रगतिशील समाजवादी पार्टी से क्या वास्ता, तो हम आपको बताते हैं कि राकेश रावत पर एक आप यह भी लगा था कि वह सरकारी कर्मचारी होते हुए प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी का प्रचार कर रहे हैं और जनता को प्रलोभन दे रहे हैं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस जांच के लिए पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने अपर सचिव गुणाकेश शर्मा को जांच अधिकारी नामित किया था, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने कोई चुनाव भी नहीं लड़ा और उसने अपना विलय कर लिया था वह समाप्त हो गई थी फिर भी गुडाकेश के शर्मा ने अपनी जांच रिपोर्ट में राकेश रावत को प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का सपोर्टर मानते हुए दोषी पा लिया था।

## निजी कास्तकार जमीन मामले में खुद कराई जांच

तीसरा आरोप राकेश रावत पर यह लगा था कि उसके द्वारा एक निजी कास्तकार की जमीन को एक कथित व्यक्ति को खड़े करके फर्जी बैनामा करा दिया गया, कानूनी जानकार बताते हैं कि इस मामले में जांच करने का अधिकार सिर्फ जिलाधिकारी को है और वह भी अपनी राजस्व की टीम से जांच करा सकते हैं, यहां भी पूर्व उपाध्यक्ष ने अपनी मनमानी करते हुए इस जांच में जांच अधिकारी विशेष कार्य अधिकारी सत शुक्ला को नामित किया, जबकि अब यह निकाल करके आ रहा है कि जिस व्यक्ति की जमीन पर फर्जीवाड़ा करके रजिस्ट्री फर्जी व्यक्ति से कराने की बात आ रही है वह भी उसी का करीबी रिश्तेदार है जिसने यह आरोप लगाया है।

## पूर्व उपाध्यक्ष की मनमानियां अब बन गई हैं गले की फांस

पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह के द्वारा की गई राकेश रावत के मामले में मनमानियां अब वर्तमान के अधिकारियों के लिए गले की फांस बन चुकी हैं, अब इन्हीं मामलों में विजिलेंस की जांच टीम साक्ष्य और बयान मांग रही है तो कोई ना कोई बहाना बनाकर प्राधिकरण के अधिकारी अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं, कानूनी जानकारों की माने तो विजिलेंस की जांच जब संपूर्ण होगी और शासन को प्रेषित होगी तो मनमाने तरीके से निलंबित किए गए राकेश रावत के पाले में आ सकती है क्योंकि इस कार्रवाई में संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए संविधान का भी मजाक बनाया गया है, लेकिन अभी विजिलेंस की जांच किस करवट बैठेगी यह भविष्य के गर्भ में छुपा हुआ है। *शेष जारी...*

### आय से अधिक संपत्ति के मामले में विधि अधिकारी से करवाई संस्तुति

जब भारत के संविधान की संरचना की गई थी तो उसे समय हर प्रकार के कामों के लिए अलग-अलग विभागों का सृजन भी किया गया था, जैसा कि सभी जानते हैं की आय से अधिक संपत्तियों की जांच शासन स्तर पर निर्देश मिलने के बाद एनफोर्समेंट डिपार्मेंट (ई.डी.)अथवा इनकम टैक्स डिपार्टमेंट करता है, लेकिन पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने खुद शासन बनकर अपने विभाग के विधि अधिकारी शशि भूषण राय को राकेश रावत की आय से अधिक संपत्तियों की जांच करने के लिए नामित किया श्री राय ने राकेश रावत के द्वारा खरीदी गई स्कॉर्पियो जो उनके द्वारा किस्तों पर ली गई थी उसकी सूचना न देने का आरोप लगाते हुए आय से अधिक संपत्तियों का दोषी मान लिया वहीं राकेश रावत का कहना है कि उन्होंने विभाग को इस मामले की सूचना दे रखी थी, इसके बाद रिपोर्ट उपाध्यक्ष को सौंप दी गई।

# किन्नर सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मन्नत मां ने शिवा आर्ट की दूसरी शाखा का किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



अखिल भारत हिन्दू महासभा की किन्नर प्रकोष्ठ हिन्दू किन्नर सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगलामुखी मन्नत मां किन्नर का सामाजिक आंदोलन और अभियान निरंतर जारी है, उनकी प्रतिष्ठा लगातार बढ़ रही है और उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों में आमंत्रित कर उनका सम्मान किया जा रहा है। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने जारी बयान मे यह जानकारी दी, उन्होंने बताया कि हिन्दू किन्नर सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मन्नत मां किन्नर ने शिवा आर्ट की द्वितीय शाखा का उद्घाटन फीता काटकर किया। शिवा आर्ट एक प्रिंटिंग प्रेस है, जिसकी द्वितीय शाखा गायत्री मंदिर पनकी रोड कल्याणपुर में आरंभ की गई है, शिवा आर्ट के प्रबंधक कुलदीप शर्मा ने उद्घाटन के लिए किसी विधायक अथवा सांसद के स्थान पर हिन्दू किन्नर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगलामुखी मन्नत मां को प्राथमिकता दी। कुलदीप शर्मा ने मंगलामुखी मन्नत मां किन्नर को अर्धनारीश्वर का चित्र भेंट कर उन्हे सम्मानित किया। फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद मंगलामुखी मन्नत मां किन्नर ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को मिलजुल कर प्रेम से रहना चाहिए और सामाजिक उत्थान तथा राष्ट्र उत्थान में सामूहिक सहयोग की भावना उत्पन्न करनी चाहिए। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह चंदेल ने बताया कि हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में हिन्दू किन्नर सभा निरंतर सार्थक प्रयास करते हुए एकजुटता का संदेश दे रही है।

# कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे: विजय कपूर

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



दादा नगर नहर कोठी स्थित श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि विजय कपूर ने पूजन अर्चन करके किया,आयोजकों द्वारा माला पहना कर उनका अभिनंदन किया गया, आयोजक और क्षेत्रीय जनता ने इस अवसर पर उन्हें अपने बीच पाकर हर्ष व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि विजय कपूर ने छोटे-छोटे बच्चों से उनकी शिक्षा और स्कूल जाने के सम्बन्ध में बातचीत की। उन्होने श्रमिकों, दैनिक कामगारों और बच्चों को बताया कि दादा नगर इन्डस्ट्रियल एरिया में संचालित 'कोपेस्टेट शिक्षा सदन जू.हा. स्कूल' में निशुल्क शिक्षा के साथ साथ कॉपी-किताबें-स्टेशनरी, यूनिफार्म, जूते-मोजे, स्वेटर और मिड-डे-मील भी उपलब्ध कराया जा रहा है, इस स्कूल में कोई शिक्षण शुल्क नही पड़ता है। वे लोग अपने बच्चों को इस स्कूल में अवश्य भेजें, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे और पढ़-लिखकर अपने माता-पिता, अपने शहर और अपने प्रदेश का नाम रोशन करें।

# विधायक मैथानी ने रक्षा मंत्री से मुलाकात कर मांगी एनओसी



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

भारतीय जनता पार्टी के गोविंद नगर विधानसभा विधायक सुरेंद्र मैथानी के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी गई है कि विधायक ने दिल्ली जाकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके कैम्प कार्यालय में जाकर भेंट कर, कानपुर में जामयुक्त क्षेत्र के लिए एक नये मार्ग का निर्माण जनहित में कराये जाने के लिए रक्षा मंत्रालय की एनओसी दिये जाने के सम्बन्ध में, माँग पत्र दिया है। इस दौरान श्री मैथानी ने रक्षा मंत्री से कहा कि उनकी गोविन्द नगर विधानसभा क्षेत्र कानपुर अन्तर्गत डब्ल पुलिया से लेकर अर्मापुर तक, पूर्व में नहर,वर्तमान में पाइप द्वारा पानी बेनाझाबर में जाता है जो रक्षा क्षेत्र अधिकृत, बाहरी भाग से वर्षों पुरानी नहर के रूप में जाती थी अब वर्षों से बन्द पड़ी है और लगभग 10,12 वर्ष से अब पाइप लाइन से ही,पानी की सप्लाई पेयजल के लिए की जा रही है और शेष नहर पर,दोनों तरफ लोगों ने कूड़ा डालकर, नहर को बन्द कर दिया है और उस पर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। सारी नहर बदबू के ढेर में तब्दील हो गयी है। जिससे वायु प्रदूषण का भी भीषण खतरा,एवं भूगर्भ जल भी जहरीला और प्रदूषण युक्त होता जा रहा है,जिससे रक्षा क्षेत्र के आस-पास के निवासियों को तथा रक्षा प्रतिष्ठानों में कार्यरत लोगों के जीवन में बुरा प्रभाव डाल रहा है। जिसके दृष्टिगत अर्मापुर के बाहरी क्षेत्र में, उक्त खाली पड़ी नहर की जमीन पर, उससे पहले की सड़क(लोहरन भट्ठा से डबल पुलिया तक बनवा दी है)अब उसको विस्तार देते हुये, उस पर आगे अर्मापुर तक भी सड़क बनाने से जन जीवन व्यवस्थित हो जायेगा और लाखों लोग नये मार्ग को पाकर लाभान्वित होगे।

# कूड़े के ढेर में पड़ा मिला नवजात का शव

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

बीते दिन सोमवार को चकेरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत श्याम नगर क्षेत्र स्थित एक नवजात बच्चे का शव कूड़े मे मिलने हड़कंप मच गया, नवजात के शव को जानवरों ने नोच नोच कर लहूलुहान कर दिया था, जिसके बाद क्षेत्रीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। इस मामले में कानपुर पुलिस द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि मीडिया अपडेट-थाना चकेरी 17 दिसम्बर को समय करीब 10 बजे पीआरबी 419 को एक सूचना प्राप्त हुई के एक नवजात हाल का जन्म हुआ शिशु(लड़का) मृत अवस्था में कूड़े के ढेर में पीएलडी स्कूल रामपुरम देहली सुजानपुर थाना चकेरी क्षेत्र में पड़ा हुआ है इस सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचायत नामा की कार्रवाई नियमनुसार की है। तथा आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।

# सोना लेकर चंपत हुए संपत का एक साथी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



शहर के सर्राफा कारोबारियों का वर्षों पुराना विश्वास तोड़कर करोड़ों रुपये का सोना लेकर फरार कारीगरों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी टीम का गठन किया गया था। इसके साथ ही डीसीपी क्राइम सलमान ताज पाटिल की अगुवाई में एक टीम महाराष्ट्र पहुंची और एक सप्ताह से छानबीन कर एक कारीगर को गिरफ्तार कर लिया डीसीपी सेन्ट्रल प्रमोद कुमार ने दावा किया है कि जल्द ही अन्य आरोपियों को धर दबोचा जाएगा।

ज्ञातव्य हो कि बेकनगंज सर्राफा बाजार में पुराने सोने के आभूषणों को गलाने के लिए यहां के तमाम करोबारी पिछले 25 से 30 सालों से महाराष्ट्र के सांगली जनपद के नागराले के रहने वाले संपत राव लवेटे नाम के कारीगर को अपना सोना देते थे, संपत और उसका साथी महेश विलास मस्के व सूरज 13 दिन पहले कारोबारियों का करोड़ों का सोना लेकर लापता हो गए थे। इसके बाद बजरिया थाने में संपत, महेश व उसके साथी सूरज के खिलाफ उच्च अधिकारियों के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया था, मामले की निगरानी कर रहे ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर अपराध व मुख्यालय नीलाब्जा चौधरी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन कर महाराष्ट्र को रवाना किया था। पुलिस को वहां की भाषाई दिक्कत हो रही थी। जिस पर डीसीपी क्राइम सलमान ताज पाटिल को गुरुवार को महाराष्ट्र भेजा गया था। इसके बाद एसआईटी ने स्थानीय पुलिस के साथ छापेमारी की और महेश विलास मस्के को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से सोना, चांदी बरामद हुआ है, लेकिन अभी अधिकांश सोना, चांदी अन्य दो आरोपियों के पास है। डीसीपी सेन्ट्रल प्रमोद कुमार ने सोमवार को बताया कि जल्द ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, फिलहाल महेश का ट्रांजिट रिमाण्ड लेकर पूछताछ की जा रही है।

# 25 दिसंबर को सिद्धनाथ धाम मे गंगा महोत्सव का होगा आयोजन



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

मां गंगा सेवा समिति व अखिल भारतीय मठ मंदिर समन्वय समिति के संयुक्त तत्वावधान में 25 दिसंबर को सिद्धनाथ धाम जाजमऊ मे गंगा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जायेगा। जिसमें मां गंगा अभिषेक, चुनरी अर्पण, आरती, भोग एवं भंडारे का अयोजन होगा। यह जानकारी रावतपुर ऑफिसर्स कॉलोनी में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि सिद्धनाथ धाम के महंत बालयोगी अरूण चैतन्य पुरी महाराज ने दी। इस अवसर पर रोहित तिवारी, रजनीश श्रीवास्तव, विष्णुकांत मिश्रा, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, रामबहादुर पाण्डेय, अंकुर श्रीवास्तव, अनूप शुक्ल, राधेश्याम दुबे, शोभित अग्रवाल, बलविंदर सिंह, कमलेश यादव, मोहित मिश्रा, राकेश कुमार, सुशील मिश्रा, अवधेश पटेल, अशोक त्रिवेदी, आकाश तिवारी, कृष्ण देव पाण्डेय, छोटेलाल आदि मौजूद रहे।

# थाने में खड़ी सीज गाड़ी की स्टेपनी चोरी से निकलने का वीडियो हुआ वायरल

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

बचपन में अक्सर बच्चे चोर पुलिस का खेल खेलते हैं, जिसमे पुलिस का किरदार और चोर का किरदार निभाने में झगड़े भी होते थे लेकिन आज हम आपको हकीकत में चोर और पुलिस का खेल दिखाते और बता रहे हैं जिसमे एक पुलिस का सिपाही चोर की भूमिका निभा चुका है,पुलिस अधिकारी पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश देकर विधिक कार्यवाही की बात कह रहे हैं। मामला कानपुर के थाना ग्वालटोली में खड़ी एक इंडिगो कार का जिसको पुलिस द्वारा सीज कर थाने के बाहर खड़ी कर दिया गया था, कार की हालत ठीक होने के कारण थाने में तैनात सिपाही अनुज ने देर रात को चुप चाप आकार कार की एस्टपनी चोरी कर एक कार में लाद कर थाने से बाहर कर दिया,पूरा मामला क्षेत्र में लगे एक सीसीटीवी में रिकॉर्ड होकर सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और आलाधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं और कहा की अगर सिपाही दोषी दोषी होगा तो दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# कानपुर की बेटी गीता टंडन कपूर ने एशिया कप में जीता पदक

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



कानपुर नगर की गीता टण्डन कपूर ने 14वीं एशियन वेटरन टेबल टेनिस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने का श्रेय कानपुर समेत प्रत्येक देशवासियों को दिया उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि मैंने पदक जीता और सभी की आशाओं पर खरी उतरी। अगली बार मैं गोल्ड मेडल लाने की कोशिश करूँगी। देश की ओर से खेलना और देश के लिए मेडल जीतना मेरे लिए गर्व की बात है। कानपुरवासियों से मिलने वाला प्यार हमेशा मेरा हौसला बढ़ाता है जहां भी वह जाती है उनको बहुत प्यार और सम्मान मिलता है। पर सबसे अधिक प्यार और सम्मान कानपुरवासियों से मिलता है उन्होंने कहा कि कानपुर की बेटी होने पर उनको गर्व है कहा कि भविष्य में भी कानपुर और देश का मान बढ़ाने का पूरा प्रयास करती रहेंगी उन्होंने प्रथम पंडित नारायण दत्त तिवारी स्मृति सम्मान दिए जाने पर डॉ.दीपिका गुड़िया आत्रेय समेत गुड़िया परिवार का आभार जताया उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि जीवन के उतार-चढ़ाव से विचलित न हों। अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखते हुए पूरी शिद्दत से प्रयास जारी रखेंगे सफलता जरूर मिलेगी कानपुर की बेटी एवं अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी गीता टण्डन कपूर ने 14 वीं एशियन(पेसिफिक) वेटरन टेबल टेनिस प्रतियोगिता में परचम लहराते हुए कांस्य पदक हसिल कर क्षेत्र समेत पूरे देश का नाम रोशन कर क्षेत्रवासियों को नए साल का तोहफा दिया। कल देर सांय विदेश से आई इस उपलब्धि की सूचना से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी क्षेत्र के तमाम गणमान्य व्यक्तियों ने खुशी जाहिर कर एवं बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## 25वां दीक्षांत समारोह 28 दिसम्बर को होगा आयोजित

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 25वां दीक्षांत समारोह 19 दिसम्बर 2023 के स्थान पर अब 28 दिसम्बर 2023 को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.पी.के.उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस समारोह में स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के मेधावियों को मेडल प्रदान किए जाएंगे तथा वर्ष 2022-23 के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उपाधियां दी जाएंगी।

## भैंस हुई चोरी, तो पुलिस आयुक्त से लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** दूध का कारोबार करने वाले नानकारी निवासी प्रह्लाद ने पुलिस आयुक्त के कार्यालय में आकर बताया कि हल्कापुर निवासी एक परिवार ने विगत 23नवम्बर को उनकी लगभग 5लाख कीमत की चार भैसों को चुरा लिया है ओर अब सीनाजोरी कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, पीड़ीत के अनुसार उन्होंने स्वयं ही भैसों को ढूंढने के प्रयास किया तो उनको भैसें आरोपी परिवार के घर पर मिल भी गयीं थी लेकिन जब तक वो पुलिस को लेकर वहां पहुंचे तब तक लोडर में लाद कर भैसों को वहां से गायब कर दिया गया एक गवाह भी उनके पास है लेकिन फिर भी पुलिस उनकी कोई सुनवाई नही कर रही है।

## तीन दिवसीय पुस्तक मेले का कुलपति ने किया शुभारंभ




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** गणेश शंकर विद्यार्थी केन्द्रीय पुस्तकालय, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय द्वारा बहुउद्देशीय हाल में आयोजित 18 से 20 दिसंबर 2023 तक चलने वाले तीन दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारम्भ सोमवार को कुलपति प्रो. विनय पाठक ने किया । इस पुस्तक मेले में देश-विदेश के 40 प्रकाशकों द्वारा लगभग 9000 हजार पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर कुलपति ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शोधार्थियों से पुस्तक मेले में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने की बात कही। इस अवसर पर अवसर पर कुलपति प्रो.सुधीर अवस्थी, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव, उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. श्वेता पाण्डेय, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. रवि शुक्ला एवं विभिन्न विभागों के शिक्षक मौजूद रहे।

## रात और दिन का गिरेगा तापमान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** मौसम वैज्ञानिक ने सोमवार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों पर सक्रिय है जिससे बर्फबारी हो रही है, इससे हवाओं में तेजी आएगी इन हवाओं से रात के साथ ही दिन का भी तापमान गिरेगा और लोगों को सर्दी अच्छी खासी महसूस होगी।

## कुलीबाजार में अल्पसंख्यक गोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर मदरसा कौमी दानिश गाह कुली बाजार में एक अल्पसंख्यक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले धर्मगुरु उपस्थित रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने अल्पसंख्यकों हित की रक्षा व उनके उत्थान को लेकर चर्चा कि कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर क़ाज़ी कानपुर मौलाना मुफ्ती मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही और नेतृत्व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह ने किया। सिख समुदाय से सरदार राजेंद्र सिंह निटा ने कहा कि गुरुद्वारों में भी इस तरह की गोष्ठी कर अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जाएगी जिससे सभी को उनका हक मिले। अखिल भारतीय अल्पसंख्यक महासभा के महामंत्री महबूब आलम खान ने कहा कि हमारे मुल्क का लोकतंत्र और उसका संविधान हमें पूरी आजादी देता है कि अपनी स्थिति पर चिंता करें और उसे केंद्र सरकार और राज्य सरकार के सामने रखें जिससे अल्पसंख्यकों की शैक्षिक स्थिति सामाजिक स्थिति सामने आए और सरकार उस पर काम करें साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कानपुर शहर के कब्रिस्तानों पर लगातार कब्जे होते जा रहे है।

# तैयारी पूरी, आज से अग्निवीर बनने के लिए दौड़ लगाएंगे अयर्थी

* डा.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में अग्निवीर सेना भर्ती रैली
* मुख्य मार्गों से रैली स्थल तक पहुंचने के लिए लगाए गए संकेतांक बोर्ड

जन एक्सप्रेस | अमेठी






डॉ.भीमरावअंबेडकर स्टेडियम अमेठी में मंगलवार से उन्तीस दिसंबर तक अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है।यह भर्ती रैली जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र एवं सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के निदेशक कर्नल सुनील कुमार मोर के नेतृत्व में होगी। भर्ती रैली लेकर जिला प्रशासन व सेना के द्वारा समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन व प्रमुख मार्गो से रैली स्थल तक पहुंचाने के लिए संकेतांक बोर्ड लगाए गए हैं।जिससे अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।इसके साथ ही ठंड के दृष्टिगत अग्निवीर भर्ती में आए हुए अभ्यर्थियों के रुकने के लिए चार निशुल्क रैनबसेरे पंचायत घर जंगल रामनगर, प्राथमिक विद्यालय जंगल रामनगर, बारात घर आवास विकास कॉलोनी धम्मौर रोड,रैन बसेरा नगर पंचायत के बगल अमेठी में बनाए गए हैं।जिसमें अलाव गर्म पानी, बिस्तर सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेगीं। इसके साथ ही सेना द्वारा क्यूआर कोड जारी किया गया है। जिसमें अभ्यर्थियों को अपने साथ लाने वाले दस्तावेजों के साथ ही रैली स्थल तक पहुंचने के लिए गूगल लिंक भी दिया गया है। जिसे स्कैन कर अभ्यर्थी अग्निवीर भर्ती में अपने ट्रेड के अनुसार अपने साथ लाने वाले दस्तावेजों के साथ ही गूगल लिंक के माध्यम से भर्ती स्थल तक आसानी से पहुंच सकते हैं।

इसके अतिरिक्त रैली स्थल पर जिला प्रशासन की ओर से दो मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की गई है।पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।रैली अवधि के दौरान स्टेडियम परिसर में अभ्यर्थियों के अतिरिक्त किसी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतया॰ वर्जित रहेगा।रैली में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए जिला प्रशासन व सेना की ओर से समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं।

सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के निदेशक कर्नल एकके मोर ने बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती रैली को लेकर सेना की ओर से समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 19 से 29 दिसंबर तक आयोजित इस रैली में उत्तर प्रदेश के तेरह जिलों

अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशीनगर, महाराजगंज, प्रतापगढ़, प्रयागराज रायबरेली, संतकबीर नगर, सुल्तानपुर और सिद्धार्थ नगर के अभ्यर्थी भाग लेंगे। यह भर्ती रैली अग्निवीर जीडी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन ट्रेड के लिए आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सेना भर्ती रैली पूर्णतया निष्पक्ष और पारदर्शी है।अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है,कि वे सतर्क रहें और दलालों का शिकार ना बने या किसी अनुचित साधन का सहारा ना लें।

और अभ्यर्थी भर्ती रैली के दौरान अपने प्रवेश पत्र में उल्लिखित प्रासंगिक दस्तावेज साथ में अवश्य लेकर आए।

# ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिर्मठ की धर्मसभा गौरीगंज में आज

जन एक्सप्रेस | अमेठी



जगद्गुरु शंकराचार्यज्योर्तिमठ जोशीमठ उत्तराखंड स्वामी सरस्वती 1008 आज गौरीगंज में एक धर्मसभा को संबोधित करेंगे। आयोजक राकेश तिवारी ने बताया कि शंकराचार्य के स्वागत से लेकर उनकी विदाई तक के कार्यक्रमों को भव्य बनाने के लिए गौरीगंज तैयार है।सभा स्थल और आवास को दुल्हन की तरह से सजाया गया है। विभिन्न व्यवस्थाओं में दर्जनों स्वयंसेवक दिन रात एक किए हुए हैं। और आस पास के गांव के लोगों की सहायता ली जा रही है। उन्होंने बताया कि पूज्य शंकराचार्य का एक दिवसीय कार्यक्रम में उन्नीस दिसंबर दोपहर डेढ़ बजे तक आगमन होगा। और बीस दिसंबर को प्रातः प्रस्थान होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करना है। शंकराचार्य के आगमन से क्षेत्रवासियों में हर्ष और उल्लास है। सभी कार्यक्रम जामों रोड स्थित राकेश ट्रेडर्स पर ही विधिवत् संपन्न कराए जाएंगे।उनके आगमन के बाद पादुका पूजन होगा और उसके बाद सभी श्रद्धालु दिव्य पादुका का दर्शन कर सकेंगे। तत्पश्चात धर्मसभा होगी। जिसमें देश के कोने-कोने से आए हुए पूज्य संतों का दर्शन होगा। सभा में धर्म ज्ञान और उपदेश से भक्त जनों को तृप्त करेंगे और धर्म की गहन शिक्षाओं को साझा करते हुए उनके आध्यात्मिक और दार्शनिक पहलुओं पर चर्चा करेंगे। राकेश तिवारी ने कहा कि पूज्य शंकराचार्य भगवान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के आगमन से सनातन संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। मंगलवार को दोपहर 1.30 बजे सुल्तानपुर रोड पर स्थित गौरीगंज नगर पालिका परिषद् की सीमा से पूज्य शंकराचार्य भगवान की अगवानी और स्वागत सनातन धर्म के श्रद्धालुओं द्वारा होगा।वाहनों के काफिले के साथ उन्हें कार्यक्रम स्थल तक गाजे बाजे के साथ लाया जाएगा। श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो, उसके लिए वॉलिंटियर्स और पुलिस प्रशासन की मदद लेंगे। आयोजक ने बताया कि आयोजन को अति भव्य बनाने के लिए पूरा शेड्यूल तैयार कर लिया गया है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है। कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से को एक पत्र भी सौंपा गया है।

## जीआरपी पुलिस ने यात्रियों के गुम हुए मोबाइलों को किया बरामद, मोबाइल पाकर यात्री हुए खुश



जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर

जीआरपी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के निर्देश पर जीआरपी सुलतानपुर की टीम यात्रियों के गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी हेतु एक अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत जीआरपी सुल्तानपुर की टीम ने यात्रा के दौरान यात्रियों के खोये हुए मोबाइलों के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के नंबरों को सर्विलांस सेल की मदद से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपद एवं अन्य राज्यों से गुम हुए 08 अदद मोबाइल फोनों को बरामद किया। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 85000/-रुपये है, मोबाइल स्वामी को जीआरपी ने थाने पर बुलाकर उनसे आवश्यक प्रपत्र प्राप्त कर उनके खोए मोबाइल सुपुर्द किए गये। मोबाइल मिलने के बाद यात्रियों के चेहरों पर मुस्कान दिखी सभी ने जीआरपी पुलिस के कार्यों की सराहना की।

# गौशाला बदहाल, खेतों व सड़कों पर घूम रहे मवेशी

* टैंग लगे फील्ड कर रहे मवेशी, पंचायत के जिम्मेदारों की उदासीनता या केयर टेकर की जिम्मेदारी भुगत रहे अन्नदाता

जन एक्सप्रेस | राजेश पाल

**बाजार शुक्ल, अमेठी।** आवारा मवेशी खेतों से सड़कों तक मुसीबत बने हुए देखे जा रहे हैं। खेतों में घुसकर फसल चट कर जाते हैं।सड़कों पर बैठकर हादसों की वजह बनते देखे जा रहे हैं। कभी-कभी इस वजह से हादसों में लोग घायल हो जाते हैं। इसके बावजूद समस्या का हल नहीं निकल पा रहा है। पंचायत में बनी गौशालाओं में मवेशी कम सड़कों पर ज्यादा घूमते देखे जाते हैं।विकास खंड के ग्राम सभा इंदरिया मवैया रहमतगढ़ अहमदपुर आदि में शासन से अन्ना मवेशियों के लिए लाखों की लागत से गौशालाएं बनी हुई है। बावजूद कानों में टैग लिए घूमते मवेशी खेतों से सड़कों तक 8 से 10 की संख्या में झुंड बनाकर देखे जाते हैं। सरकार की या महत्वाकांक्षी योजना फलीभूत होती नहीं देखी जा रही है। गौशालाएं बदहाल अवस्था में देखी जा रही है। लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी समस्या जस की तस देखी जा रही है। मवेशी खेतों में घुसकर फसलें को नष्ट करते देखे जा रहे है। सड़कों और चौराहों पर इनके घूमने से हादसे हो रहे हैं। किसानों को चौबीस घंटे खेत पर रहकर फसल की रखवाली करनी पड़ रही है।



### क्या बोले अन्नदाता

स्थानीय अन्नदाताओं से बात साझा की गई अपना दुखड़ा सुनाते हुए बताया कि गोशालाएं होने के बाद भी सैकड़ों मवेशी खेतों में फसलें खराब कर रहे हैं। किसान मुश्किल से खाद,बीज, जुताई और बोआई के लिए पैसे का इंतजाम कर फसलें बोते हैं। अन्ना मवेशी फसलों को चर कर किसानों को तबाह कर देते हैं।

### बोले जिम्मेदार

उक्त संबंध में ग्राम विकास अधिकारी रवि यादव से उक्त संबंध में बात साझा की गई बताया कि गोशाला का निरीक्षण कर वास्तविकता की जांच की जाएगी।गौशाला से टैग मवेशी अगर सिवान व सड़कों पर घूमते नजर आते तो गंभीर विषय है गौशालाएं से संबंधित मवेशी पाए गए तो केयरटेकर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सीओ और थानाध्यक्ष पर पुलिसिया दबंगई दिखाने का इल्जाम, अधिवक्ताओं ने दिया एसपी को ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

चर्चित सीओ कादीपुर और करौंदीकला थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगा है। आरोप है कि अधिवक्ता की दीवार गिराने की धमकी देते हुए उन्हें थाने में जबरन घंटो बैठाया गया। जिसकी शिकायत आज बार एसोसिएशन ने एसपी सोमेन बर्मा से की है। एसपी ने जांच कराकर कार्रवाई की बात कही है।

मामला कादीपुर सर्किल क्षेत्र के करौंदीकला थाना अंतर्गत अमरेमऊ गांव से जुड़ा है। गांव निवासी अधिवक्ता फूलचंद तिवारी पुत्र ईश्वरदेव तिवारी ने बताया कि उन्होंने अपनी पुश्तैनी आबादी की जमीन पर बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रखा था। उनका आरोप है कि क्षेत्राधिकारी शिवम मिश्रा और थानाध्यक्ष अकरम खान ने उन्हें बाउंड्रीवाल गिराने की धमकी दिया। इसके बाद बीते 13 दिसंबर को जबरन हमें थाने पर बैठा लिया। इसी दिन सीओ की शह पर दबंग राजपति उपाध्याय, सुरेंद्र उपाध्याय उर्फ देवी, विवेक उपाध्याय, गौरव उर्फ गोलू आदि ने रात में दो घंटे के अंदर हमारी बाउंड्रीवाल ढहा दिया। परिवार द्वारा मना करने पर दर्जनों की संख्या में पहुंचे दबंगों ने गाली-गलौज किया। आरोप ये भी है कि गोलू उर्फ गौरव ने फूलचंद के भाई के ऊपर फायर झोका। गोली की आवाज सुनकर गांव वाले दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मेरे घर वालों को मारपीट में काफी चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि दबंग हत्या तक की वारदात को अंजाम दे सकते हैं। हमने थाने पर तहरीर दिया लेकिन दबंगों से हाथ मिलाई पुलिस ने मुकदमा तक दर्ज नहीं किया।

# आई.पी.एस. एवं सारे.गा.मा.पा की उपविजेता का हुआ सम्मान

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर



भू-चुम्बकत्व संस्थान मुंबई में रिसर्च स्कालर्स, वैज्ञानिकों को तथा आईआईएम पवई में (भारतीय व्यापार संस्थान) मोटिवेशनल व्याख्यान देने के लिए पधारे सुलतानपुर जनपद पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के पुलिस अधीक्षक बृजेश मिश्र तथा सा.रे.गा.मा.पा. की उपविजेता निष्ठा शर्मा को श्रीरामलीला उत्सव समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर आर. शुक्ल के द्वारा आयोजित अभिनंदन तथा सत्कार कार्यक्रम सागर पार्क, अमृतनगर घाटकोपर मुंबई में आयोजित किया गया था।

जिसमे जनपद सुलतानपुर (पीटीएस पुलिस अधीक्षक) बृजेश मिश्र (आई.पी.एस.) एवं सा.रे.गा.मा.पा. की उपविजेता निष्ठा शर्मा का समिति अध्यक्ष/वरिष्ठ समाज सेवी चंद्रशेखर आर. शुक्ल ने अंग वस्त्र, श्रीफल, पुष्पगुच्छ और संकल्प पत्रिका भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। वही आई.पी.एस. बृजेश मिश्र ने कहा कि मुंबई से लेकर गांव तक समाजसेवा में अपना नाम रोशन करने वाले चंद्रशेखर आर. शुक्ल उर्फ बेबी भइया की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है और श्री मिश्र ने अपनी लिखित किताब **सनातन धर्म** श्री शुक्ल को भेंट करते हुए कहा कि इतनी बड़ी तादात में आप लोगो को देखकर मैं चंद्रशेखर आर शुक्ल सहित आप सभी का आभारी हूँ।

साथ ही निष्ठा शर्मा सरगम क्वीन ने अपने सुमधुर गीत से सब का मन मोह लिया। आपको बताते चले कि निष्ठा शर्मा कई चैनलों पर विजेता के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुकी है। विख्यात सरगम क्वीन निष्ठा शर्मा को सुलतानपुर रत्न, दा. वाइस इंडिया किड्स विजेता जी.टी.वी एंड टी.वी., सा.रे.गा.मा.पा. 2023, उप विजेता जी.टी.वी., सुपरस्टार सिंगर फाईनलिस्ट सोनी टी.वी, जी. म्यूजिक कंपनी द्वारा रिलीज़ तीन ओरिजनल गीत, ब्रांड ऐम्बैसडर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हीमेश रेशमिया के लिए गाए तीन गीत, अन्नू मलिक के लिए गाया एक गीत, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और सांसद डिम्पल यादव द्वारा रानी लक्ष्मी बाई वीरता पुरस्कार से सम्मानित, प्रधानमंत्री मोदी के खेलो इंडिया कार्यक्रम की टाइटल प्लेबैक सिंगर, उनके सामने की प्रस्तुति, योनो एसबीआई कार्यक्रम की बेस्ट सिंगर पुरस्कार से सम्मानित, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उत्तरानिया कौथिग में सम्मानित, सुनील बंसल द्वारा उ.प्र. महोत्सव में सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर समिति कार्याध्यक्ष प्रभाकर शुक्ल उर्फ रिंकू भैया, पूर्व ब्लाक प्रमुख मंजू शुक्ला, पी.के. शुक्ल, रामबिलास पाठक, उमाकांत दुबे, सुलतानपुर जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार नित्यानंद शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश सिंह, राजेश सिंह, पत्रकार आदेश मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार सहित अन्य लोग मौजूद रहे और कार्यक्रम के समापन पर समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर आर शुक्ल ने आए हुए अतिथियों का तथा उपस्थित सभी गणमान्य लोगों के प्रति हृदय की गहराइयों से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया।

## शहीद दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने 7 जनवरी से 14 जनवरी 2023 तक चलने वाले शहीद दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक की। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष मुंशीगंज स्थित स्मारक स्थल पर मनाया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराए जाएं। साथ ही इस कार्यक्रम में बच्चों लो भी शामिल किया जाए। जिससे वे अपने शहीदी महापुरुषों के बारे में जान सके। कार्यक्रम में शहीद परिवारों को बुलाकर उन्हें सम्मानित भी किया जाए। जिलाधिकारी ने विकास प्राधिकरण को निर्देश दिया कि 7 जनवरी से पहले सारी तैयारियां पूरी कर ली जाए। स्मारक स्थल पर साफ सफाई के साथ प्रकाश की भी व्यवस्था रखी जाए। दीपदान करते समय इस बात का ध्यान रखा जाए की कोई भी दुर्घटना नदी के किनारे ना घटित हो इसके लिए पहले से वहां पर बैरिकेटिंग करा ली जाए। 7 जनवरी से पहले स्मारक स्थल पर सभी मरम्मत कार्य सही करा लिया जाए।

चिकित्सा विभाग को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्मारक स्थल पर इस दिन स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाए।

# ‘कोशिश : एक उम्मीद’ के तत्वाधान में हुआ 3 दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर




इटकौली में **कोशिशः एक उम्मीद** के तत्वाधान में तीन दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का बीती रात सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला गया।

टूर्नामेंट में कई जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी शबीह अहमद रिजवी बबलू पत्रकार ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेला जाना चाहिए। खेल से मन प्रफुल्लित होता है और व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है।

कोशिश एक उम्मीद संस्था के प्रबंधक ज़ुनूर अहमद ने बताया कि यह टूर्नामेंट पिछले कई वर्षों से आयोजित हो रहा है। इसका मक़सद है लोगो के आपस में भाईचारा बढ़ाया जाए। बच्चो में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है। उन्होंने बताया कि पहला सेमीफाइनल अजीत, यूसुफ चैरेबाजार की टीम और विपुल, इंद्रेश की टीम के बीच हुआ। जिसमें विपुल, इंद्रेश ने 2-0 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल अनूप, रयान और रजत, कुलदीप अयोध्या के बीच खेला गया। जिसमें रजत कुलदीप की टीम ने 2-1जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच विपुल, इंद्रेश और रजत, कुलदीप के बीच हुआ। जिसमें विपुल इंद्रेश ने अयोध्या को 2-0 से हराकर फाइनल अपने नाम किया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले के जाने-माने वरिष्ठ समाजसेवी शबीह अहमद रिजवी उर्फ बबलू व अपना दल एस के जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल मे मौजूद रहे। फाइनल टूर्नामेंट के पश्चात जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल एवं समाज सेवी बब्लू रिजवी द्वारा विजेता टीम को ?10 हजार तथा उपविजेता टीम को ?6 हजार का पुरस्कार देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर डॉ सादिक अली, शाकिब, हकीकउज जमा, डॉ. रिजवान, ओपी वर्मा, एसपी नेता इमरान, अहमद, सैय्यद एहसान मौजूद रहे।

## रायन स्मार्ट किड्स कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर, जीते मेडल

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

रायन इंटरनेशनल स्कूल में रायन स्मार्ट किड्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के लगभग 10 स्कूलों के 220 छात्र, छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उदघाटन प्रधानाचार्य श्रीमती सदफ खान ने किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक कला का विकास करना, खेलकूद में बच्चों को बढ़ावा देना तथा आर्ट एण्ड क्राफ्ट की फील्ड में बच्चों प्रतिभा को निखारना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ उनके सम्पूर्ण विकास के लिए इस क्रिएटिविटी को डेवलप करना बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम में छात्र, छात्राओं को आर्ट एवं क्राफ्ट की सिखलाई दी गई बच्चों ने पेंटिंग बनाई। इनके बाद बच्चों ने छोटे-छोटे खेलों में प्रतिभाग किया। जिसमें पीकिंग द बॉल, रस्सा-कसी, हुला डूप दौड़ तथा 100 मीटर दौड़ प्रमुख थे। बच्चों के साथ-साथ उनके साथ आए हुए अभिभावकों के बीच भी खेलकूद का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम डी-कैथलान स्पोर्ट्स मुम्बई एवं फाइबर कैसटल कम्पनी मुम्बई के सहयोग से किया गया। आयोजन में प्रतिभाग करने वाले प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं मेडल प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके बाद लकी ड्रा का आयोजन किया गया। लकी ड्रा में निकले हुए नामों को पुरस्कार एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम मुम्बई से आई रायन सेंट्रल ऑफिस टीम के दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

# ‘द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा’ के अंतर्गत जनमानस को यातायात के नियमों एवं सुरक्षा मानकों के प्रति किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस | रायबरेली









सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के चतुर्थ दिवस पर रायबरेली पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहर में सार्वजनिक स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक किया गया। यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को पंपलेट स्टीकर वितरित किए गए एवं सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग तथा बैनर लगवाए गए। निर्धारित गति से अधिक चलने वाले वाहनों की गति की चेकिंग स्पीड राडार के माध्यम से की गई निर्धारित गति से तेज चलते हुए पाए जाने वाले वाहनों पर प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। शीत ऋतु में कोहरे के कारण दृश्यता के अभाव में होने वाली सड़क घटनाओं की रोकथाम हेतु मालवाहक,वाहनों ट्रैक्टर ट्रालियों आदि में निःशुल्क रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए तथा राजमार्गों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारों से हटवाया गया साथ ही उनको ऐसा न करने की चेतावनी दी गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को माला पहनाकर तथा गुलाब का फूल देकर उनको यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। मोडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों की सघन चेकिंग की गई तथा वाहनों से मोडिफाइड साइलेंसर निकलवाए गए साथ ही उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई भी की गयी। अभियान के दौरान पूरे जनपद में कुल 523 चालान करते हुए 617500/-रुपये का जुर्माना योजित किया गया।

## कोरोना महामारी में सेवा देने वाले एम्स के 120 गार्डों पर नौकरी से निकाले जाने पर गहराया रोजी–रोटी का संकट

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

एम्स सुरक्षा गार्डों को नौकरी से हटाए जाने पर सैकड़ों गार्डों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार। मामला रायबरेली के मुंशीगंज स्थित एम्स का है। जहां पर 5 वर्ष से अधिक समय से काम कर रहे 120 महिला व पुरूष सुरक्षा गार्डों की सेवाएं बिना किसी नोटिस के समाप्त कर उनको नौकरी से निकाल दिया गया। जिससे सभी सुरक्षा गाड्र्स के सामने भूखे मरने की नौबत आ गई।

सोमवार को सभी सुरक्षा गार्ड्स ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एम्स प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि हम लोग 2018 से एम्स में सुरक्षाकर्मी के पर पर तैनात थे। हम लोगों ने कोरोना महामारी में भी अपने बच्चों तथा परिजनों की परवाह किए बगैर निरंतर ड्यूटी पर लगे रहे। लेकिन बिना किसी कारण बताओ नोटिस के हम लोगों को नौकरी से हटा दिया गया।

सभी महिला व पुरूष सुरक्षा गार्ड्स जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर माननीय प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा और न्याय की गुहार लगाई है और कहा है कि हमारी आजीविका का एकमात्र यही साधन है। अगर हमें नौकरी से निकाल दिया जाएगा तो हम सब लोग बेरोजगार होने के साथ-साथ भूखों मरने की कगार पर पहुंच जायेंगे।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 22°C | 09°C |
| कानपुर | 22°C | 09°C |
| देहरादून | 20°C | 07°C |
| नई दिल्ली | 22°C | 08°C |

# चित्रकूट, मथुरा, मिर्जापुर व सहारनपुर का होगा कायाकल्प, धार्मिक महत्व वाले शहरों के विकास पर होगा फोकस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश सरकार धार्मिक महत्व वाले शहरों के विकास पर फोकस करेगी। इसके लिए खास कार्ययोजना तैयार की जा रही है। पहले चरण में चार शहरों का चयन किया गया है, जहां अवस्थापना एवं सार्वजनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इनमें विंध्याचल धाम से जुड़े मिर्जापुर, कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा, भगवान श्रीराम से जुड़े चित्रकूट और मां शाकुम्भरी धाम से जुड़े सहारनपुर शामिल हैं। कार्ययोजना तैयार करने की जिम्मेदारी नगर विकास विभाग को दी गई है। जल्द ही कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण मुख्यमंत्री के सामने किया जाएगा। कार्ययोजना तैयार करने के लिए विभाग ने सभी संबंधित नगर निकायों से मौजूदा सुविधाओं की स्थिति का ब्योरा मांगा है। इन सभी शहरों में अयोध्या और बनारस की तर्ज पर विकास कार्य कराए जाएंगे। पहले चरण में शहरों का चयन इस प्रकार से किया गया है कि विकास के साथ ही धार्मिक एजेंडे का संदेश प्रदेश के सभी क्षेत्रों में दिया जा सके। इसलिए पश्चिम से सहारनपुर, ब्रज क्षेत्र से मथुरा, पूर्वांचल से मिर्जापुर और बुंदेलखंड से चित्रकूट का चयन किया गया है। सरकार की कोशिश है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले सभी शहरों में काम शुरू कर दिया जाए। इन शहरों में भवनों और धार्मिक स्थानों को सजाने-संवारने के साथ ही अवस्थापना सुविधाओं का विकास कराया जाएगा। योजना का खाका तैयार करने के लिए लखनऊ के ही वास्तुविद मेसर्स एएनबी कंसल्टेंट का चयन किया गया है।

### शहरों में होंगे कई प्रकार के विकास कार्य

योजना के तहत चारों शहरों में सार्वजनिक सुविधाओं का विकास, मुख्य सड़कों की लैंडस्केपिंग, स्ट्रीट फर्नीचर लगाने के साथ प्रमुख चौराहों का विकास, शहरों के प्रमुख प्रवेश द्वारों का सुंदरीकरण, तीर्थयात्रियों के लिए अवस्थापना सुविधाओं की व्यवस्था, वेंडिंग जोन का निर्धारण व विकास, यात्री विश्राम गृहों का निर्माण व पुराने का जीर्णोद्धार, पार्किंग की समुचित व्यवस्था और तालाबों का जीर्णोद्धार व रिवर फ्रंट का विकास कराया जाएगा।

# लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड ग्रुप ने किया गोमती किनारे रैथा गांव में वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



नगर से 20 किलोमीटर दूर रैथा गांव में लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड ग्रुप के लगभग 100 सदस्यों ने टीम बनाकर गांव में फलदार वृक्षों का रोपण किया। गांव के निवासी भी इस मुहिम के दौरान मौजूद रहे। इस गांव की खास बात यह थी कि यहां हर तरह की सुविधाएं जैसे पानी, खाद और उर्वरक मिट्टी भी थी। इन पौधों को यहां के स्थानीय लोगों ने सुरक्षित रखने का बीड़ा उठाया। इस अवसर पर लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड ग्रुप ने अपने सदस्यों के साथ न सिर्फ मनोरंजन खेलकूद, डांस, गीत गाए बल्कि अवध के विशेष व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। इस अभियान में ग्रुप के सदस्यगण जिनमें सेना के अवकाश प्राप्त अधिकारी, बैंक अधिकारीगण, हाईकोर्ट के वकील, पत्रकार और विभिन्न संस्थाओं में कार्यरत लोगों ने हिस्सा लिया। बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों ने भी बढ़चढ़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। गोमती नदी के किनारे स्थित इस गांव में फलदार वृक्ष और हरियाली को बढ़ाने के लिए यह अभियान चलाया गया। ग्रुप के एडमिन अनिल शुक्ला ने कहा कि हम इस तरह के अभियान शहर में अन्य स्थानों पर भी आगे भी जारी रखेंगे। इस अवसर पर ग्रुप के सक्रिय सदस्य आकाशवाणी की सुमोना पांडे, संजय पांडे, महिला उद्यमी सविता चौधरी, प्रकाश कुल्फी से अविनाश अरोरा जी, प्रदीप शर्मा, अमोल अग्रवाल, ध्रुव खरे, योगेश आदित्य, रश्मि मिश्रा, अरविंद मिश्रा, सारंग त्रिपाठी, नवीन कोहली इत्यादि ने इसमें बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बाड़े में सफाई करने घुसे चिड़ियाघर के कर्मचारी पर हिप्पो ने किया हमला, मौत

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चिड़ियाघर में सोमवार को सफाई करने बाड़े में घुसे दो कर्मचारियों पर हिप्पो ने हमला कर दिया जिसमें एक की की मौत हो गई जबकि दूसरे का इलाज सिविल अस्पताल में किया जा रहा है। घटना की जानकारी से हड़कंप मच गया। सोमवार की सुबह करीब 10 बजे सूरज व राजू सफाई करने के लिए हिप्पो के बाड़े में घुसे थे कि तभी हिप्पो ने हमला कर दिया। हमले में सूरज की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हिप्पो अभी कुछ दिन पहले ही कानपुर चिड़ियाघर से लाया गया था। मृतक सूरज करीब 12 साल से चिड़िया घर में सफाई का काम कर रहा था। उसके परिवार में एक बेटी व पत्नी है। वह 5500 रुपये महीने की सैलरी पर चिड़िया घर में काम कर रहा था। वह कंपवेल रोड बरौरा थाना ठाकुरगंज का निवासी था। घटना से सूरज के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूरज की मौत के बाद उसके घर में कमाने वाला कोई नहीं है। सिविल अस्पताल में उसके परिजन एकत्रित हो गए हैं। चिड़ियाघर की निदेशक अदिति शर्मा भी अस्पताल पहुंच गईं। लखनऊ चिड़िया घर की निदेशक अदिति शर्मा ने कहा कि हर सोमवार को जानवरों के बाड़ों की ठीक तरह से सफाई की जाती है। आज भी सफाई के लिए कर्मचारी अंदर गए हुए थे तभी हमला हो गया। हमले की जानकारी पर सूरज को तत्काल अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।




### मेधावी छात्रों के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा अचिवर्स पुरस्कार से हुए सम्मानित

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। बख़्शी का तालाब स्थित आर0आर0 ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स में मेधावी छात्रों के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा अचिवर्स पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बैंक ऑफ बड़ौदा ने छात्रों को उच्च अध्ययन, खेल और उद्यमिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शैक्षणिक वर्ष 2022-2023 में शैक्षणिक, खेल, उद्यमिता आदि में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने वाले आर0आर0 ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स के छात्रों को सम्मानित किया। वहीं अक्षरा श्रीवास्तव बी.टेक, तृतीय वर्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग,आदित्य साहू डिप्लोमा, तृतीय वर्ष, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, श्रेया दीक्षित बी.टेक, चतुर्थ वर्ष, बायोटेक्नोलॉजी विभाग सम्मानित किए गए।

### सीतापुर हाईवे पर सड़क हादसे में दो की मौत

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी थाना क्षेत्र के सीतापुर हाईवे पर सड़क हादसे में दो व्यक्ति की लोगों की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार व्यक्ति को रौंद दिया। सीतापुर हाईवे नरेशन ब्लू रिसोर्ट के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक सवार जो सड़क पार कर रहें थे उनको रौंद दिया मौके पर दोनों व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं बीकेटी थाना प्रभारी ने बताया कि रंजीत गौतम पुत्र बाबूराम निवासी सैरपुर व एक अज्ञात की मौत हो गई है पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं 1 करोड़ 20 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों की महिलायें

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिला स्वावलंबन व सशक्तीकरण के लिए बहुत ही ठोस व प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। समूहों की विभिन्न गतिविधियों से महिलाओं के आजीविका संवर्धन के मार्ग लगातार प्रशस्त हो रहे हैं।ग्राम्य विकास विभाग के अनुसार प्रदेश के जनपदों के विकास खण्डों में ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 1.20 करोड़ से अधिक ग्रामीण क्षेत्र के परिवार की महिलाओ को 8.72 लाख स्वयं सहायता समूहों, 62886 ग्राम संगठनो एवं 3044 संकुल स्तरीय संघो से आच्छादित किया गया है। 620678 स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड 931 करोड़ रुपये, 454324 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि 4997.57 करोड़ रुपये के माध्यम से आच्छादित किया जा चुका है एवं 4.45 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को 4461 लाख रुपये का ऋण कम व्याज पर सुनिश्चित किया गया है। एक ग्राम पंचायत-एक बीसी सखी के अंतर्गत प्रदेश की 57706 ग्राम पंचायतो में 49860 बीसी सखी का प्रशिक्षण एवं प्रमाणीकरण किया जा चुका है, जिसमे से 37068 बीसी सखी द्वारा कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। जिसके अंतर्गत बीसी सखी द्वारा 51.06 करोड़ का लाभांश अर्जित किया गया।

### राज्य हज समिति की वेबसाइट का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस सरोजनीनगर, लखनऊ में राज्य हज समिति की वेबसाइट का शुभारम्भ किया गया। वेबसाइट में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, काउन्सल जनरल आफ इण्डिया जदाह, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग,उत्तर प्रदेश व हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट की महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध रहेंगी, जिससे हज यात्रियों को सहायता व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। वेबसाइट अंग्रेज़ी व हिन्दी में कार्य करेगी।वेबसाइट पर हज कमेटी आफ इण्डिया का लॉगइन पेज उपलब्ध है जहां से हज यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यात्रा के लिए रजिस्टर करने में सुविधा मिलती है। श्री सिंह ने कहा कि इस वेबसाइट से हज यात्रा से जुड़े महत्वपूर्ण परिपत्र, प्रमुख अपडेट्स, एक्शन प्लान उड़ान शिड्यूल आदि सूचनाएं उपलब्ध हैं।वेबसाइट में दिव्यांगजन फीचर्स एवं दिव्यांग हितैषी मानकों काउपयोग किया गया है। जिससे कोई भी दिव्यांग वेबसाइट का प्रयोग कर सकता है। राज्य हज समिति की वेबसाइट भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित डोमेन पर संचालित की गई।इससे पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में राज्य हज समिति की बैठक आहूत की गयी।

# जल्द आएगी वयस्कों के लिए टीबी की वैक्सीन, एम्स दिल्ली में चल रहा ट्रायल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बच्चों को टीबी जैसी बीमारी से बचाने के लिए जन्म के बाद ही बीसीजी का टीका दिया जाता है। इसके बावजूद देश में टीबी के मामले काफी तेजी से बढ़े हैं। जल्द ही अब वयस्कों के लिए भी टीबी का टीका मौजूद होगा। एम्स दिल्ली में इसका ट्रायल चल रहा है। एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक प्रो. रणदीव गुलेरिया ने रेस्पिरेटरी एंड क्रिटिकल केयरल अपडेट के दौरान यह जानकारी दी। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। प्रो. रणदीव गुलेरिया ने बताया कि यह वैक्सीन आमजनों के साथ ही विशेषरूप से टीबी पीड़ित मरीज के परिजनों को देने के काम आएगी। इससे टीबी का प्रसार रोकने में मदद मिलेगी। प्रो. गुलेरिया ने बताया कि विभिन्न बीमारियों की पहचान में अब तेजी आई है। पहले इसमें कई दिन लगते थे। विशेषकर कल्चर जांच के दौरान, लेकिन अब पीसीआर किट के माध्यम से महज कुछ घंटे में ही बीमारी का पता लगाया जा सकता है।

### गंभीर नहीं है कोविड का नया वैरिएंट, पर सतर्क रहें

प्रो. गुलेरिया ने कहा कि हाल के दिनों में कोविड-19 के नए वैरिएंट के रोगी मिले हैं। भारत में भी इसका एक नया मरीज मिला है, लेकिन अच्छी बात यह है कि इनमें से कोई मरीज गंभीर हालत में नहीं है। यह ओमिक्रॉन वैरिएंट का ही म्युटेशन है।

### फेफड़े की बीमारी से कुल मौत में 30 फीसदी अकेले भारत में

डॉ. बीपी सिंह ने बताया कि वैश्विक स्तर पर सभी क्रोनिक फेफड़ों की बीमारी के मामलों में से 15.69 फीसदी अकेले भारत में हैं। इससे होने कुल मौतों में से 30.25 फीसदी हिस्सा भारत का है। भारत के कुछ वर्षों में ही रेस्पिरेटरी जनित बीमारियों में विश्व में नंबर एक पर आने का अनुमान है। तंबाकू के साथ ही प्रदूषण भी इसकी बड़ी वजह है। इस मौके पर मुंबई से. डॉ. अमिता नेने, कोलकाता डॉ. राजा धर मौजूद रहे।



इसी तरह लंग कैंसर के मरीजों का इलाज करना अब संभव हो गया है। किसी जमाने में इसे लाइलाज माना जाता था। फेफड़ा प्रत्यारोपण इसका अंतिम विकल्प होता है। दक्षिण के मुकाबले उत्तर क्षेत्र में कम प्रत्यारोपण की वजह उन्होंने अंगदान न होना बताया।



# पहाड़पुर सड़क पर ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौके पर दो युवकों की मौत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी थाना क्षेत्र के कुंम्हरावां रोड पहाड़पुर पेट्रोल पंप के पास सोमवार शाम को भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। बता दें कि बीकेटी कुंम्हरावां रोड पहाड़पुर पेट्रोल पंप के पास में शाम लगभग 5 बजे अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। आपको बता दें कि इस सड़क हादसे में पवन यादव पुत्र संतोष यादव निवासी खेरा खुर्द देवा बाराबंकी व नवी अहमद पुत्र सावीर निवासी निदौरा कुर्सी बाराबंकी की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों छात्र थें जिसमें से एक जीसीआरजी कालेज का छात्र था और दुसरा आर आर कालेज का छात्र था। सूत्रों से पता चला कि दोनों दोस्त थे बाइक से कुंम्हरावां रोड पर कहीं गये थे वापस आते समय सड़क हादसे मौत हो गई। वही बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात ट्रक से एक्सीडेंट में दो युवकों की मौत हो गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भा0कि0यू अवध राजू गुप्ता संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा तहसील परिसर में धरना जारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब तहसील परिसर में किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरने के सोमवार चौथा दिन भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन के तत्वधान में ब्लाक अध्यक्ष रविन्द्र कुमार चौहान के नेतृत्व धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। वहीं धरने में आजाद अंसारी मंडल अध्यक्ष लखनऊ, मंडल महामन्त्री अमर सिंह यादव, जयनरायन वाजपेई, तहसील महामन्त्री ठाकुर अमरेन्द्र सिंह पवॉर,राणा प्रताप सिहं चौहान कठवारा,सुरेश नेता, शंकरलाल प्रधान हनुमन्तपुर, प्यारेलाल,व कार्यकर्ता तथा महिला कार्यकर्ता अनीता देवी, अंजली, माहिनी देवी, आशा देवी व तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहें। वही ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र कुमार चौहान ने बताया कि जब तक किसानों की मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा।

# मिशन नवशक्ति : सजावटी मछली उद्योग में पर्याप्त अवसर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

* महिलाओं को मिला एक्वेरियम असेम्बली, निर्माण और रखरखाव का प्रशिक्षण

मिशन नवशक्ति के तहत जयसमन्द झील उदयपुर के आसपास की महिलाओं के लिए आजीविका और उद्यमिता के विकास के लिए सजावटी मछली पालन और एक्वेरियम रखरखाव पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन अनुसूचित जाति समुदाय की 25 महिलाओं, को प्रशिक्षित किया गया। महिलाओं की शैक्षिक योग्यता कक्षा 5 से स्नातक तक थी। महिलाएं बेरोजगार थीं और आय के वैकल्पिक स्रोत की तलाश कर रही थीं। कौशल विकास कार्यक्रम ने महिलाओं को अपने घरों में मछली पालन और पालन करके अपने घरों से कमाई शुरू करने में मदद की। जिन महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है, वे अपने पड़ोस की अन्य महिलाओं को अपना काम शुरू करने और एक समूह के रूप में एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करेंगी। समूह अन्य महिलाओं को अपना काम शुरू करने और नौकरी के अवसर पैदा होंगे। सजावटी मछली उद्योग में पर्याप्त अवसर हैं जो महिलाओं को आत्मनिर्भर होने में मदद करेंगे, जिन महिलाओं और उनके परिवारों के छोटी भूमि भी है वे कर सकेंगी। ओएफटीआरआई, उदयपुर भी महिलाओं से मछलियाँ क्रय करेगा जो शहर में बेचने के लिए पालेंगी। यह एक पूरे समुदाय को बढ़ने में मदद करता है और अन्य लोगों को अनुकरण द्वारा काम करने के लिए प्रेरित करेगा और जयमंद झील के आसपास के लोगों के लिए आजीविका के अधिक अवसर पैदा होंगे। आज के प्रशिक्षण में महिलाओं ने एक्वेरियम को असेम्बल करना सीखा और समझा कि एक्वेरियम में फिल्ट्रेशन प्रणाली कैसे काम करती है। महिलाओं को सभी घटकों यूजी फिल्टर एयरपंप, लाइट, हीटर, बैकग्राउंड पोस्टर कवर प्लांट, एयरस्टोन, वातन ट्यूब, फ़ीड तथा मछली के साथ एक एक्वेरियम दिया गया। यह कार्य आईसीए आरएनबी एफजीआर की एससीएसपी परियोजना के तहत किया जा रहा है, जिसे एससीएसपी परियोजना की नोडल अधिकारी डॉ पूनम जयंत सिंह द्वारा संयोजित किया गया है और आईसीएआर-एनबीएफजीआर के रवि कुमार और ओएफटीआरआई, उदयपुर के डॉ अतुल जैन और डॉ अभिनिखा जैन द्वारा समन्वयित किया गया है। महिला समुदाय के साथ आईसीएआर-एनबी एफजीआर और ओएफटी आरआई की साझेदारी और महिलाओं की क्षमता निर्माण के लिए नए दरवाजे खोलती है और एक नया मॉडल बनाती है जहां सरकार और निजी क्षेत्र ग्रामीण महिलाओं के जीवन को बदलने और कौशल विकास और आजीविका सशक्तिकरण में मदद करने के लिए एक साथ आते हैं। एक्सपोजर यात्रा ने उन महिलाओं के लिए नए रास्ते देखने में मदद की जो अपने घरों तक ही सीमित थीं। अगले चरण में इस तरह के कौशल विकास कार्यक्रमों की योजना लखनऊ के आस पास के क्षेत्रों के लिए बनाई गई है।

# केरल असेम्बली की स्टडी टूर कमेटी पहुंची लखनऊ, देखी विधानसभा

* उत्तर प्रदेश की विधान सभा देश की सर्वश्रेष्ठ विधान सभा-विजिन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



केरल की 15वीं विधान सभा की यूथ वेलफेयर एवं यूथ अफेयर स्टडी टूर समिति के सभापति एम विजिन आज समिति के 5 सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश विधान सभा में ई-विधान योजना की स्थापना एवं उसके कार्यान्वयन को देखने आए। 'यूथ वेलफेयर एवं यूथ अफेयर स्टडी टूर समिति' के सभापति एवं अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली की सराहना की। इसको विस्तार से समझने हेतु समय भी मांगा है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने केरल विधान सभा के यूथ वेलफेयर एंड यूथ अफेयर्स स्टडी टूर समिति के प्रतिनिधियो को यूपी विधानसभा में ई-विधान तथा डिजिटल प्रणाली के विषय में विस्तार से बताया। केरल विधानसभा समिति को अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली से संचालित होती है तथा यहां पर सभी विधायक इस विधा का उपयोग करते हैं। उत्तर प्रदेश विधान सभा की पूर्ण कार्यसूची, प्रश्न प्रहर से अंत तक इलेक्ट्रॉनिक विधान की प्रणाली से संचालित किए जाने हेतु पूर्ण रूप से सुसज्जित है। समिति ने विधानसभा में स्थापित डिजिटल गैलरी, जिसमें विधान सभा का सम्पूर्ण डिजिटल इतिहास है एवं डिजिटल कारीडोर, जिसमें सदस्यों की तस्वीरें एवं उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को दर्शाया गया है, का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त विधान सभा में किए गए पुनरोद्धार कार्यों का भी शिष्ट मण्डल ने निरीक्षण किया। समिति के सभापति ने स्पष्ट रूप से अवधारणा व्यक्त की कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश की विधान सभा देश की सर्वश्रेष्ठ विधान सभा है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश की विधानसभा सर्वश्रेष्ठ अत्याधुनिक प्रणाली से भी युक्त है। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष के नेतृत्व एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जो माडल उत्तर प्रदेश विधान सभा में प्रस्तुत किया गया है वह अनुकरणीय है और वह अनुसरण करेंगे। केरल ''यूथ वेलफेयर एवं यूथ अफेयर स्टडी टूर समिति'' सभापति के अध्यक्ष द्वारा अवधारणा व्यक्त किया जाना उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए एक गौरव की बात है।समिति में मुख्य रूप से सभापति एम विजिन,एम एस अरुण कुमार सीके आशा, इलडोसे पी कुना पिल्लाई, मुहम्मद मुहसिन केएम सचिन देव, संयुक्त सचिव, ए जफर खान सहित समिति के भ्रमण के दौरान उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य, कमलाकांत राजभर, प्रमुख सचिव, विधान सभा प्रदीप दुबे, सचिव व अधिकारी उपस्थित रहे।

# पशुधन मंत्री ने किया बरेली के पशु उत्थान एवं वर्णसंकर केन्द्र का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

* 75 नवीन वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का शिलान्यास
* राज्य सरकार का उद्देश्य पशुपालकों एवं किसानों की आय में बढ़ोत्तरी: धर्मपाल सिंह

उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज पशुपालन निदेशालय में आयोजित एक कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से प्रदेश में विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने पशु उत्थानवर्णसंकर केन्द्र मुड़िया मुकर्रमपुर, बहेड़ी, बरेली, निराश्रित गोवंश केसंरक्षण हेतु 75 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों, 96 पशुचिकित्सालयों केअनावासीय भवनों, पशु नस्ल सुधार कार्यक्रमों हेतु चिन्हित प्रक्षेत्रों एवं डीएफएस केन्द्रों पर वीर्य स्ट्राज विपणन केन्द्र का शिलान्यासतथा भेड़ पालकों को भेड़ नस्ल सुधार हेतु मेढ़े उपलब्ध कराने की योजना काशुभारम्भ तथा पशुपालन विभाग के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य पशुपालकों एवं किसानों की आय में बढ़ोत्तरी करना है और इस दिशा में विभाग द्वारा निरन्तर सार्थक एवं सराहनीय कार्य किया जा रहा है।पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने इस अवसर पर कहा किपशु उत्थान वर्णसंकर केन्द्र, मुड़िया मुकर्रमपुर, बहेड़ी, बरेली केन्द्र को तकनीकी उत्कृष्टता एवं किसान केन्द्र के रूप में विकसित कियागया है, जहॉ पर उन्नत नस्ल का संरक्षण, भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक, बुल मदर फार्म की स्थापना, उच्च अनुवांशिक बछड़ा बछड़ी, चारा सम्बवर्धन, हरित ऊर्जा, टेक इनक्यूवेशन उद्यमिता एवं जैविक,ए-2 दुग्ध उत्पादन जैसे कार्यकिये जायेंगे। इसकी लागत 3692 लाख है। उन्होंने कहा कि प्रक्षेत्र एवंडीएफएस केन्द्रों पर वीर्य स्ट्राज विपणन योजनान्तर्गत पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम को बढ़ावा देने हेतु प्रदेश के चिन्हित प्रक्षेत्रों एवं अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन कुल 11 केन्द्रों पर परिषदीय सीमन विपणन केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं। जिससे ग्रामीण स्तर पर पशुपालकों को क्षेत्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं के द्वारा उन्नत नस्ल के अतिहिमीकृत वीर्य स्ट्राज प्रजनन कार्य हेतु ससमय प्राप्त होंगे। 75 नवीन वृहद गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना हेतु निर्माण कार्य हेतु प्रति इकाई लागत 160.12 लाख रूपये की दर से 12009 लाख रूपये की धनराशिस्वीकृत की गयी है। इसके साथ ही राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत मैत्रीहेतु कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ भी किया गया।पशुधन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशाके अनुरूप प्रदेश के मेड़ पालकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य सेप्रदेश में ''मेड़ पालको को नस्ल सुधार हेतु मेढ़े उपलब्ध कराने की योजना''संचालित कर उत्तराखण्ड राज्य से मेरिनों कास नस्ल के मे कय कर भेड़ पालकों द्वारा पाली जा रही भेड़ों में नस्ल सुधार हेतु पशुधन मंत्री द्वारा प्रथमचरण में भेड़ पालकों से वर्चुअल वार्ताकर निःशुल्क उपलब्ध कराते हुये प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# दिल्ली विवि में तदर्थवाद पर भारी स्थायी नियुक्ति का संकल्प

**किसी को तदर्थ शिक्षकों का दर्द नहीं दिखाई दिया। ऐसा भी नहीं है कि इस दौरान शिक्षक संगठन सक्रिय नहीं रहे, लेकिन तदर्थवाद से मुक्ति का यह दौर राजनीति की भेंट चढ़ता रहा। पांच हजार से अधिक प्रोफेसर को प्रमोशन दिलाने को भी सफल कार्य कुलपति के माध्यम से अब तक किया जा चुका है। कई नये विभाग भी इस दौरान खोले गए है जो भारतीय ज्ञान परंपरा को पोषित करने में सफल योगदान देते हैं। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि दिल्ली विश्वविद्यालय का नजारा बदला–बदला सा प्रतीत हो रहा है और यह सुखद भी है।**

*एक साथ, एक लक्ष्य और एक जुनून लेकर जब देशभर के लोग मैदान में उतरे, तभी स्वतंत्रता मिली। विश्वविद्यालयों ने इस दौरान देश की चेतना को जागृत किया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने युवा पीढ़ी में नई चेतना और विचार का संचार किया। %कोई चरखा चलाता-वो भी आजादी के लिए, कोई विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करता- वह भी आजादी के लिए, कोई काव्य पाठ करता- वह भी आजादी के लिए। कोई किताब या अखबार में लिखता- वो भी आजादी के लिए। कोई अखबार के पर्चे बांटता था तो वह भी आजादी के लिए। यह बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारतञ्च2047 के लॉन्चिंग पर कहीं। जाहिर है प्रधानमंत्री समझते हैं कि युवा शक्ति साथ हो तो कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं। इसी युवा शक्ति को संवारने के लिए उन्होंने 2014 से अब तक कई प्रयास किए। वो समझ रहे हैं कि कालखंड कोई भी हो, युवा शक्ति के सहारे मुश्किल राहें आसान हो जाती हैं। छोटी-छोटी पहल जन अभियान का रूप ले लेती हैं। इस युवा शक्ति को संवारने में शिक्षकों का भविष्य सबसे अधिक मायने रखता है। उनके जीवन का स्थायित्व देश के वर्तमान और भविष्य को और अधिक उड़ान देगा। कुछ ऐसा ही नजारा दिल्ली विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालयों का है, जहां तदर्थवाद से मुक्ति और स्थायी नौकरी की दिशा में पहल ने जनअभियान का रूप ले लिया है। युवा शक्ति को दिशा देने की जिम्मेदारी जिस शिक्षक समुदाय पर है, वही तदर्थवाद का शिकार लंबे समय से रहा है। चाहे बात दिल्ली विश्वविद्यालय की हो या देशभर में रुकी अन्य स्थायी नियुक्तियों की। मोदी सरकार ने दस लाख लोगों को रोजगार देने की दिशा में पहल की। समय-समय पर रोजगार मेले कर खुद प्रधानमंत्री और सरकार लाखों लोगों को स्थाई रोजगार के सपने को साकार कर चुकी है। दिल्ली विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालयों में 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हुई। पाठ्यक्रम को समयानुकूल बनाया गया, ताकि छात्रों का भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। विद्यार्थी और शिक्षकों के बीच के अनुपात की खाई पाटने की दिशा में पहल हुई। दिल्ली विश्वविद्यालय भी इस पहल से अछूता नहीं रहा। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने पांच हजार से अधिक सीटों को भरने का बीड़ा उठाया। जाहिर है कोई भी समाज विद्यार्थियों का भविष्य शिक्षकों के भविष्य से अलगकर नहीं देख सकता है। शिक्षकों के जीवन की अनिश्चितता दूर करने के लिए स्थायी नियुक्ति आवश्यक है। शिक्षा में लंबे समय से चल रही तदर्थवाद की व्यवस्था दोनों पीढ़ी के साथ खिलवाड़ था। 15 दिसंबर, 2023 तक चार हजार नियुक्तियां दिल्ली विश्वविद्यालय में हो चुकी हैं। इसमें तीन हजार तदर्थ शिक्षक शामिल हैं जो कि स्थायी नियुक्ति पाने में सफल हुए। 900 साथी रोस्टर में परिवर्तन के कारण बाहर हुए। बाहर होने वालों में 550 तदर्थ की नियुक्ति कहीं न कहीं हो चुकी है। दिल्ली विश्वविद्यालय में समय से इंटरव्यू न होने से बैकलॉग निरंतर बढ़ता गया। नियुक्ति समय से नहीं होने के कारण ही आज यह दशा हुई कि एडहॉक से कई साथी रिटायमेंट लेने को विवश हैं। अभी हाल ही में दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थायी होने वालों में 64 की उम्र पार कर गए शिक्षक भी शामिल हैं। जीवन के इस उम्र में उनका स्थायी होना इस पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान है। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने यह बीड़ा उठाया और एक वर्ष में चार हजार स्थायी नियुक्तियां करवाईं। अभी भी एक तिहाई इंटरव्यू होने बाकी हैं। इन जगहों पर एडहॉक, गेस्ट और कॉन्ट्रैक्ट टीचर्स काम कर रहे हैं। उन्होंने कुछ दिन पूर्व नवनियुक्त शिक्षकों को एकत्र किया। वह दृश्य देखने योग्य था। स्टेडियम में बैठने का स्थान नहीं दिख रहा था।*

## एक्सप्रेस आलेख

**बेशक, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद उत्तर प्रदेश का टूरिज्म 10 गुना तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या में 30,000 करोड़ रुपये से आधारभूत सुविधाओं के विकास की परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। कुछ समय पहले देश भर के टूर ऑपरेटर्स की सालाना बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घरेलू पर्यटकों की पसंद के मामले में इस समय उत्तर प्रदेश देश पहले स्थान पर है। उत्तर प्रदेश धार्मिक, आध्यात्मिक, ईको टूरिज्म के सभी बड़े केंद्र मौजूद हैं। जब अयोध्या में 2024 तक श्रीराम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा तो वहां 10 गुना से 50 गुना पर्यटन बढ़ने का अनुमान है।**

# क्यों काशी में आते अब गोवा से भी ज्यादा पर्यटक



आर.के. सिन्हा

**कृष्ण जन्मभूमि का कोरिडोर तैयार होने पर यही हाल मथुरा-वृंदावन का होने वाला है। अयोध्या हर सनातनी की आस्था का केंद्र है जहां भव्य मंदिर का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इसके अलावा राज्य में रामायण, कृष्ण और बौद्ध सर्किट को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का प्रयास युद्धस्तर पर चल रहा है।**

अगर कोई यह मानता है कि सबसे अधिक टुरिस्ट समुद्र के किनारे के तटों पर या फिर आकाश को छूते पहाड़ों में सैर करने को आते हैं तो उन्हें एक बार फिर सोचना होगा। मतलब यह है कि अब न तो सबसे अधिक टूरिस्ट गोवा आ रहे हैं या फिर शिमला, नैनीताल या कश्मीर या हिमाचल किसी अन्य हिल स्टेशन पर। आज के दिन सबसे ज्यादा टूरिस्ट को अपनी तरफ आकर्षित करने लगा है वाराणसी। आईसीआईसीआई के एक सर्वे से पता चला है कि पिछले साल-2022 में वाराणसी में 7.02 करोड़ टुरिस्ट पहुंचे। गोवा के हिस्से में लगभग मात्र 85 लाख टूरिस्ट। यूं तो वाराणसी में लगातार खूब टूरिस्ट पहले से ही आते थे पर 2015 के बाद तो स्थिति वाराणसी के पक्ष में पूरी तरह से पलट गई। इस लिहाज से गेम चेंजर साबित हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे (अब स्मृति शेष) का धर्म नगरी वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में 2015 में भाग लेना। गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, हमारी भारतीय सनातन संस्कृति की वाहक भी है। इस लिहाज से जापान के प्रधानमंत्री के स्वागत में काशी में गंगा आरती का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौलिक और व्यापक सोच का परिचय देने वाला था। गंगा आरती महज एक पूजाविधि नहीं है। मोदी-आबे ने गंगा आरती मे भाग लेकर दुनिया में भारत की खोई हुई या यूं कहें कि तिरस्कृत का दिये गये सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ने अपनी जगह बनाई थी। बीते 60 सालों की राजनैतिक सत्ता ने इस छवि को नजरअंदाज कर एक उपभोगी देश की छवि के रूप में भारत को दुनिया के सामने पेश किया था द्ध संस्कृति के नाम पर ताज के मकबरे को ही खूब भुनाने की कोशिश की गयी । लेकिन, गंगा की ''ब्रांडिंग'' तो सही माने में भारत के लिए आत्मगौरव का क्षण था। टूरिज्म क्षेत्र के जानकार कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और जापान के प्रधानमंत्री आबे के गंगा आरती में भाग लेने के बाद सारे देश में वाराणसी को लेकर एक नई तरह की सकारात्मक सोच विकसित होने लगी। इसी का नतीजा है कि वाराणसी में देश-दुनिया के टुरिस्ट पहले से कहीं अधिक संख्या में पहुंचने लगे । वाराणसी के चाहुर्मुखी विकास ने पर्यटकों को भरपूर आकर्षित किया। काशी का गोवा को पीछे छोड़ना सामान्य बात नहीं है। आमतौर पर तो यही माना जाता था कि गोवा से ज्यादा टूरिस्ट कहीं जा ही नहीं सकते।



**हां, यह ठीक है कि काशी ने गोवा को दूसरे स्थान पर धकेल दिया है, पर गोवा अपने में लाजवाब है। यहां के अनेक 'बीच' पर आनंद करने के लिए इसलिए ही तो सारे संसार से टूरिस्ट गोवा आते हैं। गोवा एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही गोवा वासियों के सुसंस्कृत व्यवहार से लेकर सड़कों पर व्यवस्थित ट्रैफिक को देखकर समझ आने लगता है कि ये अलग मिजाज का शहर है।**

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यह कॉरिडोर सिर्फ एक भव्य इमारत नहीं है, बल्कि; यह हमारी आध्यात्मिक, परंपरा और गतिशीलता का प्रतीक है। यही नहीं यह काशी की आर्थिक समृद्धि में नए चैप्टर को जोड़ने का काम करेगा। अगर उन्होंने यह बात कही थी तो आंकड़े उसे प्रमाणित भी कर रहे हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के दौरान पुनर्वास का मुद्दा भी उठा था। विपक्ष लगातार इस बात को उठा रहा था कि आम लोगों को उजाड़ा जा रहा है। लेकिन जिन 300 संपत्तियों का अधिग्रहण किया गया था उससे जुड़े लोगों का पुनर्वास हो चुका है। भरपूर मुआवजा मिला है सो अलग। काशी में श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के अलावा पर्यटकों की सुविधा का भी खास ख्याल रखा जाता है। काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। काशी पूरे देश में उत्तर प्रदेश डॉमेस्टिक टूरिज्म का हब बन गया है। इसके साथ ही काशी की यात्रा करने वाला हरेक शख्स बौद्ध पर्यटक केंद्र सारनाथ तो जाता ही है। भगवान बुद्ध ने बोधगया में आत्मज्ञान प्राप्त करने के पश्चात पहला प्रवचन यहां ही दिया था। उन्होंने जहाँ प्रवचन दिया था वहां पर धामेक स्तूप है। इस स्तूप का निर्माण सम्राट अशोक ने 500 ईसवी में करवाया था। हालांकि, कोविड के कारण बौद्ध धर्म को मानने वाले देशों से काशी में उड़ानें नहीं आ रहीं हैं, पर अब श्रीलंका, थाईलैंड, साउथ कोरिया, जापान और शेष बौद्ध देश के नागरिक यहाँ आने लगे हैं। काशी से लेकर सारनाथ तक घूमते हुए रोज सैकड़ों विदेशी टूरिस्ट नजर आते हैं। जाहिर है, इनमें ज्यादातर बौद्ध देशों के ही होते हैं। इन सभी क्षेत्रों की देखरेख आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की तरफ से की जाती है। हम आमतौर पर सरकारी महकमों को उनकी काहिली के कारण कोसते हैं। लेकिन, इस जगह को आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया बेहतरीन तरीके से व्यवस्थित कर रही है। बीते सावन के दिनों में काशी भर गया ता टूरिस्टों से। आंकड़ों के मुताबिक सावन महीने में करीब 2.5 से 3 लाख पर्यटकों का रोजाना काशी में आगमन हुआ। कहना न होगा कि बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने से काशी की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। स्थानीय लोगों को रोजगार के भी अवसर उपलब्ध हुए हैं। काशी आने वाले सबसे ज्यादा श्रद्धालु और पर्यटक काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन, वाराणसी के घाटों की गंगा आरती करने, नमो घाट और सारनाथ का भ्रमण करने के लिए पहुंचते हैं। वाराणसी में अनेक प्रकार के फेस्टिवल और सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी समय-समय पर आयोजित किया जाता है। मुझे कुछ समय पहले मेरे ईस्ट अफ्रीकी देश केन्या के मित्र स्टीफन मुंगा कह रहे थे कि वे अपनी आगामी भारत यात्रा के समय काशी जरूर जाना चाहेंगे। मैंने उनकी काशी के प्रति दिलचस्पी की वजह पूछी तो कहने लगे कि भारत को समझने के लिए काशी को देखना जरूरी लगता है। वैसे बाबा विश्वनाथ का दर्शन कौन नहीं करना चाहेगा? हां, यह ठीक है कि काशी ने गोवा, केरल और देश के बाकी प्रमुख पर्यटन स्थलों-राज्यों को पीछे छोड़ दिया है, पर्यटकों को अपनी तरफ खींचने के स्तर पर, लेकिन देश के पर्यटन उद्योग से जुड़े सभी लोगों को अपने-अपने क्षेत्रों को विकसित करना होगा। भारत के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक पर्यटक को बढ़ावा देना लाभदायक होगा।

## एक्सप्रेस कविता

*परछाई में तेरी रंग मिलाता हूं,*
*तस्वीर में लहु का रंग मिलाता हूं ।।*
*जिंदगी से तिरी तो गुजर ही गया ,*
*पर सांसों में तुझे हर पल पाता हूं ।*
*तस्वीरों पर तेरी पड़ गई बहुत धुंध ,*
*एहसासों उसकी धूल हटाता हूं।*

*अलविदा कहा तेरी परछाइयों ने भी ,*
*पराया होकर पराया नहीं रह पाता हूं।*
*तेरा एहसास बडा इंद्रधनुषी जानम,,*
*तेरे ख्यालो में ही जिया जाता हूँ।।*
*तेरे सांसों की खुशबू से इतर,*
*और खुशबू नहीं सह पाता हूं ।.*
*कितने गुलशनों में भटका तेरे लिए*
*हसीन तुझसा फूल नहीं चुन पाता हूं।*

-संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*मनुष्य वही है तो सभी को साथ लेकर चले, सभी को साथ लेकर चलने वाला व्यक्ति कभी अकेला नहीं होता है ऐसा व्यक्ति समाज में सम्मान का पात्र होता है इतिहास में ऐसे लोग उच्च स्थान प्राप्त करते हैं*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 13:08 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वभाद्रपदा 23:55 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | सिद्धि 18:34 |
| सूर्योदयः | 07:12 |
| सूर्यास्तः | 17:24 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 14:51-16:08 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:58-12:39 |

## जन एक्सप्रेस

### है हमको फंसाया !

*है और रहेगा ।*
*अपना ये संघर्ष ।।*
*भले लगे आरोप। ।*
*है फिर भी उत्कर्ष ।।*
*है हमको फंसाया ।*
*और हुआ उपयोग ।।*
*फिर भी अपने लोगों का ।*
*है पूरा सहयोग ।।*
*हैं हम पाक साफ़ ।*
*कागज़ है दिखाया ।।*
*रह गए यदि अंदर ।*
*उनका भी सफ़ाया ।।*
*ना किया कुछ गड़बड़ ।*
*फिर भी लगी लगाम ।।*
*चला जो लंबा खेल ।*
*लूंगा और नाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बुढ़ापे में बढ़ जाती हैं हड्डियों से जुड़ी समस्याएं



बढ़ती उम्र के साथ अगर सेहत का ख्याल न रखा जाए तो कई तरह की दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। बुढ़ापे में सेहतमंद बने रहने के लिए शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों की जरूरत होती है, जो कि हमें खानपान की चीजों से प्राप्त होते हैं। परिवार में या घरों के आस-पास कई ऐसे लोग होते हैं जो 55 और 60 की उम्र में घुटनों में दर्द की शिकायत करते हैं। बुढ़ापे में हड्डियों की समस्याओं से बचने के लिए आपको पहले से ही इनका ख्याल रखना शुरू करना होगा। वृद्धावस्था में हड्डियों की परेशानियों से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप सही आहार लें। डाइट में आप कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर चीजें खाएं। अपनी डाइट में सुपरफूड्स को शामिल करें। फिट रहने के लिए रोजाना फलों का सेवन जरूर करें। इसके साथ ही अपनी डाइट में दूध, दही और पनीर को भी शामिल करें। अगर आप मांसाहारी हैं तो मछली का सेवन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। हड्डियों के मजबूत रखने के लिए नियमित एक्सरसाइज करें। पैदल चलना, योग, और सूक्ष्म व्यायाम करने से हड्डियां मजबूत होती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं कम होती हैं। रोजाना व्यायाम करने से आप बढ़ती उम्र में भी दिनभर एनर्जेटिक रहेंगे। शरीर के लिए विटामिन डी बेहद जरूरी है, इसकी कमी से कमर दर्द की शिकायत के साथ अन्य समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में विटामिन ष्ठ की कमी दूर करने के लिए आप रोजाना सूरज की रोशनी में कुछ समय जरूर व्यतीत करें। इसके अलावा आप डॉक्टर की सलाह के बाद विटामिन ष्ठ सप्लीमेंट्स का उपयोग कर सकते हैं, इससे आपकी हड्डियों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। बढ़ती उम्र के साथ 3 से 6 महीने में डॉक्टर की सलाह लेना बेहद जरूरी है। डॉक्टर आपकी हड्डियों की जांच करके किसी भी समस्या की पहचान कर सकेंगे और इसके मुताबिक इलाज भी बताएंगे। धूम्रपान और शराब का सेवन बढ़ती उम्र के साथ हड्डियों को कमजोर कर सकता है। इसके अलावा ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं को बढ़ा सकता है। ऐसे में आप इनका सेवन करना कम कर दें। ज्यादा वजन के कारण हड्डियों पर दबाव पड़ता है, जिस वजह से हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में अपने वजन को नियंत्रित रखें। गलत पोश्चर में बैठने से भी हड्डियों से जुड़ी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। ऐसे में आप बैठते, चलते और लेटते समय अपने पोश्चर का खास ध्यान रखें। अगर आप किसी भी तरह की तकलीफ महसूस करें तो इसे बिल्कुल भी इग्नोर न करें और समय पर डॉक्टर की सलाह लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# भाजपा हाईकमान का निर्णय कैसे मान गयीं वसुंधरा राजे?



रमेश सर्राफ धमोरा

**उपमुख्यमंत्री अनुसूचित जाति के डॉ. प्रेमचंद बैरवा को बनाया गया हैं। जो वसुंधरा गुट के माने जाते थे। मगर अब बैरवा सरकार में शामिल हो गये हैं। इसी तरह अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर वसुंधरा के साथ रहने वाले विधायक भी अब एक-एक कर खिसकने लगे हैं।**

**अब पार्टी ने भी उनके स्थान पर राजपूत नेता के तौर पर जयपुर राजघराने की दीया कुमारी को उपमुख्यमंत्री बना कर प्रदेश की राजनीति में आगे बढ़ा दिया है। दीया कुमारी उनकी तरह बड़े राजपरिवार की बेटी के साथ महिला भी हैं। दीया कुमारी राजसमंद से सांसद व दूसरी बार विधायक बनी हैं। उन्होंने विद्याधर नगर सीट पर राजस्थान में सबसे बड़ी जीत दर्ज की है।**

**राजस्थान** में भाजपा विधायक दल के नेता के पद पर पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा का चयन हो चुका है। भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री पद की व जयपुर राजघराने की दीया कुमारी तथा डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर ली है। इसके साथ ही राजस्थान में विधिवत रूप से भाजपा की सरकार काम करने लग गयी है। भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए भी अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी का नाम तय कर दिया है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनका भी विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए चयन हो जाएगा। राजस्थान में भाजपा के 115 विधायक जीत कर आए हैं। इसके साथ ही कई निर्दलीय विधायकों ने भी भाजपा को समर्थन देने के संकेत दिए हैं। ऐसे में भाजपा के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पांच साल तक सरकार चलाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होने वाली है। भजनलाल शर्मा के नेता पद के चुनाव से पहले राजनीतिक विश्लेषक आशंका जता रहे थे कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे खुद के अलावा किसी अन्य के नाम पर सहमत नहीं होंगी। विधानसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद से ही वसुंधरा राजे द्वारा अपने आवास पर विधायकों को बुलाकर लगातार शक्ति प्रदर्शन भी किया गया था। मगर जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर्यवेक्षक बनकर जयपुर आए तो उन्होंने मात्र दो घंटों में ही भजनलाल शर्मा को अगला मुख्यमंत्री घोषित कर वसुंधरा राजे के पूरे खेल को ही बिगाड़ कर रख दिया था। इतना ही नहीं भजनलाल के नाम का प्रस्ताव भी वसुंधरा राजे से ही करवाया गया था। विधायक दल की बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने अपनी जेब से एक पर्ची निकालकर वसुंधरा को दी थी। जिस पर भजनलाल शर्मा का नाम लिखा था। राजनाथ सिंह द्वारा दी गयी पर्ची पर लिखे नाम को पढ़कर एक बार तो वसुंधरा सकपका गयी थीं। मगर बाद में उन्होने भजनलाल के नाम का प्रस्ताव कर दिया था। लोगों का कहना है कि नेता पद के चयन से पहले वसुंधरा राजे व उनके समर्थक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व विधायक भवानीसिंह राजावत, प्रहलाद गुंजल जैसे कई नेता व विधायक लगातार कह रहे थे कि वसुंधरा राजे जैसी अनुभवी को ही प्रदेश में तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। प्रदेश की खराब वित्तीय स्थिति का सामना वसुंधरा राजे जैसी अनुभवी नेता ही कर सकती हैं। उनको दो बार सरकार चलाने का अनुभव है। वह पूरे प्रदेश से अच्छी तरह वाकिफ हैं। मगर वसुंधरा राजे के किसी भी समर्थक की एक भी नहीं सुनी गई और भजनलाल के नाम की घोषणा हो गई। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि जब जयपुर में वसुंधरा राजे विधायकों के साथ शक्ति प्रदर्शन कर रही थीं। तब उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह पर भी जयपुर के एक होटल में कुछ विधायकों की बाड़ेबंदी करने की खबरें आई थीं। तब भाजपा आलाकमान सतर्क हो गया और वसुंधरा राजे को दिल्ली बुलाया गया। दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृहमंत्री अमित शाह ने वसुंधरा राजे को दो टूक शब्दों में समझा दिया था कि इस बार उनको मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा रहा है। पार्टी नए लोगों को आगे करेगी ऐसे में आपको पार्टी का साथ देना चाहिए। चर्चा है कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा व अमित शाह ने वसुंधरा राजे को कड़ाई से कह दिया था कि वह एक लंबी राजनीतिक पारी खेल चुकी हैं। इसलिए अब उनको विश्राम करना चाहिए। यदि वह पार्टी के निर्णय के साथ रहेंगी तो उनके सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह को पार्टी में आगे बढ़ाया जाएगा। चर्चा है कि अपने पुत्र दुष्यंत सिंह जो झालावाड़ सीट से चौथी बार सांसद हैं, उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर वसुंधरा राजे ने पार्टी आलाकमान के निर्णय के साथ रहने में ही अपनी भलाई समझी और उन्होंने चुपचाप पार्टी के निर्देशों का पालन किया। वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह चार बार के सांसद हैं तथा आगे उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनाए जाने की भी संभावना व्यक्त की जा रही है। बहरहाल वसुंधरा राजे ने तो अपने पुत्र के मोह में पार्टी नेतृत्व के समक्ष हथियार डाल दिए हैं। मगर उनको मुख्यमंत्री बनाने की मांग को लेकर बारां अंता के विधायक कंवरलाल मीणा, कालीचरण सर्राफ, प्रताप सिंह सिंघवी, बहादुर सिंह कोली जैसे लोग खुलकर सामने आ चुके हैं। इससे उनकी छवि जरूर पार्टी नेतृत्व के सामने दागदार हुई है। हो सकता है आने वाले समय में उन्हें पार्टी द्वारा सरकार या संगठन में कोई जिम्मेदारी भी नहीं दी जाए। पार्टी आलाकमान के निर्देश पर ही वसुंधरा राजे भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री पद का कार्यभार ग्रहण करते समय सचिवालय जाकर उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद देते हुए फोटो भी खिंचवा कर आईं और ऑल इस वेल का सन्देश देने का प्रयास किया।

# नकुड़ पुलिस ने चोरी की 8 घटनाओं का किया खुलासा

✻ लाखों रूपये कीमत के जेवरात, नगदी समेत अवैध अस्लाह पकड़ा

✻ एसएसपी ने की पुलिस टीम को 25 हजार रूपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर



थाना नकुड पुलिस ने चोरी की 08 घटनाओं का खुलासा कर 05 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गये 01 लाख 03 हजार रुपये नकद, आठ लाख रूपये कीमत के चोरी के आभूषण, चोरी के उपकरण व अवैध असलाह बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने आज पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष चोरों की गिरफ्तार पर खुलासा करते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक नकुड़ के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर थाना नकुड़ पर पंजीकृत मुकदमें में वाँछित अभियुक्त सलमान पुत्र कवीत, हारुन पुत्र कामिल, करीम खान पुत्र शाहरुख, आजाद पुत्र कामिल व नाहिद पुत्र कवीत हसन समस्त निवासीगण ग्राम सैदपुरा हलवाना थाना गंगोह जनपद सहारनपुर हाल किरायेदार मरगूब पुत्र मंसूर निवासी मौहल्ला कोटला कस्बा अम्बेहटापीर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर का मकान को ग्राम टिडौली तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 01 लाख 03 हजार रुपये नकद, आठ लाख रूपये कीमत के चोरी के आभूषण, चोरी के उपकरण व अवैध असलाह बरामद किया है। अभियुक्त सलमान, हारुन, आजाद पूर्व में भी थाना मधुवन जिला करनाल हरियाणा तथा करीम पूर्व में भी थाना पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर से जेल जा चुका है। अन्य घटनाओं की जानकारी की जा रही है। अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हमने मिलकर थाना नकुड़ क्षेत्र में लगभग सवा तीन माह पहले ग्राम कुल्हेड़ी में सरदार के मकान तथा सवा दो माह पहले ग्राम साहबा माजरा में प्रधान के घर तथा करीब 20 दिन पहले ग्राम नाहर माजरा में तथा ग्राम बाधी में तथा करीब सवा माह पूर्व ग्राम शुक्रताल में तथा एक माह पूर्व ग्राम भैरमऊ में एवं ग्राम रनियाली में चोरी की थी तथा करीब पौने दो माह पूर्व ग्राम शेरपुर थाना रामपुर मनिहारन में चोरी की थी। इसके अलावा थाना गंगोह, थाना सरसावा, थाना नागल आदि थाना क्षेत्रो में भी चोरी की है। हम लोगो से जो दो साईकिल मिली है वह हमने चोरी करने के लिए खरीदी थी इन पर सवार होकर हम दिन में घूम घूमकर रैकी करते थे तथा रात्रि में जाकर चोरी करते है। चोरी के समय इन्हे ईखो के खेत में खड़ी करके कटर व छेनी साथ लेकर पैदल घरो में घुसकर छेनी व कटर से घरो आदि के ताले काटकर चोरी करते थे। आज हम चोरी के माल को बेचने के लिए जा रहे थे कि पुलिस ने पकड़ लिया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह, उपनिरीक्षक संदीप, नरेन्द्र भडाना, बीरबल सिंह, वेदपाल, हैड कांस्टेबल मतीन अहमद, प्रदीप मावी, विपिन कुमार, कांस्टेबल प्रताप सिंह, आकाश सिंह, ब्रजवीर राणा शामिल रहे।

# भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई नमो ऐप कार्यशाला

जन एक्सप्रेस । बहराइच

✻ विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं विकसित भारत एंबेसडर अभियान के तहत आयोजित किया गया कार्यक्रम

जिला भाजपा कार्यालय पर विकसित भारत संकल्प यात्रा एवम् विकसित भारत एंबेसडर अभियान के निमित्त नमो ऐप शीर्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पाण्डेय ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी शिव भूषण सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, सदस्य विधानपरिषद डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नमो ऐप के संचालन संबंधी गुर सीखे। जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने नमो ऐप की महत्ता को बताते हुए कहा कि नमो ऐप के द्वारा हम केंद्र सरकार की सभी योजनाओं एवम् विकास कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रभारी शिवभूषण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि नमो ऐप के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम सहित सभी कार्यक्रमों से संबंधित वीडियो एवम् ग्राफिक्स प्राप्त कर सकते हैं। विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि विकसित भारत यात्रा के द्वारा सरकार अपनी योजनाओं को लेकर प्रत्येक ग्राम में पहुंचकर कैंप के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। विधायक सदर अनुपमा जायसवाल ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलवाने का प्रयास करें कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधि सहित जिला पदाधिकारी एवम् कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का कार्य जिला आई. टी. प्रमुख प्रमोद पाण्डेय ने किया। उन्होंने नमो ऐप के सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर लोगों को प्रशिक्षित किया कि किस प्रकार हम सरकार की योजनाओं एवम विकास कार्यों से संबंधित कंटेंट नमो ऐप के द्वारा डाउनलोड कर लोगों तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री एवम् अभियान प्रमुख राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। आयोजित कार्यशाला में जिला जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, राहुल राय, दीपक सत्या, सुरेश गुप्ता, सुषमा चौधरी, सुवेद वर्मा, जिला महामंत्री डॉ. जितेंद्र त्रिपाठी, नन्हे लाल लोधी, मनीष आर्य, जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव, हेमा निगम, वीरचंद वर्मा, रामनिवास जायसवाल, अभियान सह-संयोजक मंदीप सिंह वालिया, संजय राव, जिला कोषाध्यक्ष राजन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र मिश्रा, निशंक त्रिपाठी, अभिषेक गुप्ता, शिवसागर गौतम, तौसीफ अहमद, कृपाराम वर्मा, अरुणेंद्र सिंह अंकित, राम कृपाल, उर्मिला शुक्ला, प्रियंका रावत, बीनाराज मिश्रा, रेखा पाण्डेय, राम बचन सोनी, सूर्य प्रताप सिंह, संतोष बाबा, अलक्षेंद्र प्रताप सिंह, रमेश जायसवाल, भाजपा के सभी 33 मंडलों के मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुखगण सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने करोड़ों लोगों का जीवन रोशन किया : महापौर



जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

✻ वार्ड 13 चकहरेटी व वार्ड 19 गोपाल नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत

महापौर डॉ.अजय कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के 18 हजार गांवों तक बिजली पहुंचाकर करोड़ों लोगों का जीवन रोशन किया है। गत नौ वर्षो में देश बदला है, प्रदेश बदला है और हमारा शहर बदला है। प्रधानमंत्री की पीएम स्वनिधि रोजगार योजना, पीएम आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना और उज्जवला योजना सहित अनेक योजनाओं का लाभ सहारनपुर के लोगों तक भी पहुंचा है। महापौर ने लोगों से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और प्रधानमंत्री की विकसित भारत संकल्प यात्रा के सहयात्री बनें।

महापौर डॉ.अजय कुमार वार्ड 13 चकहरेटी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत में आये लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। वार्ड 19 गोपाल नगर में संकल्प यात्रा का क्षेत्र के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया। विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि सरकार की योजनाएं सीधे आम आदमी तक पहुंच रही हैं। अकेले उत्तर प्रदेश में ही 261 लाख मीट्रिक टन से अधिक मुफ्त राशन गत चार वर्षो में लोगों को वितरित किया गया है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी पटरी वालों को दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का बिना गांरटी लोन दिया गया है। उन्होंने सभी लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह सब प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के कारण हो रहा है।

महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने चकहरेटी में कहा देश-प्रदेश में मजबूत नेतृत्व के कारण लोगों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिल रहा है। पीएम आवास योजना के अंतर्गत सहारनपुर में ही 25 हजार से ज्यादा आवास बनाकर दिए जा चुके हैं। महानगर मंत्री शीतल विश्नोई ने कहा आज योजनाओं के साथ सरकार लोगों के द्वार है। सभी कार्यक्रम स्थलों पर विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं का लाभ और जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा मंडल अध्यक्ष ठाठ सिंह राणा व राजकुमार कालड़ा, महानगर मंत्री रेखा रोहिला ने भी सम्बोधित किया। उक्त कार्यक्रमों में पार्षद आरती, पूर्व पार्षद उमेश शर्मा, प्रमोद चौधरी,पार्षद प्रतिनिधि नीरज कुमार, अक्षु छाबड़ा के अतिरिक्त महंत आशीष,सागर वर्मा, योग चुघ, शादीलाल धींगड़ा, राम राजपूत व राहुल झाम आदि मौजूद रहे। वार्ड 13 चकहरेटी में महापौर डॉ.अजय कुमार व वार्ड 19 गोपाल नगर में नगर विधायक राजीव गुंबर ने सभी लोगों को पंचप्रण की शपथ दिलाई तथा पीएम स्वनिधि, पीएम आवास के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र तथा उज्जवला योजना के लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित किये गए। शिशुओं को अन्न प्राशन भी कराया गया। चकहरेटी में जयवीर राणा ने तथा गोपाल नगर में संचालन डॉ. वीरेन्द्र आज़म ने किया।



# महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति रहें सजग : पूनम

✻ गरीब, असहायों को किए कम्बल वितरित

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

अखिल भारतीय नारी शक्ति फाउण्डेशन ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर गरीब असहायों को कम्बल वितरित किये गये। इस दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया गया। अशोक विहार स्थित पार्क में आयोजित समारोह में अखिल भारतीय नारी शक्ति फाउन्डेशन ट्रस्ट की पूनम जोशी को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओ पर हो रहे उत्पीडन को बर्दाशत नही किया जायेगा और अखिल भारतीय नारी शक्ति फाउन्डेशन ट्रस्ट द्वारा पिछले तीन वर्षो से निःशुल्क मार्शल आर्ट गाँव-गाँव में चलाया जा रहा है, ताकि बालिकाएँ एवं महिलाये स्वयं आत्मरक्षा सकें। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा महिलाओं को रोजगार के प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। ताकि महिलाएं स्वयं रोजगार पर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवमणि भारतीय ने कहा कि बालिका को घर से प्रेरणा देनी चाहिए, ताकि वह संघर्षशील महिला बन सके। विशिष्ट अतिथि सुषमा बजाज ने कहा कि महिलाओं को एक जुट होना चाहिए, क्योंकि एकता में ही शक्ति होती है। विशिष्ट अतिथि उर्मिला (एक्टर) ने कहा कि महिलाओ पर अत्याचार रोकने के लिए वह प्रयास करती रहेगी। जब तक महिलाओ पर उत्पीडन नही रूकेगा, तब तक वह पीछे नहीं हटेगें। कार्यक्रम में उपस्थित संस्थापक अरविन्द मौर्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष चरण सिंह, पंजाब प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार, उत्तराखण्ड प्रदेश अध्यक्ष सोनिया रानी, जिला अध्यक्ष उमा रानी, जिला उपापध्यक्ष प्रतिभा रानी, जिला कोषाध्यक्ष अश्वनी मैनवाल, जिला सचिव संदीप कुमार, जिला मीडिया प्रभारी सन्नी मौर्य, बलिया खेडी ब्लॉक अध्यक्ष मेमोरानी, आदि सैकडो लोग उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय कुराश टीम के चयन में सहारनपुर मंडल का दबदबा कायम

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर



स्कूल नेशनल कुराश प्रतियोगिता के लिए आज राज्य स्तरीय टीम को खिलाड़ियों का चयन किया गया। जो 11 से 16 जनवरी 2024 तक दिल्ली में आयोजित स्कूल नेशनल कुराश प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आज गांधी पार्क के डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्य स्तर पर टीम का चयन किया गया। चयन प्रतियोगिता का शुभारम्भ कुराश एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव विक्रान्त कुमार व क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सैना ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के सचिव प्रवीण चौधरी व्यायाम शिक्षक एसडी इण्टर कॉलेज ने बताया कि प्रतियोगिता में 9 मंडलों से 265 बालक बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चयन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों का चयन स्कूल नेशनल कुराश प्रतियोगिता के किया गया। चयनित खिलाड़ी 11 से 16 जनवरी 2024 तक दिल्ली में आयोजित स्कूल नेशनल कुराश प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित टीम में अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग में 25 किलोग्राम में आतिफ सहारनपुर, 30 किलोग्राम में उमंग सहारनपुर, 35 किलोग्राम में शिवम सहारनपुर, 40 किलोग्राम में शुभम वाराणसी, 45 किलोग्राम में गौरव सहारनपुर, 50 किलोग्राम में गौतम वाराणसी, 55 किलोग्राम में ओजरे वाराणसी, ओपन किलोग्राम में शुभम पाल वाराणसी, 36 किलोग्राम में सुहाना सहारनपुर, 40 किलोग्राम में अविका गाजियाबाद, 44 किलोग्राम में वैष्णवी सहारनपुर, 48 किलोग्राम में सबीना सहारनपुर, ओपन किलोग्राम में साक्षी वाराणसी, अंडर 17 वर्ष आयु वर्ग में 40 किलोग्राम में कृष्णा सहारनपुर, 45 किलोग्राम में अजीत वाराणसी, 50 किलोग्राम में पारस सहारनपुर, 55 किलोग्राम में सूर्य प्रताप सहारनपुर, 60 किलोग्राम में हर्ष सिंह सहारनपुर, 66 किलोग्राम में मृत्युंजय सहारनपुर, 73 किलोग्राम में शौर्य सहारनपुर, ओपन किलोग्राम में शिव कुमार पाल वाराणसी, 36 किलोग्राम में मुद्रिका सहारनपुर, 40 किलोग्राम में ईशा सहारनपुर, 44 किलोग्राम में नेहा वाराणसी, 48 किलोग्राम में प्रीती वाराणसी, 52 किलोग्राम में वंशिका सहारनपुर, 57 किलोग्राम में भूमि सहारनपुर, 63 किलोग्राम में राजनंदनी वाराणसी, ओपन श्रृष्टि गाजियाबाद, अंडर 19 वर्ष आयु वर्ग में 45 किलोग्राम में देवांश सहारनपुर, 50 किलोग्राम में रोहन सहारनपुर, 55 किलोग्राम में ऋषभ सहारनपुर, 60 किलोग्राम में अजीत प्रयागराज, 66 किलोग्राम में कृष्णा सहारनपुर, 73 किलोग्राम में हिमांशु सहारनपुर, 81 किलोग्राम में हनी गाजियाबाद, ओपन तनिष्क सहारनपुर, 40 किलोग्राम में संजना वाराणसी 44 किलोग्राम में वर्षा सहारनपुर, 48 किलोग्राम में राधिका सहारनपुर, 52 किलोग्राम में निशिका सहारनपुर, 57 किलोग्राम में नियति सहारनपुर, 63 किलोग्राम में आकांक्षा सहारनपुर, 70 किलोग्राम में सलोनी सहारनपुर, ओपन किलोग्राम में सलोनी सिंह सहारनपुर शामिल है। इस अवसर राजकुमार, सुबोध पुंडीर, कंवर पाल यादव, सोनिया, निकुंज, कृष्ण पाल, मुकेश, अमर सिंह, अफजल व रविन्द्र कुमार आदि व्यायाम शिक्षको का विशेष सहयोग रहा।

# व्यापारी विवेक की मौत के कारणों की जांच को समिति गठित

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि की महानगर इकाई की आयोजित बैठक में नगर निगम के अधिकारियों की उदासीनता के चलते विवेक जुनेजा की मौत पर व्यापारियों ने रोष व्यक्त करते हुए मौत के कारणों की जांच के लिए समिति का गठन किया है, जो मुख्यमंत्री से इस मामले को लेकर भेंट करेगी। रेलवे रोड स्थित व्यापार भवन मे आयोजित बैठक में मृतक व्यापारी विवेक जुनेजा की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महानगर महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने कहा कि मृतक व्यापारी विवेक जुनेजा के साथ नगर निगम द्वारा की गयी कार्यवाही दुर्भाग्यपूर्ण है। व्यापार मण्डल इसकी घोर निंदा करता है। उन्होंने कहा कि गत माह खुमरानपुल पर चौड़ीकरण के नाम पर जिन चार दुकानों को तोड़ा गया था उनमें से एक दुकान विवेक जुनेजा की थी। विवेक जुनेजा को निगम अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया था कि वह उन्हें दुकान आवंटित करेंगे लेकिन ऐसा न करके व्यापारी का उत्पीड़न किया गया। जिस कारण व्यापारी की आकस्मिक मृत्यु हो गयी जिसका जिम्मेदार नगर निगम के अधिकारी हैं। श्री मनोचा व श्री चावला ने कहा कि व्यापारी विवेक जुनेजा कारोबार खत्म होने के कारण आर्थिक तंगी का शिकार हो गये थे जिस कारण उनका स्वास्थ्य भी खराब हो गया था और अंततः उनका निधन हो गया। बैठक में सर्वसम्मति से एक पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया जिसमें पुनीत चौहान, एडवोकेट रमेश अरोडा, संजय भसीन, सुधीर मिगलानी, स.गोविन्दर सिंह शामिल रहेंगे। उक्त कमेटी इस मामले की जांच करेगी तथा सूबे के मुख्यमंत्री को इस मामले से अवगत कराकर मृतक व्यापारी को न्याय दिलाने का कार्य करेगी। बैठक में महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा, महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला, प्रदेश संगठन मंत्री रामराजीव सिंघल, प्रदेश अध्यक्ष आईटी मंच राजीव मदान, मंडल महामंत्री संजय भसीन, गुलशन अनेजा, नीरज जैन, पुनीत चौहान, सुधीर मिगलानी, कुबेर नरूला मौजूद रहे।

# पैथोलॉजी सेंटर का ताला तोड़कर लाद ले गए 60 लाख की सीटी स्कैन मशीन

जन एक्सप्रेस । बहराइच

✻ पुलिस के हस्तक्षेप से जनरेटर व अन्य सामान बचा नानपारा विधायक की प्रयास से प्राथमिक की दर्ज कराने की तैयारी

शहर के मुख्य स्थल अस्पताल चौराहा के निकट एक पैथालॉजी का ताला तोड़कर रविवार की देर रात एक व्यक्ति सीटी स्कैन मशीन पिकअप पर लाद ले गया। मशीन की कीमत साठ लाख रुपए बताई जाती है। पीड़ित पक्ष ने इसका वीडियो बनाकर कोतवाली में दिया। नानपारा विधायक के हस्तक्षेप से प्राथमिकी दर्ज कि ओर जाने की तैयारी की जा रही है।

कोतवाली देहात के मोहल्ला रायपुर राजा सिविल लाइन निवासी किरन सिंह पत्नी धीरेंद्र कुमार सिंह का सीटी स्कैन केंद्र अस्पताल चौराहा पर सरकार डाइग्नोस्टिक सेंटर के नाम से प्रशांत सिंह के मकान में संचालित है। किरन सिंह का कहना है कि रविवार रात 11.30 बजे क्रेन मशीन लेकर एमपी सिंह पुत्र पुत्र अयोध्या प्रसाद बक्श अपने तीन अन्य सहयोगियों के साथ पहुंचे। इसके बाद क्रेन से सीटी स्कैन मशीन को उठवाकर पिकअप वाहन में लदवाने लगे। तभी अस्पताल से घर जाते समय महिला का भाई कमल किशोर सिंह निकला। उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पीआरवी पुलिस मौके पर गई। इसके बाद भी आरोपी मशीन लेकर अपने घर कानूनगोपुरा मोहल्ले में चले गए। इस मामले में कोतवाली देहात के प्रभारी कोतवाल दिलीप उपाध्याय ने बताया कि दोनों का साझा में सीटी स्कैन केंद्र में है। कोई विवाद हुआ होगा, तभी ले गए हैं। बाकी मामला कोतवाल ब्रह्मा गौड़ जानें। पीड़िता किरन सिंह ने बताया कि उनके पति धीरेंद्र सिंह ने पैथोलॉजी सेंटर का काम शुरू किया था बाद में एमपी सिंह पार्टनर के रूप में आगे उनकी साजिश से उनके पति जेल चले गए। पति की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर देर रात एमपी सिंह ने सीटी स्कैन मशीन ताला तोड़कर ऊंट वाली और जनरेटर तथा अन्य सामान ले जाने की फिराक में था तभी उनके भाई ने उसे देख लिया और पुलिस की मदद से अन्य सामान जाने से रोक लिया है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी एडीओ पंचायत हैं। बलहा विकास खंड में हुए घोटाले में उन्हें हाई कोर्ट के आदेश पर जेल जाना पड़ा था। इतना ही नहीं 60 लाख की मशीन का बजट लेकर 30 लाख में स्थापित करवाया। उसका भी केस तीन लोगों पर दर्ज है। इसके बाद अपने साझेदार को दुष्कर्म के मामले में जेल भेजवा दिया। इस मामले में भाजपा नेता डॉ. राजू निगम ने बताया कि नानपारा विधायक के हस्तक्षेप से पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

# सरकार का उद्देश्य प्रत्येक लाभार्थी को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ : जयप्रकाश रावत

जन एक्सप्रेस । हरदोई



ब्लॉक बावन के ग्राम पुरौरी में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीण संवाद कार्यक्रम में सांसद जयप्रकाश रावत नें लाभार्थियों से सीधे संवाद किया संवाद कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास किसान सम्मन निधि उज्वला योजना आज योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए विद्यालय के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं सांसद ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अपने देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करने को लेकर शपथ दिलाई इस दौरान ग्रामीणों को उज्ज्वला योजना पेंशन किसान सम्मान निधि उद्यान विभाग से संबंधित संचालित योजनाएं लघु सिंचाई कृषि विभाग सहित आयुष्मान कार्डों के अलावा गांव के हर लाभार्थी को सरकार की योजना के बारे में जानकारी दी एवं इस मौके सिंह चिंकू ने कहा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ हरण लाभार्थियों को मिल रहा है सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति सरकारी योजना से वंचित न रह पाए इस मौके उप कृषि निदेशक डॉ नंदकिशोर वीडियो डॉक्टर राम प्रकाश सीएचसी इंचार्ज डॉक्टर विनीत तिवारी डॉक्टर इकराम हुसैन डॉक्टर शशिकांत मिश्रा डॉ अनूप निगम योगेंद्र सिंह प्रधान गुड्डू सिंह सुमित सिंह एवं पदाधिकारी भारी जन समुदाय के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शहर में फैला कथित तांत्रिकों का मकड़ जाल

जन एक्सप्रेस/सहारनपुर। शहर से लेकर गांव देहात में कथित तांत्रिकों की बाढ़ सी आई हुई है। शर्तिया नौकरी लगवाने, सौतन से छुटकारा, प्रेम विवाह की तक गारंटी दे देकर यह कथित तांत्रिक भोले भाले लोगो के साथ खुली ठगी करने में लगे है। कुछ समय पहले थाना सदर बाज़ार पुलिस ने एक ऐसे ही कथित तांत्रिक को हकीकत नगर मोड़ स्थित सदर मार्किट से काबू कर लिया था। इतना ही नहीं एक महिला के पति ने तांत्रिक की जमकर धुनाई भी की थी। वर्तमान समय मे इस कथित तांत्रिक ने थाना सदर बाज़ार क्षेत्र में ही मिशन कंपाउंड स्थित सीएनआई, चर्च रोड़ पर बनी मार्किट में तांत्रिक की अपनी दुकान फिर से सजा ली है। सूत्रों का कहना है कि गुरु गुलाब खान नाम के उक्त तांत्रिक ने शहर के गली मोहल्ले में अपने एजेंट भी छोड़ रखे हैं, जो महिलाओं युवाओं तथा बेरोजगारों को बहला-फुसलाकर उक्त तांत्रिक के जाल में फंसाने का काम करते हैं।

## रामलीला मेले में हवाई फायरिंग से दहशत, पुलिस पर थाने ले जाकर आरोपी को छोड़ने का आरोप

जन एक्सप्रेस/हरदोई। विकास खंड बाबन की ग्राम पंचायत दुलारपुर में पुलिसकर्मी की मौजूदगी के बावजूद अपराधियों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है।कि उन्होंने हनुमान मंदिर पर चल रही रामलीला में खुलेआम हवाई फायरिंग कर दहशत का माहौल बना दिया।तथा अज्ञात दो युवकों द्वारा उत्पात मचाया मचाने पर पुलिस उनको पकड़ कर थाने ले गई लेकिन दोनो को छोड़ दिया गया ।इस तरीके से अगर अपराधी व्यक्तियों पर कार्यवाही नहीं होगी तो भला खाकी वर्दी का क्या होगा ग्राम प्रधान से बातचीत में बताया गया की अराजक तत्वों के द्वारा रामलीला में हवाई फायरिंग की गई जिसको लेकर लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है फायरिंग करने वाले अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करना चाहिए था।

# नाबालिग बेटी को मां ने एक लाख में बेचा

✻ एक सप्ताह हुई बलात्कार की शिकार, सीडब्लूसी ने दिया एफआईआर दर्ज करने का आदेश

✻ सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व महिला सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा उसे छुड़ा लिया

जन एक्सप्रेस । बहराइच



जिले के थाना राम गांव क्षेत्र के एक गांव की कक्षा 5 की छात्रा अवयस्क बालिका को उसकी सगी मां ने विसवा, सीतापुर ले जाकर वहां एक लाख में बेच दिया और खरीददार ने इस मासूम बालिका के साथ एक सप्ताह तक बलात्कार किया। इस मामले में स्वयंसेवी संस्था देहात की कार्यकर्ता अर्चना मिश्रा द्वारा पुलिस की मदद से बरामद कर बाल कल्याण समिति न्यायपीठ के समक्ष प्रस्तुत किया। इस पर न्यायपीठ के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव ने जुडिशल मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की शक्तियों का प्रयोग कर पीड़िता की मां समेत अन्य के खिलाफ पाक्सो एक्ट 2012 की धारा 19, 20 व 21 के तहत कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज करके कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने पर करीब 15 वर्षीय पीड़िता में बताया कि उसके जैविक पिता की मृत्यु के बाद उसकी मां ने अपनी दूसरी शादी कर ली इसके बाद पीड़िता को विश्वास सीतापुर ले जाकर एक लाख में एक व्यक्ति के हाथ बेच दिया। पीठ के अध्यक्ष व सदस्य/ मजिस्ट्रेट दीपमाला प्रधान व श्रवण कुमार शुक्ला के समक्ष विलखते हुए बताया कि उसके खरीददार ने उसके साथ एक सप्ताह तक बलात्कार किया और विरोध करने पर उसे बुरी तरह मारा पीटा। इससे तंग आकर वह किसी तरह उसके चंगुल से निकलकर भाग कर अपने घर आई तो यहां खरीददार के दबाव के चलते उसकी मां उसे फिर जबरन सीतापुर भेजना की तैयारी करने लगी। तभी गांव के किसी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व महिला सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा उसे छुड़ा लिया गया।

# सड़क हादसे में मासूम समेत 4 की मौत, 10 लोग घायल

**✻ मां पीतांबरा से दर्शनकर लोडर से लौट रहे थे गांव, अनियंत्रित डंपर की टक्कर से हुआ हादसा**

जन एक्सप्रेस | उरई

कोतवाली क्षेत्र के केथेरी टोल के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से सर्विस रोड पर उतरते समय तेज रफ्तार डंपर ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें पिकअप पर सवार लोगों में मासूम समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि पिकअप पर सवार गांव के अन्य लोगों में करीब दस लोग घायल हो गए। वहीं मृतक बेटे के पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुहाना निवासी दुर्वाश यादव अपने परिवार समेत गांव के स्कूली बच्चों के साथ दतिया पीताम्बरा माता के दर्शन करने पिकअप से गए हुए थे। गांव से सभी मां के नाम का जयकारा लगाकर बहुत खुश होकर निकले थे। दर्शन करने के बाद सभी श्रद्धालु रविवार देर रात पिकअप लोडर पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। तभी




बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के कैथेरी टोल के पास सर्विस रोड की ओर मुड़ी श्रद्धालुओं से भरी पिकअप लोडर में तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे पिकअप वहीं सड़क किनारे पलट गई और उस पर सवार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मची चीख-पुकार सुनकर राहगीर मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टोल कर्मियों की मदद से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जिसमें दुर्वास का दो वर्षीय बेटा अनिरुद्ध, पत्नी प्रियंका 28 वर्ष, मां मुन्नी देवी 50 वर्ष समेत गांव की ही नैंसी 16 वर्ष ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि दुर्वासा की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जबकि करीब दस लोगों का उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस द्वारा सभी के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## परिजनों में कोहराम तो गांव में पसरा सन्नाटा

उरई। शहर कोतवाली क्षेत्र में ग्राम कैथेरी के पास हुए सड़क हादसे में हुई एक ही परिवार के तीन लोगों सहित चार लोगों की मौत व करीब एक दर्जन घायलों की खबर गांव पहुंचते ही आग की तरह फैल गई। खबर सुनकर एक ओर मृतकों व घायलों के परिजनों में कोहराम मच गया तो दूसरी ओर गांव में मातम सा छा गया। इसके बाद मृतकों व घायलों के रोते बिलखते परिजनों के अलावा गांव के लोग मेडिकल कॉलेज की ओर रवाना हो लिए। परिजनों ने बताया कि सभी लोग गांव से हंसी-खुशी माता के जयकारे लगाते हुए दर्शन करने के लिए गए थे। वापस लौटते समय यह हादसा हो गया, जिससे एक ओर मृतक व घायलों के परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है, तो वहीं दूसरी ओर गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## डीएम-एसपी ने मेडिकल कॉलेज में सड़क हादसे में घायलों के उपचार का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस | उरई



जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने कैथेरी टोल प्लाजा के पास कल देर रात सड़क दुर्घटना में हुये घायलों को तत्काल राजकीय मेडिकल कालेज में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी ईरज राजा ने राजकीय मेडिकल कालेज में पहुंचकर घायलों का चल रहे उपचार का जायजा लिया। साथ ही घायलों का हालचाल जाना। उन्होने परिजनों से कहा कि सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होने राजकीय मेडिकल प्राचार्य को निर्देशित किया कि निरन्तर चिकित्सकों की निगरानी में घायलों को बेहतर उपचार दिया जाये। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पीड़ित व्यक्तियों की हर सम्भव चिकित्सा सहायता मुहैया करायी जायेगी। साथ ही उन्होने घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार, राजकीय मेडिकल कालेज प्राचार्य राजेश कुमार मौर्य, मेडिकल कालेज मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रशान्त निरंजन मौजूद रहे।

# सुरक्षा की दृष्टि से जनपदीय पुलिस ने बैकों मे चलाया चेकिंग अभियान

**✻ बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश**

जन एक्सप्रेस | महोबा



पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा द्वारा जनपद में विभिन्न बैंकिंग, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों के सत्यापन व असामाजिक तत्वों में पैनी नजर रख उनकी सघन चेकिंग किये जाने के निर्देश जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारी, चैकी प्रभारियों को निर्गत किए गए थे, जिसके क्रम में जनपदीय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया।
जनपदीय पुलिस बल द्वारा बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी। इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी। ज्ञातव्य हो कि पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने क्षेत्रअन्तर्गत पडने वाली बैंको, वित्तीय संस्थानों में जाकर निरन्तर संदिग्धों व असामाजिक तत्वों की चेकिंग तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है।

## बाइक से गिरकर दो महिलाएं घायल

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** श्रीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मुरानी के पास बाइक से गिरकर दो महिलाएं हुई गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल में उपचार जारी। दरअसल पूरा मामला महोबा जनपद के श्रीनगर थाना क्षेत्र के मुरानी गांव के पास का है जहां बाइक पर सवार दो महिलाएं अचानक असंतुलित होकर बाइक से गिर गई और हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हे एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनों घायलों का उपचार किया जा रहा है। बताया जाता है कि कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के लाड़पुर गांव निवासी 45 वर्षीय माया पत्नी दयाराम व 50 वर्षीय फूला मलखान बाइक में सवार होकर अपने पुत्र रोहित के साथ मध्य प्रदेश के उरदमऊ गांव जा रहे थे तभी श्रीनगर थाना क्षेत्र के मुरानी गांव के पास बाइक से गिरकर दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हे एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर की देखरेख में दोनों घायल महिलाओं का उपचार किया जा रहा है।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक

जन एक्सप्रेस | उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु ब्लैक स्पॉट, स्पीड ब्रेकर व सकेतांक रिफ्लेक्टर लगाने के साथ ही रॉन्ग साइड चल रहे वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वाले, नशे की हालत में वाहन चलने वाले व यातायात नियमों का पालन न करने वाले व्यक्तियों पर सख्त प्रभावी कार्यवाही अमल में लाये जाने के निर्देश दिए।उन्होंने वाहन चलाते समय यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई को राष्ट्रीय राजमार्गों व संबंधित मार्गों पर स्वैत/पीली पट्टी व ब्रेकरों को पेंट करने व आवश्यक स्थलों पर रेडियम पट्टिका लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाईवे पर अवैध कट को चिन्हित कर बंद कराए जाए इसके लिए नियमित निरीक्षण किए जाएं। उन्होंने कहा कि हाईवे पर पढ़ने वाले ढाबों/ होटल पर एप्रोच मार्ग/पार्किंग नहीं बने हुए हैं। वाहन सड़क पर खड़े किए जाते हैं ऐसे स्थान पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने ऐसे ढाबों/होटलों व वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि नियत स्थान के अलावा सड़क पर वाहन खड़े न हो नियमित अधिकारी भ्रमणशील रहे। जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि अगर चालक की लापरवाही से दुर्घटनाये हुई, तो लाइसेंस निरस्त कर आदि कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्कूली वाहनों, एम्बुलेंस व सरकारी विभागों में कार्यरत वाहनों व अन्य वाहनों की फिटनेस की जांच की समीक्षा एवं उनके चालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच तथा ड्राइविंग लाइसेंस का परीक्षण नियमित रूप से करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल व विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नुक्कड़ नाटक व रैली आदि के माध्यम से आम जनमानस को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जाए।इस अवसर पर एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, अधिशाषी अभियंता निर्माण खंड प्रथम सुनील कुमार, अधिशाषी अभियंता द्वितीय केसरी प्रकाश, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश सहित आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नहर में उतराता मिला अधेड़ का शव, नही हुई शिनाख्त

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट बैरागढ़ नहर में अज्ञात अधेड़ का शव उतराता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। शव की पहचान न होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर भेज दिया। बता दें कि सोमवार को देर शाम बैरागढ़ नहर में कोंच रोड पुल के पास एक अज्ञात अधेड़ का शव उतराता हुआ दिखाई दिया। जिसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच अपनी जांच पड़ताल की। शव को बाहर निकलवाया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। शव पुराना बताया जा रहा है। जिसकी उम्र 45 से 50 के बीच बताई जा रही है। थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि शव पुराना लग रहा है।शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। वही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर भेज दिया।

# पुलिस ने दो टप्पेबाजों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | उरई




नगर पंचायत में बने डाकघर के पास महिला एजेंट के साथ टप्पेबाजी की वारदात को अंजाम देने वाले दो टप्पेबाजों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक व एजेंट महिला के डेढ़ लाख रुपए बरामद किए गए।
कस्बा एट निवासी महिला एजेंट मिथला गुप्ता से बीती 7 दिसंबर की दोपहर को नगर पंचायत में बने डाकघर के पास टप्पेबाजी हो गई थी जिसमें बाइक सवार दो लड़के महिला एजेंट का वह बैग उठा ले गए थे जिसमें आरडी एफडी के रुपए और पास बुके थी। घटना की शिकायत पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर की थी। घटना को लेकर थानाध्यक्ष ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर घटना को अंजाम देने वाले बाइक सवार दोनों टप्पेबाजों की खोजबीन शुरू कर दी थी। सोमवार को थानाध्यक्ष संजय गुप्ता अपनी टीम के साथ क्षेत्र में धरपकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान मुखबिर द्वारा वारदात को अंजाम देने वाले युवकों की क्षेत्र में घूमने की भनक लगी। भनक लगते ही थानाध्यक्ष ने दल-बल सहित मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डाल दी और धुरट रोड पर शराब ठेके के पास घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। जिनके पास से पुलिस ने महिला एजेंट के करीब डेढ़ लाख रुपए बरामद किए। जबकि और वह बाइक भी बरामद की गई जिससे घटना को अंजाम दिया गया था। फिलहाल दोनों लड़के नाबालिक है, और जनपद झांसी के एरच थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

## युवती ने खाया जहर

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** कुलपहाड़ के कुटरा की एक युवती ने अज्ञात कारणों के चलते खाया जहरीला पदार्थ, परिजनों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल में कराया भर्ती। पूरा मामला महोबा जनपद के कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के कुटरा का है जहां कि एक 19 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है जिसे परिवारीजन गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर की देखरेख ने युवती का इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि कुलपहाड़ के कुटरा निवासी नंदराम की 19 वर्षीय पुत्री यशोदा ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर की देखरेख में युवती का इलाज किया जा रहा है।

# शीतलहर से बचाव हेतु आपदा प्रबंधन विभाग से जारी हुए टिप्स

जन एक्सप्रेस | महोबा

आगामी दिनों में संभावित ठण्ड व शीत लहर से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें, के सम्बन्ध में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। बचाव सम्बन्धी जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व राम प्रकाश ने जनसामान्य से अपील की है कि लोग स्वयं भी सचेत होकर शीतलहर आपदा से बचाव कर सकते हैं। अपर जिलाधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सर्दियों में पर्याप्त कपड़ो को पहने ताकि ठंड से बचा जा सके। कपड़ों की कई परतें अधिक सहायक होती है। आपातकालीन आपूर्ति जैसे भोजन, पानी, ईधन बैटरी चार्जर, आपातकालीन प्रकाश और साधारण दवा तैयार रखें। घर में ठंडी हवा के प्रवेश रोकने हेतु दरवाओं तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू नॉक बहना, भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती है। इस तरह के लक्षणों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतें तथा स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों या डॉक्टर से परामर्श करें। शीतलहर के दौरान मौसम की जानकारी तथा आपातकालीन प्रक्रिया की जानकारी का बारीकी से पालन करें एवं शासकीय एजेंसियों की सलाह के अनुसार कार्य करें।
जितना हो सके घर के अंदर रहे और ठंडी हवा बारिश बर्फ के संपर्क को रोकने के लिए कम यात्रा करें। एक परत वाले कपड़े की जगह ढीली फिटिंग वाले परतदार हल्के कपड़े, हवा रोधी, सूती का बाहरी आवरण तथा गर्म उनी भीतरी कपड़े पहने।

## न्यायालय परिसर में संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों व वस्तुओं की सघन चेकिंग की गयी

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आज सोमवार को एएस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड एवं एलआईयू महोबा व न्यायालय सुरक्षा की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत न्यायालय परिसर महोबा में सघन चेकिंग की गई। न्यायालय परिसर के सभी गेटों पर पुलिस बल तैनात कर हर आने-जाने वाले शख्स की जांच कराई गई। संदिग्धों की तलाशी लेते हुए उनसे आने का कारण पूछा गया। न्यायालय परिसर में लॉकअप, पार्किंग,एवं मैन गेट पर आने जाने वाले लोगों से पूछताछ कर उनका वैरीफिकेशन कराया गया। वहीं आने जाने वाले वाहनों को वैरियर लगाकर चैक किया जा रहा था। इसके अलावा स्कैनर से बैग, वस्तुओं व अन्य सामान की चेंकिंग करने के बाद ही व्यक्तियों को अंदर प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं न्यायालय के बाहर खड़ी गाड़ियों को भी चेक किया गया चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक, संदिग्ध वस्तु बरामद नही हुई।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडियन ऑयल के बैतालपुर टर्मिनल की अतिरिक्त सुविधाएं राष्ट्र को समर्पित की

जन एक्सप्रेस | बैतालपुर, देवरिया

भारत के प्रधान मंत्री रेंद्र मोदी ने 319 करोड़ रुपये की लागत की इंडियन ऑयल के बैतालपुर टर्मिनल पर अतिरिक्त सुविधाएं राष्ट्र को समर्पित कीं।
प्रधान मंत्री द्वारा इन सुविधाओं का लोकार्पण वाराणसी से एक वर्चुअल समारोह के माध्यम से किया गया। इंडियन ऑयल के बैतालपुर टर्मिनल पर इस लोकार्पण समारोह में शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक, देवरिया सदर, देवरिया-कुशीनगर, श्री अखंड प्रताप सिंह, जिला मजिस्ट्रेट, देवरिया; संकल्प शर्मा, पुलिस अधीक्षक, देवरिया; भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, अंतरयामी सिंह, देवेन्द्र सिंह, महाप्रबंधक (संचालन), यूपीएसओ-I, इंडियन ऑयल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ जिला प्रशासन और इंडियन ऑयल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए इस टर्मिनल पर 319 करोड़ की लागत से मौजूदा सुविधाओं में वृद्धि की गई है। इसकी भंडारण क्षमता 30,000 किलोलीटर से बढ़ाकर 1,02,000 किलोलीटर कर दी गई है। इस टर्मिनल में नए टैंकों का निर्माण किया गया है और कुछ मौजूदा टैंकों की भंडारण क्षमता को सुरक्षा मानदंडों को पूरा करते हुए बढ़ाया गया है। संशोधित टर्मिनल में 2×8 बे टैंक ट्रक लोडिंग गैन्ट्री और एमएस, एचएसडी, इथेनॉल और बायोडीजल के भंडारण टैंक भी शामिल है। यह टर्मिनल अब पटना-मोतिहारी-बैतालपुर पाइपलाइन से जुड़ चुका है। पाइपलाइन कनेक्टिविटी होने से प्रति वर्ष लगभग 14,000 टन कार्बन उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है। इस टर्मिनल पर अब रेल वैगनों या पाइपलाइन के माध्यम से पेट्रोलियम उत्पाद प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। संवर्धित टर्मिनल पर वित्त वर्ष 23-24 के लिए अनुमानित थ्रूपुट 1,090 टीएमटीपीए (एमएसः 1230 केएल/ प्रतिदिन और एचएसडीः 1970 केएल/प्रतिदिन) है। दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में इस टर्मिनल से क्षेत्र से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने के साथ-साथ सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है। इस सुविधा से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नए अवसरों के दृष्टिगत प्रति वर्ष 11.9 लाख मानव-घंटे का सृजन होगा जो स्थानीय आबादी को लाभान्वित करेगी।
इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रभाकर राय, सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेन्द्र शाही, एसवी सिंह डीपी सिंह, एमके श्रीवास्तव, ऐके त्रिपाठी, एवं आलोक यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## राजन जी महाराज की राम कथा कथा 23 से, तैयारी शुरू

जन एक्सप्रेस | देवरिया

सिद्ध पीठ बारीपुर में प्रसिद्ध कथा वाचक राजन जी की नौ दिवसीय कथा होगी। इस कथा की तैयारी जोरों पर चल रही है। इस कथा के लिए शहर के सुभाष चौक से बारीपुर तक 23 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा निकलेगी। यह जानकारी बारीपुर पीठ के उत्तराधिकारी संत गोपालदास ने पत्रकारवार्ता में दी।उन्होंने कहा कि कथा 23 से शुरू होकर 31 दिसंबर तक चलेगी। इसके लिए तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।उन्होंने कहा कि कथा 23 दिसंबर को शुरू होकर 31 दिसंबर तक चलेगी। इसके लिए अधिकांश तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि श्री रघुनाथजी का गुणगान संपूर्ण सुमंगल को प्रदान करने वाला हैं। जो इसे भक्ति भाव से आदर सहित सुनता हैं द्य वह बिना किसी साधन के सहज रूप से भवसागर को पार करने में समर्थ हो जाता है द्य उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में उत्पन्न होने वाले संशय को रामकथा दूर करती है। जनपदवासियों से अनुरोध है कि वे बारीपुर में पहुंच कर ऐसी रामकथा का रसपान करें।

# 31 दिसंबर 2023 तक फसल बीमा करा सकेंगे किसान

जन एक्सप्रेस | देवरिया



जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने बताया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के लिये अधिसूचना रबी 2023 जारी कर दी गयी है। फसल बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गयी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सभी किसानो के लिये स्वैच्छिक कर दी गयी है। जनपद देवरिया में प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु एग्रीकल्चर इन्शोरेन्स कम्पनी ऑफ इण्डिया नामित है तथा अधिसूचित फसल गेहूँ हेतु कृषको द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का 1.50 प्रतिशत है। ÷प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना÷ सभी किसानो के लिये स्वैच्छिक कर दी गयी है। फसली ऋण लेने वाले ऋणी किसान यदि अपनी फसलों का बीमा नही कराना चाहते है तो बैंक शाखा स्तर पर जहाँ से उनको फसली ऋण की सुविधा प्राप्त हुयी है, वहाँ 24 दिसंबर 2023 तक लिखित रूप से अवगत करा दें अन्यथा किसान के खाते से बैंक द्वारा प्रीमियम अनिवार्य रूप से काट लिया जायेगा।÷ जो कृषक गैर ऋणी है फसल बीमा कराना चाहते है वह नजदीकी जन सेवा केन्द्र से सम्पर्क कर बीमा करा सकते है। फसल नुकसान की स्थिति में कम्पनी के टोल फ्री नम्बर - 1800 889 6868 एवं सम्बन्धित बैंक, कृषि विभाग एवं क्राप इन्श्योरेन्स ऐप के माध्यम से 72 घण्टे के अन्दर फसल नुकसान की सूचना बीमा कम्पनी को पंजीकृत करा दे।
कृषक बैंक शाखा से सम्पर्क कर यह अवगत हो सकते है कि बैंक द्वारा काटा गया प्रीमियम सम्बन्धित बीमा कम्पनी को ससमय प्रेषित कर दिया गया है।

## नवनिर्वाचित अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने ली शपथ

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** नवनिर्वाचित बार संघ के अध्यक्ष सहित कार्यकारणी के सभी पदाधिकारियो को चुनाव अधिकारी बालेन्द्र सिंह एडवोकेट ने अधिवक्ता हाल मे शपथ दिलाई। बार एसोसिएशन महोबा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष इन्द्रपाल यादव, महामंत्री शिवपाल सिंह कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार माझी सहित कार्यकारणी के समस्त पदाधिकारियो को शपथ दिलाई गयी। शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष इन्द्रपाल सिंह यादव ने अपने उद्बोधन मे कहा कि जो उत्तर दायित्व मुझे अधिवक्ताओं द्वारा सौपा गया है।

## आमसूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे खेत का खाता संख्या 002, खसरा संख्या 346, 638 जिसका क्रमशः रकवा 1.9020 एवं 1.6430 मौजा गढ़र परमाई रजक पुत्र खचेरे रजक के नाम है, मेरे पिता की उम्र 85 वर्ष होने की वजह से मानसिक स्थिति खराब है एवं अपना अच्छा-बुरा समझ पाने में असमर्थ है। उपरोक्त जमीन कोई भी व्यक्ति खरीदता है, तो वह गैर कानूनी समझी जाएगी।

शपथकर्ता
रामजी पुत्र परमाई

# वेतन भुगतान ना होने से नाराज़ तदर्थ शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, कार्यालय पर जड़ा ताला

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**



जनपद में विगत सत्रह माह के बकाए वेतन की माँग को लेकर आन्दोलित तदर्थ शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर ताला जड़ कर प्रर्दशन शुरू कर दिया। जिले के 40 से अधिक एडेड माध्यमिक स्कूलों में कार्यरत 201 तदर्थ शिक्षको का 17 माह से वेतन बकाया है।

बीते नौ नवम्बर को माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार द्वारा जारी शासनादेश में इन तदर्थ शिक्षकों की सेवाएँ समाप्त करते हुए अवशेष 17 माह के वेतन निर्गत करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए है। पड़ोसी जनपदों अगोध्या, बस्ती, गोण्डा बलरामपुर, मऊ ,आजमगढ़, प्रतापगद, अमेठी, उन्नाव सहित अन्य जनपदों में तदर्थ शिक्षकों को वेतन दिया चुका है। तदर्थ शिक्षक जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह की हीला हवाली से तंग आकर बीते शनिवार को कार्यालय पर धरना दिया था उस दिन पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक ने आनन फानन में सायं सात बजे तक दो विद्यालयों सैदापुर व सुरहुरपुर को छोड़कर सभी विद्यालयों का वेतन बिल तैयार कराकर ट्रेजरी भिजवाया लेकिन ट्रेजरी बंद हो जाने के कारण बिल वापस आ गया। रविवार अवकाश के बाद कार्यालय पहुंचे तदर्थ शिक्षकों को तब झटका लगा जब कार्यालयी कर्मियों ने बताया कि जिला विधालय निरीक्षक ने बेतन बिल रोक लिया है। जिला विद्यालय निरीक्षक को बुलाने की माँग कर रहे तदर्थ शिक्षकों ने कार्यालय में ताला जड़ दिया। इस बीच उप जिलाधिकारी अकबरपुर के निर्देश पर पहुँचे उप निरीक्षक संजय यादव से तदर्थ शिक्षकों की नोंक झोक के बाद कार्यालय में बाहरी फंसे लोगो को बाहर करने पर सहमति बनी, लेकिन उपनिरीक्षक द्वारा मना करने के बाद भी शिक्षक जिला विद्यालय निरीक्षक और उप जिला अधिकारी को बुलाने की मांग करते हुए कार्यालय में ताला जड़ कर प्रदर्शन जारी रखा।

धरने की अध्यक्षता तदर्थ शिक्षक संघर्ष समिति के संयोजक राजमणि सिंह व संचालन अरुण प्रकाश ने किया। धरने में जिला मंत्री आशाराम वर्मा सहित सभी शिक्षकों ने भाग लिया।

# एनटीपीसी-कप सब जूनियर गर्ल्स स्टेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**



एनटीपीसी टांडा द्वारा अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व-सामुदायिक विकास के तहत एनटीपीसी-कप सब जुनियर गर्ल्स हॉकी स्टेट टूर्नामेंट का शुभारंभ एकलव्य स्टेडियम में किया गया। ओलंपिक एसोसिएशन, के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गिरीश चन्द्र यादव, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार, खेलकूद एवं युवा कल्याण ), विशिष्ट अतिथि हरिओम पाण्डेय, सदस्य विधान परिषद और त्रयंबक तिवारी, जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, द्वारा माँ सरस्वती एवं मेजर ध्यानचन्द के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि एनटीपीसी टांडा द्वारा जिले में पहली बार इस जुनियर गर्ल्स हॉकी स्टेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना प्रसन्नता का विषय है। इससे राज्य के महिला खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया जा सकेगा। उन्होंने अपने संबोधन में एनटीपीसी टांडा द्वारा जनपद में किए जा रहे अनेक कल्याणकारी कार्यों की भरपूर सराहना की एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान खेल स्मारिका पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

इस प्रतियोगिता में प्रयागराज गोरखपुर, वाराणसी, फैजाबाद, मेरठ, आजमगढ़, लखनऊ, कानपुर, एनटीपीसी अंबेडकरनगर हॉकी एसोसिएशन की टीम हिस्सा ले रही हैं। पहला मैच अयोध्या और मेरठ में हुआ जिसमें मेरठ जीता, दूसरा मैच आजमगढ़ और वाराणसी के बीच हुआ जिसमें आजमगढ़ जीता, तीसरा मैच एनटीपीसी और प्रयागराज के बीच हुआ जिसमें प्रयागराज जीता, चौथा मैच मेरठ और जिला हॉकी एसोसिएशन अंबेडकरनगर के बीच हुआ जिसमें हॉकी एसोसिएशन अंबेडकरनगर ने जीत हासिल की।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, अनुराज जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष, साधू वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी मिथिलेश त्रिपाठी, जिला खेलकूद अधिकारी, श्रीमती शीला भट्टाचार्य, जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के डा. हनुमान सिंह, एनटीपीसी के वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड आर) एस.एन.पाण्डेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एमएलके पीज कॉलेज में पुरातन छात्र संगोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में सोमवार को पुरातन छात्र परिषद की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में देश विदेश आये पुरातन छात्रों ने अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए एक दूसरे से अपना अनुभव साझा किया। जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर को एमएलके पीजी कॉलेज सभागार आयोजित पुरातन छात्र संगोठी कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता, संयुक्त सचिव बी के सिंह, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, स्थापना वर्ष 1955 के छात्र नानक शरण लाल श्रीवास्तव व परिषद अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, कुलगीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल ने कहा कि यह एक स्वर्णिम अवसर है जहाँ पर हम अपने सभी सीनियर व जूनियर से मिलकर उनकी जीवन यात्रा के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। पूर्व विधायक धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने सभी को बधाई देते हुए घोषणा की कि यदि महाविद्यालय द्वारा परिषद को जमीन मुहैया कराया गया तो एक गेस्ट हाउस के निर्माण के साथ ही निर्धन छात्र सहायतार्थ फण्ड को बनाने का पूरा प्रयास किया जायेगा। सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता, संयुक्त सचिव बी के सिंह ने सभी पुरातन छात्रों को बधाई देते हुए महाविद्यालय की प्रगति में सहयोग की अपेक्षा की। प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया, जबकि परिषद अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह ने सभी का स्वागत किया। इसके साथ ही जर्मनी से डॉ तौकीर अहमद व डॉ चंद्रेश्वर मिश्र, अमेरिका से तनवीर अहमद, आस्ट्रेलिया से गुंजन त्रिपाठी व डॉ महेश सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपने अनुभवों को साझा किया।

डॉ जितेंद्र भट्ट ने स्थापना वर्ष से लेकर अब तक की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 रेखा विश्वकर्मा व परिषद सचिव डॉ तुलशीष दूबे ने किया। इस अवसर पर प्रो0 आर के सिंह, प्रो0 अरविंद द्विवेदी, प्रो0 पी के सिंह, प्रो0 मोहिउद्दीन अंसारी, पूर्व विधायक अशफाक अहमद, जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह, अनुज सिंह व डी पी सिंह बैस सहित देश विदेश के कई गणमान्य नागरिक, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य, सेवानिवृत्त प्राध्यापक मौजूद रहे।

# राम बारात की दिव्यता, भव्यता, अलौकिकता ने रामभक्तों को किया विस्मृत

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की विश्व विश्रुत पुनीत नगरी में दशरथ महल, बड़ा स्थान से निकली सुभव्य राम बारात की दिव्यता, भव्यता, अलौकिकता ने सभी रामभक्तो दर्शकों को विस्मित कर दिया राम बारात ने त्रेतायुग में दशरथ महल से निकलने वाली राम बारात की परिकल्पना को साकार कर दिया। दशरथ महल के गौ संत परमार्थ सेवारत विंदु गद्याचार्य स्वामी देवेन्द्र प्रासादाचार्य महाराज की अध्यक्षता एवम पावन सानिध्य में दशरथ महल से हाथी, घोड़ा, रथ एवम सात राज्यों के बैंड बाजे, विद्युत जगमगाहट, बारात में आगे चलते हुए गजानन के विभिन्न स्वरूपों की झांकियों ने बारात की रौनकतता में चार चांद लगा दिया। दशरथ महल से निकली श्री राम बारात का संयोजन महाराज श्री के प्रिय शिष्य कृपालु श्री राम भूषण दास जी महाराज कर रहे थे। भक्तो को यह कहते सुना गया कि ऐसा प्रतीत होता है कि त्रेता युग में ऐसी ही भव्य राम जी की बारात दशरथ महल से निकल कर जनक पुर के लिए प्रस्थान की रही होगी। बारात में बारातियों की अपार भीड़ जिसकी गदना संभव नहीं थी। जय श्री राम के जय घोष, नृत्य, बैंड बाजों की कर्ण प्रिय ध्वनि दर्शकों, भक्तो को आनंद विभोर कर रही थी। आतिश बाजी, पुष्प वर्षा, जगह-जगह विंदु गद्याचार्य स्वामी श्री देवेन्द्र प्रसादाचार्य महाराज एवं बारात में शामिल तन तुलसी द्वाराचार्य मिथिला पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी विष्णु देवाचार्य महाराज, जगद्गुरु स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज राजस्थान से महंत राम दास महाराज, गुजरात से महंत जी, हनुमानगढ़ी से महंत माधव दास महाराज, महंत राम शरण दास रामायणी, राम गुफा से महंत भानुदास महाराज, रामशंकर दास जी रामायणी, वरिष्ठ अधिवक्ता राम शंकर शुक्ल, वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शंकर पांडे, श्री परमहंस सेवा ट्रस्ट के श्री नारायण मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, पत्रकार पवन कुमार पांडे, अधिवक्ता ध्रुव कुमार पांडेय, पुजारी द्वारिका जुलूस में दास, पुजारी राम नंदन दास, पुजारी राम दास और बड़ी संख्या में संत, महंत और भक्त शामिल हुए।

# गुरु तेगबहादुर की शहादत को यादकर ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा में हुआ शब्दकीर्तन

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

सिख गुरु गुरु तेगबहादुर का 348 वां बलिदान दिवस ऐतिहासिक गुरुद्वारा ब्रह्मकुंड में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस मौके पर मुख्यग्रंथी ज्ञानी गुरुजीत सिंह ने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहब तिलक और जनेऊ के लिए बलिदान दिए थे आज उनका बलिदान दिवस ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा में मनाया गया है, जिसमें संत महंत भी सम्मिलित हुए और गुरु तेगबहादुर के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि जब देश पर मुगलों का आक्रमण हुआ करता था तब गुरु जी ने रक्षा के लिए तलवार उठाई। इस अवसर पर दर्जनों संत महंत उपस्थित होकर के गुरु तेग बहादुर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन लंगर से हुआ। बलिदान दिवस के कार्यक्रम को यादगार बनाने वालों में गुरुद्वारा प्रबंधन से जुड़े अधिवक्ता कुलवीर सिंह, सुरजीत सिंह, चरनजीत सिंह आदि प्रमुख रहे। वहीं महंत बलजीत सिंह ने बताया कि गुरु जी के बलिदान दिवस पर संगत का आयोजन किया गया।जिसमें अयोध्या, लखनऊ नवाबगंज, फैजाबाद, गोंडा, सुल्तानपुर, अकबरपुर सहित अन्य जिलों के संगत के लोग अयोध्या पहुंचे और गुरु जी को नमन किया। जिसमें अयोध्या, लखनऊ नवाबगंज, फैजाबाद, गोंडा, सुल्तानपुर, अकबरपुर सहित अन्य जिलों के संगत के लोग अयोध्या पहुंचे और गुरु जी को नमन किया।

# पात्र व्यक्तियों से शादी अनुदान के लिए मांगे गए आवेदन

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जिला पिछड़ा कल्याण/ जिला समाज कल्याण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया कि शादी अनुदान के तहत जनपद बलरामपुर के पिछड़ी जाति (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) के समस्त व्यक्ति जिन्होनें वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपनी पुत्रियों की शादी 90 दिनों के अन्दर कर दी है अथवा वित्तीय वर्ष के भीतर करने वाले है, वे तत्काल शादी अनुदान हेतु www.shadi-anudan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करा लें। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजनान्तर्गत आवेदक की आय गरीबी सीमा के अन्तर्गत होनी चाहिये अर्थात शहरी क्षेत्र में रू0 56460.00 प्रतिवर्ष तथा ग्रामीण क्षेत्र में रू0 46080.00 प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। पिछड़े वर्ग के आवेदकों को तहसील द्वारा आनलाईन निर्गत जाति/आय प्रमाण पत्र का क्रमांक आनलाईन अंकित करना अनिवार्य होगा। विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होनी अनिवार्य है। पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला अथवा विकलांग आवेदक को वरीयता प्रदान की जायेगी। एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा।

इस योजनान्तर्गत पात्रता के आधार पर अद्यतन जनपद के 25 लाभार्थियों को प्रति लाभार्थी रू0 20000.00 उनके बचत खाते में ऑनलाईन भेजी जा चुकी है।

# भवदीय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में छात्र-छात्राओं ने गतिविधि दिवस का आयोजन किया

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**




भवदीय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा द्वितीय के छात्र-छात्राओं ने गतिविधि दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम का आरंभ अभिभावक सलाह समिति के सदस्यों विद्यालय के प्रबंध निदेशक मिश्री लाल वर्मा? अध्यक्ष पी.एन. वर्मा निदेशक डॉ0 रेनू वर्मा एवं शैक्षणिक सलाहकार अशोक तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित करने के साथ किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नौनिहालों ने स्वागत गीत के साथ अतिथियों का स्वागत किया। दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले नृत्य स्नो डांस ने सर्दियों की उपस्थिति का अनुभव कराया। इसके उपरांत **मौसम परिवर्तन** नाटक के साथ कविता ने लोगों में उत्साह का संचार किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रिंग ड्रिल का लोगों ने खूब आनंद लिया। जानवरों पर आधारित नृत्य नाटिका ÷जानवर बचाओ जंगली जीवन बचाओ÷ ने लोगों को सोचने के लिए बाध्य किया। बैले डांसग विंटर चैटर गीत ने बच्चों के साथ दर्शकों का मन प्रफुल्लित करने वाला रहा। विषय विविधता की खोज कार्यक्रम के बाद सभी अभिभावकों व दर्शकों को विभिन्न पाठ्य विषयों से सम्बन्धित ÷स्टॉल विजिट÷ के लिए आमंत्रित किया गया। जहाँ बच्चों की प्रतिभा ने जमकर वाहवाही बटोरी। विभिन्न विषयों को लेकर आगन्तुकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्साह व विश्वास भरे उत्तर की अभिभावकों ने खूब प्रशंसा की। द्वितीय चरण की शुरुआत हिंदी नाटक **जानवरों का दु:ख जानवरों की जुबानी** जानवरों का फैशन शो से हुआ। दोनों ही कार्यक्रम अत्यंत रोचक व ज्ञानवर्धक रहे। कार्यक्रम का समापन क्रिसमस उत्सव में यीशु के जन्मोत्सव के साथ हुआ। कार्यक्रमों में कक्षा 2 की अध्यापिकाओं के साथ अन्य अध्यापिकाओं का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। विद्यालय परिवार से प्रधानाचार्या श्रीमती बरनाली गांगुली? संचालिका श्रीमती आभा सिंह उपप्रधानाचार्या श्रीमती नीता मिश्रा व समन्वयक श्रीमती धारणा पांडे के कुशल संचालन में बच्चों का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# फ़िल्म 695 में अरुण गोविल सिनेमा के बड़े पर्दे पर आयेंगें नजर 19 जनवरी को होगी रिलीज

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



मनोरंजन दुनिया के असली राम कहे जाने वाले अरुण गोविल आगामी फिल्म **695** से सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं।

योगेश और रजनीश बेरी द्वारा निर्देशित और शादानी फिल्म्स द्वारा निर्मित, यह सिनेमाई उत्कृष्ट कृति 500 साल की गाथा है जो अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर मंदिर के निर्माण के लिए अथक संघर्ष का वर्णन करती है।निर्माता श्याम चावला, जो **695** के पीछे प्रेरक शक्ति हैं, का लक्ष्य इस ऐतिहासिक जीत के पीछे के तथ्यों को प्रस्तुत करके प्रत्येक हिंदी भारतीय के साथ जुड़ना है। फिल्म सिर्फ एक कथा नहीं है; यह लंबे समय से प्रतीक्षित सपने को साकार करने वाली घटनाओं का गहन अन्वेषण है। तारकीय कलाकारों में गोविंद नामदेव, मुकेश तिवारी, अशोक समर्थ, मनोज जोशी और दयाशंकर पांडे शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक ने फिल्म की प्रामाणिकता में योगदान दिया है। संगीत की उस्ताद दिव्या कुमार, पूजा गुलानी, आदर्श शिंदे और सुरेश वाडकर ने फिल्म के भावपूर्ण संगीत को अपनी आवाज दी है। अरुण गोविल ने राम और राम मंदिर की कहानी को वापस लाने के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान रखने वाली कालातीत कथा को फिर से प्रदर्शित करना सम्मान की बात है। **695** सिर्फ एक फिल्म नहीं है; यह एक फिल्म है हमारी सांस्कृतिक विरासत और आस्था की विजय का उत्सव।÷यह फिल्म 19 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जो देश भर के दर्शकों को लुभाने और प्रभावित करने का वादा करती है।

**695** एक सिनेमाई मील का पत्थर बनने की ओर अग्रसर है, एक सम्मोहक चित्रण जो हर भारतीय के दिल पर एक अमिट छाप छोड़ेगा।

# सूक्ष्म जीव विज्ञान पर आधारित निर्मित पुस्तक का विमोचन



**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज मे वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा सूक्ष्म जीव विज्ञान मे बढ़ते हुए रुझान विषय पर तैयार किए गए पुस्तक का विमोचन सोमवार को महाराज जयेंद्र प्रताप सिंह ने वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन, डॉ. मोहम्मद अकमल व डॉ. सद्गुरु प्रकाश की मौजूदगी में किया। एमएलकेपीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने 18 दिसंबर को बताया कि विगत वर्ष संपन्न हुए सूक्ष्म जीव विज्ञान में बढ़ते हुए रुझान विषयक पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में आए हुए शोधकर्तओं एवं विद्वानों के लेख पुस्तकाकार रूप में वेसर बुक्स पब्लिकेशन जित्ताउ, जर्मनी से प्रकाशित होकर विद्वानों के समक्ष आ चुकी है। इस महत्वपूर्ण सम्पादित पुस्तक का विमोचन बलरामपुर स्टेट महाराज जयेंद्र प्रताप सिंह द्वारा 18 दिसंबर को संपन्न किया गया। उन्होंने कहा कि महाराज जयेन्द्र प्रताप के इस सहयोग के लिए मै और मेरे सहयोगी संपादक डॉ मोहम्मद अकमल अनुग्रहित हैं और उनके प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि इस शोध ग्रंथ में सूक्ष्म जीव विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे शोधों के स्वरूप और उनकी विशेषता के विषय में विद्वान लेखकों ने सम्यक रूप से प्रकाश डाला है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस पुस्तक से सूक्ष्मजीव विज्ञान के क्षेत्र में कार्य कर रहे शोधकर्ताओं और विद्वानों को महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी। इसके प्रकाशन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय का विशेष योगदान है जो इस सम्पादित पुस्तक के मुख्य संपादक हैं। इसके प्रकाशन में अन्य दो सहयोगियों का भी योगदान है जिसमें डॉ सद्गुरु प्रकाश ने समन्वयक की भूमिका का निर्वाह किया है और डॉक्टर शिव महेंद्र सिंह ने संयोजक की भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ वीर प्रताप सिंह तथा धर्मेश जी उपस्थित रहे।

# संकट मोचन रोकड़िया हनुमान मंदिर पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण का कार्यक्रम संपन्न

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

धर्म नगरी अवध धाम में पुराने सरयू पुल के पास स्थित संकट मोचन रोकड़िया हनुमान मंदिर पर, गरीब जन कल्याण सेवा न्यास के तत्वाधान में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस कड़ाके भरी ठंड में, गरीब असहाय जरूरतमंदों को ठंड से बचने के लिए मंदिर के पूज्य महंत ओम प्रकाश दास उर्फ वैद्य बाबा के द्वारा समारोह पूर्वक कंबल वितरण का कार्यक्रम बड़े ही शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मंदिर पर अक्सर असहाय एवं गरीबों की समय-समय पर मंदिर के महंत ओम प्रकाश दास उर्फ वैद्य बाबा के द्वारा सहायता मिलता रहता है।

# एक्स-रे की फिल्म खत्म, निराश लौट रहे मरीज

**जन एक्सप्रेस | अबेडकर नगर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में एक्स-रे फिल्म न होने से मरीजों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 10 दिन से खत्म हुई एक्स-रे फिल्म अब तक अस्पताल में उपलब्ध नहीं हो सकी है। इसके चलते मरीजों व तीमारदारों को मजबूरन निजी पैथोलॉजी में ज्यादा पैसे देकर एक्सरे कराने को मजबूर होना पड़ रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में प्रतिदिन लगभग चार सौ मरीजों की ओपीडी होती है। इनमें से लगभग 30 मरीजों को एक्स-रे के लिए औसतन सलाह दी जाती है। ऐसे में मरीज अस्पताल में मुफ्त में एक्स-रे का लाभ कुछ दिन पहले तक पा जाते थे। हालांकि बीते 10 दिन से मरीजों व तीमारदारों को यह सुविधा नहीं मिल पा रही है। दरअसल अस्पताल में सिर्फ हाथ व पैर के लिए ही एक्स-रे फिल्म उपलब्ध है। जबकि सीने से जुड़ी एक्स-रे की फिल्म खत्म है। ऐसे में यहां पहुंचने वाले मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। निजी पैथोलॉजी सेंटर पर मनमाने ढंग से दो से चार सौ तक रुपये तक मरीजों से वसूला जाता है। शनिवार को अस्पताल में मिले मरीज दयाराम, मालती व निजामुद्दीन ने कहा कि उन्हें चिकित्सक ने एक्स-रे कराने की सलाह दी है। यहां फिल्म ही उपलब्ध नहीं है। ऐसे में उन्हें अब बाहर से एक्स-रे कराना पड़ेगा। सोचा था मुफ्त में एक्स-रे हो जाएगा, लेकिन अब बाहर जाकर पैसा खर्च करना पड़ेगा। सीएचसी प्रभारी केसी यादव ने बताया कि एक्स-रे फिल्म के लिए पत्राचार किया गया है।

# जनपद के प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस | अंबेडकर नगर**




जनपद के प्रभारी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव के आज जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मंत्री द्वारा संबंधित विभागो का बिंदुवार समीक्षा किया गया, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि प्राथमिक विद्यालयो में मानक के अनुरूप शिक्षक एवं बच्चों के अनुपात का पालन कराया जाए तथा एमडीएम के भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही निपुण लक्ष्य एवं कायाकल्प की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि निराश्रित गौ आश्रय स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में चारा, पशुओं के रखरखाव एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, किसी प्रकार की शिकायत का मौका न मिले । गोवंश संरक्षण एवं उनके टीकाकरण के संबंध में समीक्षा की गई। केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक चयन कर लाभ पहुंचाने का निर्देश मंत्री द्वारा दिया गया। इस संबंध में विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि पीएम विश्वकर्म योजना के अंतर्गत अभ्यर्थियों के नामांकन में जनपद पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि शासन के मंशा अनुसार जनपद के सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जाये व नई सड़कों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि जनपद में रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति निर्बाध गति से किया जाए व किसानों के विद्युत बिल संबंधित शिकायतों का कैंप लगाकर यथाशीघ्र निस्तारित किया जाए।

इस संबंध में मंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि विद्युतीकरण में एक व्यक्ति के दो कनेक्शन से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही हैं जिसका कमेटी गठित कर जांच कराई जाए, उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की विद्युत से संबंधित समस्या न होने पाए, इसे प्राथमिकता से लेते हुए किसानों की समस्याएं को त्वरित निस्तारित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने आयुष्मान कार्ड, दवा की उपलब्धता ,एंबुलेंस सेवा सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की, इस दौरान मंत्री द्वारा निर्देश देते हुए कहा गया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा चिकित्सकों को निर्धारित समय से अपने कक्ष में बैठने एवं मरीज का उपचार करने का निर्देश दिया गया,उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्राः आओ मिलकर बनाएं विकसित भारतः संजय सिंह गंगवार

**राज्य मंत्री गंगवार ने वृद्ध महिला का सम्मान कर योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किये**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है कि जाति धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र हित में देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए आगे आए जब तक हम लोग जाति धर्म बाटे रहेंगे तब तक देश का चौहुमुखी विकास होना संभव नहीं हैं। राज्य मंत्री श्री गंगवार आज सोमवार को ललौरी खेड़ा ब्लॉक के ग्राम गहलुया और गुलरिया जाफरपुर में बाहर विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थें। उन्होंने कहा कि यह देश सभी का हैं। और यहां सभी के लिए तरक्की के रास्ते खुले हुए उन्होंने कहा कि आज राजनीति हिंदू मुस्लिम धर्म जाति के बीच बट गई है जो राष्ट्र हित में नहीं है उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार सभी के हितों का ध्यान में रखकर बिना भेदभाव के कार्य कर रही उन्होंने उदाहरण दिया कि यदि शकुंतला को शौचालय मिला हैं। तो सरकार ने सलमा को भी शौचालय दिया है। इसी तरह सभी वर्गों का उत्थान करते हुए सरकार निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो रही हैं। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से सवाल करते हुए कहा कि कब तक समाजवादी पार्टी की तरफ वोट करते रहेंगे उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वोट बैंक की राजनीति से ना तो देश का विकास होगा और ना ही राष्ट्र का इसके लिए सभी को मिलकर देश के विकास एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए एकजुट होकर लगा होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद अंतिम पायदान पर बैठे वंचित व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देना है और उनका जीवन स्तर ऊपर उठना हैं। उन्होंने सभी धर्म एवं वर्गों के लोगों का आवाहन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय हित और समाज हित में अपना महत्वपूर्ण योगदान अदा करें उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा न होने पर एक बार फिर हम गुलामी की ओर बढ़ जाएंगे जैसा की अंग्रेजों के शासनकाल में हुआ हैं। उन्होंने कहा कि गुलामी की दास्तान झेल चुके उन बुजुर्गों से पूछिए की अंग्रेजों के शासनकाल में कैसी-कैसी यातनाएं झेली हैं। बड़ी मुश्किल से अनेकों बलिदानों के बाद हमें आजादी मिली है और आजाद देश में हम सांस ले रहे हैं। अब इस आजादी को बरकरार रखना हम सभी देशवासियों का पहला कर्तव्य है इसलिए भारत को विकसित बनाने के लिए अपना पहला लक्ष्य तय करें और सब मिलकर देश के विकास में जुट जाएं क्योंकि यह देश सभी का है और सभी को बराबर के रास्ते खुले हुए हैं। इससे पूर्व राज्य मंत्री श्री गंगवार के कार्यक्रम में पहुंचने पर क्षेत्र की जनता ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्री गंगवार ने वृद्ध महिला का सम्मान किया को योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान बांकेलाल पासवान, प्रमोद कटियार, आदेश कटिहार, संदीप कटिहार, बाबूराम कश्यप, रत्नेश.कटिहार,नन्हे, बबलू सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण ग्राम प्रधान एवं बीडीसी सदस्य गढ़ मौजूद रहें।

# पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किये मोतियाबिंद के मरीज

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**मरीजों का होगा निशुल्क ऑपरेशन निशक्त जन सेवा संस्थान है तात्पर्यः अमृतलाल**

रविवार को निशक्त जन सेवा संस्थान के निशुल्क चिकित्सा शिविर में पंजीकृत मोतियाबिंद के आपरेशन के 45 मरीजों को पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर बरेली रवाना किया। संस्था सचिव अनिल कमल ने बताया कि 12 दिसम्बर वाले कैंप में 45 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए पाए गए थे। इन मरीजों को आपरेशन हेतु रविवार 17 दिसम्बर की तारीख़ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज की तरफ से दी गयीं थी।इसीलिए इन मरीजों को रविवार को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज की दो बसों से निशुल्क आपरेशन और इलाज के लिए बरेली भेजा गया है। वहाँ इन सभी का आपरेशन, दवाएं, लेंस, चश्मे और रहना खाना सभी कुछ निशुल्क मिलता है। एक मरीज के साथ एक व्यक्ति देखभाल करने वाला भी रहना और खाना निशुल्क पाता है। इस अवसर पर मरीजों को भेजनें के लिए पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने सहर्ष उपस्थित होकर मरीजों से मुलाक़ात की और संस्थान को बधाई देते हुए कहा कि निशक्त जन सेवा संस्थान का ये कार्य बहुत ही पुनीत और मानव कल्याण का है। उन्होंने कहा कि वे हर प्रकार से संस्थान को सहयोग करेंगे और प्रयास करेंगे कि अधिक से अधिक जरूरतमंदो को इस कैंप का लाभ मिले। अमृतलाल ने बताया कि संस्थान पिछले 15 वर्षों से ये कैंप हर महीने कि 12 तारीख को लगाता है और न केवल मोतियाबिंद के ऑपरेशन करता है बल्कि चश्मे, दवाएं, कम्बल, दिव्यांग उपकरण व अन्य सामान भी निशुल्क बांटता है। उन्होंने बताया कि पिछले 3 सालों में संस्थान 3300 से भी ज्यादा बच्चों के दिल का आपरेशन व उपचार पलवल के अस्पताल से निशुल्क करा चुका है। अंत में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया सूक्ष्म जलपान के बाद पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा और अमृतलाल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर दोनों बसों को रवाना किया। कार्यक्रम में डॉक्टर प्रेम सागर शर्मा, राजेंद्र सक्सेना, अनिल कमल, मनोज कुमार आदि लोग रहे। संचालन चिरंजीव गौड ने किया।

## गुलैंदा चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल टहल रहे युवक की हुई मौत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सफौरा निवासी चंद्रपाल का 18 वर्षीय पुत्र अंशुल कश्यप रोज की भांति खाना खाने के बाद रविवार शाम 8 बजे रोड पर टहल रहा था। वह जैसे ही गुलैंदा चौराहे पर पहुंचा वैसे ही किसी अज्ञात वाहन ने युवक के जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को राहगीरों की मदद से बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने अंशुल को मृत घोषित कर दिया। वहीं युवक की मौत की सूचना परिजनों को मिलते ही परिवार वाले बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उनके परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव की कार्रवाई पूर्ण करने के बाद पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## बंद मकान को चोरों ने फिर बनाया निशाना, हजारों का सामान किया चोरी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**बीसलपुर।** बंद मकान से चोर फिर हजारों रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले गए और बाहर से अपना ताला लग गए पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।
नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली निवासी राहुल अग्निहोत्री 16 दिसंबर को परिवार के साथ शाहाबाद हरदोई गए थे। वापस लौट कर आए तो उन्हें अपने मकान के बाहर दूसरा ताला लगा हुआ देखा। जिससे वह डर गए और सूचना देकर कोतवाली पुलिस को मौके पर बुला लिया। पुलिस की मौजूदगी में ताला तोड़कर देखा तो अंदर कमरे के ताले टूटे हुए और सामान बिखरा हुआ था। कोतवाली में दी गई तहरीर में गृह स्वामी ने आरोप लगाया कि चोर उनके मकान से चार गैस सिलेंडर, एक गैस चूल्हा, एक मिक्सर ग्राइंडर, आटा, चावल व अन्य कीमती घरेलू सामान चोरी करके ले गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है परंतु मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पिछले महा चोर इसी मोहल्ले में सेना के जवान प्रभु दयाल व शिवम मिश्रा के बंद मकानों को अपना निशाना बनाकर लाखों रुपए कीमत का सामान चुरा कर ले जा चुके हैं। दोनों मकानों में इसी तरह चोर अपने ताले लगाकर चले गए थे। चोरी के शिकार हुए दोनों लोगों की रिपोर्ट पुलिस ने अभी तक दर्ज नहीं की है न ही घटनाओं का पुलिस खुलासा कर पाई है। एक के बाद एक हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भारी दहशत बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## अतुल वेलफेयर ट्रस्ट का स्थापना दिवस दीप प्रज्वलित कर सकुशल संपन्न हुआ

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

अतुल वेलफेयर ट्रस्ट परिवार द्वारा स्थापना दिवस पर समारोह कार्यक्रम का आयोजन नगर की एक होटल में दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या से आई श्रीमती श्वेता राज सिंह एडवोकेट अल्का गुप्ता एवं वरिष्ठ समाजसेवी रही। समान समारोह कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा सम्मान, शिक्षक सम्मान, चिकित्सा सम्मान, पत्रकार सम्मान, सामाजिक संस्था सम्मान, ट्रस्ट परिवार सम्मान और लकी ड्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद धनंजय सिंह अंबुजानंद महाराज अतुल वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्षता उर्वशी सिंह समा किन्नर श्रीमती पद्मिनी सिंह डॉक्टर अंजु सिंह रानी सिगरा मऊ सहित तमाम ट्रस्ट के सहयोगी और समाजसेवी लोग उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि अतुल वेलफेयर ट्रस्ट एक ऐसा ट्रस्ट है जी ट्रस्ट की अध्यक्षा श्रीमती उर्वशी सिंह है जिनका पूरा परिवार मिलकर इस ट्रस्ट को चलता। है जौनपुर में जो भी लोग सोसाइटी के लिए अच्छा कार्य करते हैं चाहे वह डॉक्टर हो, समाजसेवी हो, पत्रकार हो।

## दुर्घटना में शिकार हुए विष्णु की मृत्यु के बाद राज्य मंत्री ने शोक व्यक्त कर एक लाख की आर्थिक सहायता का दिया चेक




जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बीसलपुर सहकारी चीनी मिल में विगत दिनों दुर्घटना के शिकार हुए ग्राम गोलंदा गोटिया निवासी पतिराम के पुत्र विष्णु के मृत्यु के बाद राज्य मंत्री से संजय सिंह गंगवार आज मृतक के आवास पर पहुंचे जहां शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की और सशक्त प्रयास संस्था की ओर से एक लाख की आर्थिक सहायता का चेक उसके परिजनों को प्रदान किया। राज्य मंत्री श्री गंगवार ने इस मौके पर कहा कि दुख की इस घड़ी में वह उनके परिवार के साथ हैं और हर संभव सहायता परिजनों को प्रदान की जाएगी इस मौके पर मृतक के परिजनों के अलावा बबलू सिंह चौहान ओमकार मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कर्तव्य और मातृत्व का दोहरा फर्ज निभा रही कांस्टेबल श्रुति



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। कर्तव्य की आदर्श मिसाल पेश करते हुए जनपद के शाहगंज कोतवाली में कार्यरत महिला पुलिस आरक्षी श्रुति उपाध्याय इन दिनों यहां आने जाने वाले लोगों के लिए आकर्षण के साथ-साथ सम्मान का केंद्र बनी हुई हैं। वे अपने चार माह के बच्चे के साथ ड्यूटी निभा रही हैं। गोद में दुधमुहे बच्चे और हाथ में कर्तव्य का डंडा, श्रुति उपाध्याय एक साथ मातृत्व और कर्तव्य परायणता का दोहरा फर्ज निभा रही हैं। विधि व्यवस्था के प्रति अपनी कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दे रही शाहगंज कोतवाली में तैनात महिला आरक्षी श्रुति उपाध्याय महिला हेल्प डेस्क पर कार्यरत हैं ।ड्यूटी के दौरान ना उनके माथे पर शिकन, ना चेहरे पर थकान देखने को मिली, बल्कि वो थाने में पहुंचने वाली फरियादी महिलाओं का अभिवादन अपनी मुस्कराहट के साथ करते हुए समस्या के निस्तारण में लगी रहती हैं। प्रभारी निरिक्षक आदेश त्यागी कहते हैं कि श्रुति उपाध्याय अपने दोनों कर्तव्य का निर्वहन बड़े ही ईमानदारी से करती हैं,जो गर्व के साथ साथ नारी शक्ति का एहसास कराती है। हम लोग पूरी कोशिश करते हैं कि उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो।

### बाइक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के पिलकिछा तिराहे पर गत शनिवार को दो बाइको की टक्कर में हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की माता के द्वारा दी गई नामजद तहरीर के आधार पर टक्कर मारने के आरोपित बाइक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज कर लिया है। तिलवारी गांव निवासी 25 वर्षीय सुशील कुमार पासवान पुत्र हरिश्चंद्र बाइक से खुटहन बाजार से वापस घर लौट रहा था। वह तिराहे पर पहुंचा था कि सामने से आ रहे पिलकिछा गांव निवासी बद्री गुप्ता और उसकी बाईकों में आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों घायल हो गए। उपचार हेतु उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां गंभीर हालत देख दोनों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही सुशील को मृत घोषित कर दिया। मृतक की माता दयावती देवी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### एपीओ को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। महराजगंज ब्लाक पर तैनात मनरेगा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एपीओ को दस हजार रूपये रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन वाराणसी की टीम ने रंगे हाथ धर दबोचा और महराजगंज थाने ले गयी जहां एपीओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया ।ये कार्यवाही मनरेगा रोजगार सेवक की शिकायत पर की गयी। मिली जानकारी के अनुसार महराजगंज ब्लाक के ग्राम पंचायत चारो के मनरेगा रोजगार सेवक संतोष कुमार मिश्र ने शनिवार वाराणसी एंटी करेप्सन टीम को लिखित शिकायत की थी कि उन्हे कई माह से मनरेगा कार्य कराने पर जोर डाला जा रहा है कार्य प्रस्ताव की तैयार फाइल के बाद भी वित्तीय स्वीकृति नही हो रही थी ग्राम पंचायत चारो में सगरा तालाब पार्ट 1 की खुदाई कार्य हेतु प्रस्तावित फाइल 6 लाख 99 हजार रूपये की दिनांक 20अक्टूबर को वित्तीय स्वीकृति हेतु ब्लाक के एपीओ रोहित कुमार को सौपी गयी। फाइल के साथ एपीओ रोहित कुमार द्वारा 21 हजार रूपये रिश्वत की मांग की गयी। बताया कि दस हजार पहले दे दो मै एकाउन्टेंट से कह कर करवा दे रहा हू फिर दूसरी किस्त मे दे देना। पैसा न दे पाने मे असमर्थता जताने पर फिर काम कराने का दबाव बनाये जाने लगा। जिससे आहत होकर रोजगार सेवक संतोष कुमार मिश्र ने शनिवार एंटीकरप्शन वाराणसी को लिखित शिकायत की। शिकायत पर सोमवार पहुची एंटी करप्शन टीम वाराणसी ने ब्लाक कार्यालय के पीछे समय करीब 3 बजकर 25 मिनट पर संतोष द्वारा दी गयी 10 हजार की रिश्वत एपीओ रोहित कुमार के हाथो रंगे हाथ पकड़ लिया। एपीओ का हाथ धुलवाया गया तो लाल हो गया। टीम ने एपीओ को महराजगंज थाने ले आई और मुकदमा दर्ज कराया।

## विकसित भारत संकल्प यात्राः सरकार जनकल्याणकारी योजना चलाकर जानकारी देकर जनता को जागरूक करने का काम कर रही हैः स्वामी प्रवक्तानंद

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत संकल्प यात्रा वैन बरखेड़ा विकास खंड की ग्राम पंचायत पतरासा कुंवरपुर, नवादा महेश पहुंची संकल्प यात्रा वैन के कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए ग्रामीणों के बीच में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद पहुंचे। जहां पर विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद का बी डी ओ बरखेड़ा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश गंगवार, भाजपा नेता नरेंद्र गंगवार,ग्राम प्रधान व सचिव ने स्वागत किया संकल्प यात्रा वैन की व्यवस्था ग्राम प्रधान व सचिव ने की थी संकल्प यात्रा का वाहन आते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई संकल्प यात्रा वैन कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना,बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे संकल्प यात्रा वैन में चलाई गई पिक्चर के माध्यम से ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने कहा कि इस संकल्प यात्रा को हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 23 नवंबर 2023 को झारखंड से शुरू किया गया हैं।
यह एक अभूतपूर्व परिवर्तन है प्रधानमंत्री का उद्देश्य है कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश के कोने-कोने में रहने वाले लोगों को प्राप्त हो सके इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन देश के कोने-कोने में प्रत्येक ग्राम पंचायत में जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जनता को जागरूक करने का काम कर रही है। संकल्प यात्रा में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश गंगवार, भाजपा नेता नागेंद्र गंगवार,भाजपा पदाधिकारी , मण्डल महामंत्री,पार्टी कार्यकर्ता एवं अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## काशी-अयोध्या रेल पथ पर रेल लाइन फ्रैक्कर



**कोतवाली क्षेत्र के गोड़िला रेलवे फाटक के पास हुआ फैक्कर**

**रेल कर्मचारी दुरुस्त करने में जुटे**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**शाहगंज।** काशी अयोध्या रेल खण्ड पर भोर के वक्त पटरी टूटा मिला। पटरी के नीचे सीमेंटड सपोर्टर भी टूट गया। आनन-फानन में उक्त पटरी पर यातायात रोक रेल कर्मी दुरुस्त करने में जुट गए। फिलहाल शाम तक ठीक कर लिया गया। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत छबवा गांव में रेल पोल संख्या 868/14 व 868/15 के बीच पटरी फ्रैक्कर हों गया। भोर के सवा चार बजे कोयला लदा ट्रेन जब टूटें ट्रैक से गुजरा तो झटका लगा। उसके बाद लोको पायलट विजय शंकर मिश्रा एवं सुनील कुमार यादव ने ट्रेन रोक ट्रैक चेक किया। पटरी फैक्कर की सूचना स्टेशन अधीक्षक वीरेंद्र कुमार यादव को दिया। अधीक्षक ने उक्त जानकारी उच्चाधिकारियों को साझा किया। कोयला लदा मालगाड़ी टांडा थर्मल पावर प्लांट पर जा रहा था। फिलहाल शाम तक पटरी दुरुस्त कर लिया गया। डबल लाइन होने के चलते रेल यातायात प्रभावित नहीं हुआ। फिलहाल कासन पर माल वाहक ट्रेनो कों भेजा जा रहा है। मालूम रहे रविवार को ही दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण हेतु रेल संरक्षा आयुक्त दिनेश चंद देशवाल ने निरीक्षण किया था। उक्त पटरी पर प्रतिघंटा 120 की रफ्तार से स्पेशल ट्रेन से परीक्षण के बाद स्वीकृति दी गई थी। चौबीस घंटे के अंदर ही पटरी समेत स्लीपर चटक गया।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने निकाली अक्षत कलश यात्रा



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**भक्तों ने आरती उतार कर की अक्षत कलश की पूजा अर्चना**

**मछलीशहर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेतृत्व में मछलीशहर में राम मंदिर स्थापना को लेकर घर-घर पूजित अक्षत वितरण कर प्राण प्रतिष्ठा में हर घर की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अक्षत कलश यात्रा का आयोजन किया गया. यात्रा सरस्वती नगर के बड़े हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होते हुए थाने के सामने हनुमान मन्दिर पर पहुंची। जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मंदिर में जयानंद चौबे ने कलश की स्थापना कराई। संघ के स्वेयसेवको ने तदोपरांत ने आरती उतार कर अक्षत कलश का पूजा अर्चना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पूरे क्षेत्र के लोग गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा को लेकर नगर भ्रमण में उपस्थित रहे। संघ के जिला प्रचारक प्रभात जी ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को श्री राम लला नव निर्मित भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस दिन अयोध्या में भव्य आयोजन होगा?। जिसका पूरा विश्व साक्षी बनेगा। अयोध्या में पूजित अक्षत पीले चावल, पत्रक व श्रीराम का चित्र निमंत्रण स्वरूप घर-घर पहुंचाया जा रहा है। संघ कार्यकर्त्ता घर घर जाकर इस अक्षत कलश के पूजित अक्षत को पहुंचाने का काम करेगें। अपनी जिम्मेंद्दारी संघ कार्यकर्त्ता बखूबी निभाने के लिए संकल्प बद्ध हैं।

## राजर्षि श्रीपाल सिंह की मनाई गई 15वीं पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




**सिंगरामऊ।** राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में संस्थापक राजर्षि कुँवर श्रीपाल सिंह की 15वीं पुण्यतिथि सोमवार को मनाई गयी। प्रबंधक प्राचार्य सहित महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने राजर्षि के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रध्दा सुमन अर्पित किया। माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रबंधक कुँवर जय सिंह व प्राचार्य प्रो.अरुण कुमार सिंह और मंचासीन अतिथियों के द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका %प्रतिभा% का विमोचन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने कहा- विद्यार्थियों के मौलिक चिंतन, स्वतंत्र अभिव्यक्ति तथा सत्यान्वेषी प्रेरणा के संवर्धन हेतु वार्षिक पत्रिका प्रतिभा का सफल प्रकाशन महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धि है। इसमें हमें संस्था के शैक्षणिक स्तर तथा सृजनशीलता के विभिन्न आयामों के दर्शन होते हैं। प्रबंधक और प्राचार्य ने पत्रिका के संपादक डॉ रवीन्द्र कुमार सिंह प्रभारी-हिन्दी-विभाग के उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की। प्रबंधक ने सफल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सबका आभार जताया। महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा डॉ योगेश कुमार के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्र प्रांजल ने राजर्षि के संपूर्ण व्यक्तित्व को अपने वक्तव्य के माध्यम से व्यक्त किया। वहां पर प्रो. सुधीर कुमार सिंह, प्रो. इन्दु प्रकाश सिंह, डॉ बृजेश प्रताप सिंह, डॉ.मनोज सिंह, डॉ. राजेश सिंह,डॉ सीमा सिंह, डॉ. संतोष सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पूर्ति कार्यालय के बाबू को रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने दबोचा

- कोटेदारों से हर माह वसूलता था तीन हजार
- एक कोटेदार की शिकायत पर हुई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



खाद्य एवं रसद विभाग सफीपुर में तैनात एक बाबू को लखनऊ से आई एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। टीम उसे अपने साथ लेकर कोतवाली पहुंची जहां उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। खाद्य एवं रसद विभाग सफीपुर में इटावा जिले के कोडी कैस्त सहादत नगर निवासी अमन माथुर सफीपुर पूर्ति कार्यालय में बाबू के पद पर तैनात हैं। उनके पास सफीपुर कस्बे का चार्ज है। कस्बे में रहने वाले कोटेदार अदीबुर रहमान ने एंटी करप्शन में शिकायत की थी कि कार्यालय में तैनात बाबू हर महीने कोटेदारों से 3000 रुपये की वसूली करता है।

शिकायत पर सोमवार को एंटी करप्शन की 12 सदस्य टीम इंस्पेक्टर सुशील कुमार के नेतृत्व में सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंची। वहां कोटेदार के प्रतिनिधि आनंद कुमार को टीम के सदस्यों ने नोटों पर पाउडर लगाकर बाबू को देने के लिए दिया। टीम को बाबू पहचान ना पाया और जैसे ही उसने आनंद कुमार से पैसा लिया उसे रंगो हाथ पकड़ लिया गया। बाबू के पकड़े जाने के बाद से कार्यालय में हड़कंप मच गया।टीम के सदस्य आनन फानन में उसे सदर कोतवाली लेकर आए। जहां बाबू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## देर रात सब्जी मंडी की गुमटियों में भड़की आग से मचा हड़कंप

- दो घंटे की मशक्कत के बाद दमकल ने बुझाई आग
- दस दुकानों का लाखों का माल हुआ स्वाहा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



शहर के हरदोई ओवर ब्रिज के नीचे स्थित सब्जी मंडी में रखी गुमटियों में बीती रात संदिग्ध हालातों में आग लग गई। स्टेशन के पास का मामला होने के कारण कोतवाली पुलिस के साथ जीआरपी और आरपीएफ भी पहुंच गई। सूचना पर पहुंची दमकल ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान दस दुकानों का लाखों का माल जलकर स्वाहा हो गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र में हरदोई ओवर ब्रिज के नीचे मोती नगर में सब्जी मंडी रखी गुमटियों में रविवार रात तकरीबन 10 बजे संदिग्ध हालातों में आग लग गई। एक एक कर आग ने करीब 10 गुमटियों को चपेट में ले लिया। अचानक की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। रेलवे स्टेशन के पास का मामला होने के कारण आरपीएफ व जीआरपी भी सतर्क हो गई। फायर स्टेशन पहुँच कर घटना की जानकारी देने के करीब एक घण्टे बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के उपक्रम शुरू हुए। एक दुकान में गैस सिलेंडर रखे होने की जानकारी से सभी के कान खड़े हो गए। हालांकि दमकल जवानों ने शटर तोड़ कर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की इस घटना से सतीश, किशोर, राजू, राहुल, देवारी प्रसाद, मोनू कश्यप, हंस, कुन्नू समेत 10 लोगों की गुमटियां जलकर राख हो गई।घटना में लाखों रुपए कीमत का माल जल कर स्वाहा होने की बात कही जा रही है। कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया रात में हरदोई पुल के नीचे आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल के प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

## संकरे मार्ग के कारण फिर लगा जाम

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

सोमवार सुबह करीब पौने दस बजे नवीन पुल पर संकरे मार्ग के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में फोरलेन तक वाहनों की कतारें लग गई। इसी बीच कानपुर की ओर से एक के बाद एक ई बसें आ गई। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। भीषण जाम देख मौजूद पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत की और आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास संकरे रास्ते और क्षतिग्रस्त सड़क के कारण दिन में कई बार रुक रुक कर जाम लगा। जाम में कानपुर, उन्नावके वीआईपी फंसे रहे। वहीं क्रासिंग बंद होने के कारण कानपुर और उन्नाव आने जाने वाली एम्बुलेंस भी रुकी रही। वहीं शाम के समय भी नवीन पुल, फोरलेन और बैराज मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही।

## हाईवे पर मिला युवक का शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

- हादसा और हत्या के बीच उलझी पुलिस, जांच पड़ताल जारी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

लखनऊ कानपुर हाईवे पर अचलगंज थाना अंतर्गत एक ढाबे पर काम करने वाले युवक हाईवे के किनारे संदिग्ध हालातों में घायल पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर रिश्तेदारों हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कर्मी बिजलामऊ निवासी संजय (40) पुत्र मंगली प्रसाद हाईवे के एक ढाबे पर काम करता था। बीती देर रात वह काम करने के बाद पैदल घर के लिए निकला लेकिन नहीं पहुंचा। हाईवे से गुजर रहे लोगों ने उसे घायलावस्था में सड़क किनारे पड़ा देखा तो घटना की एंबुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। पहचान होने के बाद घटना की जानकारी परिजनों को दी गई।

अचलगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक संजय के जीजा विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस एक्सीडेंट बता रही है जबकि उसकी हत्या की गई है। आरोप लगाया कि मृतक की पत्नी माधुरी का किसी और से अवैध संबंध हैं। पहले भी कई बार वह हत्या करने की धमकी दे चुकी थी। इधर एक माह से वह मायके में रह रही है। मृतक ने दूसरी शादी की थी फिलहाल पुलिस कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

## डीप फेक और एआई का दुरुपयोग कर रहे अपराधी

- सोशल मीडिया पर रहें रहें सतर्क

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के तत्वावधान में बी.एन.एस.डी. शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, बेना झाबर में सोमवार को विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गयाइसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व डीप फेक तकनीकों के बारे में जानकारी देते हुए इनके नुकसान के बारे में बताया गया।

ग्राहक पखवाड़ा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विद्यालय में कार्यक्रम हुआ। ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय विधि टोली सदस्य प्रशान्त ग्वालियरी ने बताया कि डीप फेक तकनीक के माध्यम से किसी की फोटो को किसी अन्य व्यक्ति के वीडियो में उसके चेहरे पर लगाकर उसका दुरुपयोग किया जा सकता है। अपराधी इस तकनीक से किसी का चरित्रहनन और ब्लैकमेलिंग करते हैं। इसी तरह ऐसे मोबाइल ऐप्स हैं, जिन्हें लोग बिना सोचे-विचारे डाउनलोड कर लेते हैं। जब मोबाइल फोन रखा हो, तब भी ये ऐप सक्रिय रहते हैं और फोन की गैलरी, कैमरा और स्पीकर के माध्यम से हमारी गतिविधि कहीं दूर बैठे अपराधी तक पहुँचती है। इन सबसे बचना है तो सोशल मीडिया व इंटरनेट का इस्तेमाल बहुत सतर्कता से करें। किसी भी मोबाइल ऐप को बिना जाँचे-परखे डाउनलोड न करें और अपने सिस्टम में एक्सेस की अनुमति न दें। सोशल मीडिया पर सार्वजनिक रूप से अपनी फोटो और गतिविधि की जानकारी न डालें। इसी तरह अनजान फोन नंबर से आये लिंक को न खोलें। इस अवसर पर ग्राहक पंचायत के प्रांत सचिव सचिन शुक्ला, जिलाध्यक्ष किशन ओमर और विद्यालय के प्रधानाचार्य बृज मोहन सिंह उपस्थित रहे।

## कोतवाली प्रभारी ने सोमवार को नगर किया बैंकों का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने सोमवार को नगर की बैंकों का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने बैंक में लगे सायरन को भी चेक किया तथा मौके पर सुरक्षा गार्ड से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने बैंक कर्मचारियों को अपराध रोकने की दृष्टि से किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा व सायरन को भी देखा तथा बैंकों पर तैनात पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। उन्होंने अनावश्यक रूप से घूमने वाले व्यक्तियों को फटकार लगाई। सीओ ने बताया कि बैंकों की चेकिग अपराध रोकने की दृष्टि से की जा रही है। सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

## साइकिल सवार को बचाने में पलटी कार, चार गंभीर

- रायबरेली से कानपुर लौट रहा था कार सवार परिवार

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के लालकुआं भोजपुर मार्ग पर घाटमपुर के निकट एक ईंट भठ्ठे के साममें साइकिल सवार को बचाने में कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार में सवार एक ही परिवार के 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि दो को मामूली चोटें आई हैं । स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कार सवार रायबरेली में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होकर अपने घर कानपुर लौट रहे थे। कानपुर नगर के बर्रा 8 निवासी विनय कुमार सिंह जनपद रायबरेली के रायपुर से किसी वैवाहिक समारोह में शामिल होकर सोमवार को पत्नी आराधना, माँ सीमा, बहन अर्चना, पुत्र अद्वित व अवनीश के साथ अपनी कार से वापस घर लौट रहे थे। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के लालकुआं भोजपुर मार्ग पर घाटमपुर गांव के निकट एक ब्रिक फील्ड के निकट सामने आए साइकिल सवार को बचाने में उसकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे कार में सवार माँ, बहन, छोटा पुत्र अद्वित व पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने कार सीधी करा कर सभी को बाहर निकाला और इलाज के लिए उन्हें 100 बेड के अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे परिजन उन्हें इलाज के लिए कानपुर के किसी नर्सिंग होम ले गए। एसएचओ अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है।

## ताबड़तोड़ हमले से महिला घायल, पुलिस ने अधिवक्ता सहित दो को हिरासत में लिया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर कस्बे में वनखंडे मंदिर के सामने जीटी रोड किनारे स्थित कुछ दुकानों को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच कई वर्षों से विवाद चला आ रहा है और आपस में कई बार मारपीट भी हो चुकी है। दुकानों पर कब्जे को लेकर रविवार शाम एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते उनके बीच मारपीट होने लगी। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस विवाद कर रहे दो युवकों को पकड़कर थाने ले गई। घटना के बाद मारपीट में घायल हुई कस्बे के जवाहर नगर मूल निवासी राजेंद्र तिवारी की बेटी रेनू मिश्रा ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि वह अपनी दुकानों की तरफ गई थी तभी उनके चचेरे भाई आनंद तिवारी व उनके भांजे आंचल मिश्रा उर्फ तन्मय तथा कुछ अन्य लोगों ने उन पर लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे उनको कई गंभीर चोटें आई। पुलिस ने शरीर की चोटो के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल रेनू मिश्रा को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। हालत गंभीर होने की वजह से वहां पर मौजूद डॉक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया है। रेनू मिश्रा ने आरोप लगाया है मुख्य आरोपित तन्मय मिश्रा को 151 में यही जमानत दे दी गई है जिससे हमें खतरा है जान माल का वहीं दूसरा आनंद तिवारी को जेल भेजा गया है। कानपुर हैलट अस्पताल में घायल महिला रेनू मिश्रा जिंदगी और मौत से जूझ रही है। कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मुदमा पंजीकृत कर घायल महिला का उपचार कराया गया है। आरोपितो को सुसंगत धाराओं में गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया है।

## कश्मीर से धारा 370 हटाई अब पीओके की बारी आई

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपुरा कस्बे में विष्णु मैरिज हाल में संपन्न हुए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में संजीव कुलश्रेष्ठ कानपुर देहात रस छंदों की वर्षा करके मां तू शारदे स्वर की देवी है आसन पर आजा से शुरुआत करते हुए पूरा प्रधान अभिजीत सिंह चौहान उर्फ केशव ने माल्यार्पण करते हुए सरस्वती मां के चित्र पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया जिस मौके पर पहुंचे दूर दराज से कवियों ने अपनी अपनी प्रतिभा से खूब वही लूटी वहीं लाल सिंह लाल जी वीर रस के कवि ने 65 में मारा था 71 में मजबूर कर दिया 370 हटाई अब पीओके की बारी आई जिस पर खूब वही लूटी वहीं देश के वीर सपूत भारत मां की रक्षा करने वाले फौजियों की भी जमकर चर्चा की जिसको लेकर गीत सुनाते हुए फौजियों को समझना इतना आसान नहीं ये गोलियां के निशान है फुंसियों के दाग नहीं कवि सम्मेलन में मौजूद लोगों ने खूब तालियां बजाई मंच का संचालन कर रहे संयोजक कवि कुमार सूरज उर्फ बाबू सिंह ने दूर दरार से पहुंचे कवियों को सम्मानित किया इसके बाद पूरा प्रधान अभिजीत सिंह चौहान उर्फ केशव व राघव चौहान एवं शिहुरामऊ प्रधान सुरेंद्र दिवाकर मदारा राय गुमान प्रधान पति चंद्रभान लालपुर ग्राम प्रधान अतुल कुमार उधौनिवादा कोटेदार अनुप कुमार उर्फ जीतेंद्र ने पूरा प्रधान का स्वागत किया जिस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव नरेंद्र वर्मा व बिल्हौर तहसील से पहुंचे कई प्रधानो ने कवि सम्मेलन में कवियों के गीत सुने आखरी तक भीड़ बढ़ती चली गई जहां तक माइक की आवाज पहुंच रही थी वहां की सड़कों और दुकानों से लोग दौड़े चले आ रहे थे।

## सांसद व ब्लॉक प्रमुख ने संपन्न कराया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील के शाहमपुर कोट गांव में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम संपन्न हुआ मुख्य अतिथि के रूप में मिश्रिख सांसद अशोक रावत, ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, भाजपा पूर्व अध्यक्ष डां.रामशरण कटियार वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व उपाध्यक्ष जेपी कटियार, विक्रम मिश्रा, सरकारी अधिवक्ता शुशांक मिश्रा, श्याम जी, खंड शिक्षा अधिकारी रवि प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी दिनेश शर्मा, एडीओ आईएसबी देवी प्रसाद, एडीओ समाज कल्याण हर्ष कुमार, एडीओ कोऑपरेटिव उदयवीर सिंह, खाद एवं रसद विभाग ओमप्रकाश राणा, बिल्हौर गैस एजेंसी प्रबंधक राजन त्रिपाठी, अजय कुमार, शिवम शुक्ला, पंचायत सहायक, सचिव संदीप ज्ञानवीर, पूर्व प्रधान ग्रीश चंद्र कटियार और मौजूदा प्रधान, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर दिलीप सिंह कटियार संसद के पहुंचने के बाद पहुंचे गांव में चर्चा का विषय रहा, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर और कार्यकर्त्ती आदि मौजूद रहे। प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए उजाला गैस योजना लाभार्थी को गैस चूल्हा और सिलेंडर वितरित कर प्रमाण पत्र भी दिए गए! संसद अशोक रावत ने आधा दर्जन कार्यक्रमों में शामिल होकर तूफानी दौड़ा करके दिल्ली के लिए 3:00 बजे रवाना हो गए।

## एनएचआई 34 नेवादा टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा सप्ताह वाहनों को रोक सेफ्टी पंपलेट बांटकर मनाया




जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

बिल्हौर तहसील क्षेत्र से गुजरे एनएचआई 34 राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन दुर्घटनाओं को लेकर जन एक्सप्रेस अखबार ने मुहिम चलाकर खबरें प्रकाशित की है जिसको अधिकारियों ने ध्यान में रखते हुए सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया है। जिसमें वाहनों को रोककर उनको प्रतिदिन वाहन सेफ्टी पंपलेट आदि बाटकर सुरक्षित चलने के लिए जागरूक किया जा रहा है सड़क सुरक्षा सप्ताह नेवादा टोल प्लाजा पर मनाया गया जिसमें सेफ्टी पंपलेट बांटे गए। इस मौके पर निखिल शर्मा मानव संसाधन अधिकारी, विनोद पाल, जयशंकर सिंह चौहान, आजम हुसैन, प्रवीण राठौर,मनोज शर्मा, शशि कांत, भीमसेन पाडी आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने निम्न सावधानियां वाले सेफ्टी पंपलेट वितरित किए और लोगों को भी पूरी टीम ने दिनभर समझाया।

### वाहन चलाते समय सावधानी बरतें

-यात्रा छोटी हो या बड़ी हेलमेट तथा सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें।
-अपने वाहन के रखरखाव पर ध्यान दें एवं अच्छी हालत में रखे हैं।
-उचित एवं वैद्य ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही वाहन चलाएं।
-पैदल यात्री सिर्फ जेब्रा क्रासिंग पर ही सड़क पार करें।
-ड्राइवर तथा वाहन दोनों का उचित इंश्योरेंस जरूर कराना।
-रात में विशेष कर चौराहा पर और खुले डिवाइडर पर डिपर का प्रयोग करें।
-दुर्घटना या किसी आपात स्थिति में सड़क पर दिखाए गए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें हेल्पलाइन नंबर-108

### वाहन चलाते वक्त कभी ना करें-

-शराब पीकर वाहन न चलाएं।
-वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें।
-सीमा से अधिक गति या यात्रा करने वाहन चलाने से बचे।
-ट्रैक्टर या टिपैया वाहनों पर ड्राइवर के बगल में यात्री को ना बैठाएं।
-क्षमता से अधिक यात्रियों को वहान पर ना बैठाएं।
-वाहन से उल्टी दिशा में यात्रा करने वाहन चलाने से बचे हैं।
-फसल को सुखाने एवं सोने के लिए सड़क के किनारो का उपयोग न करें।
-थके होने पर या नींद महसूस होने पर वाहन ना चलाएं।
-धीरे चलने वाले वाहन फास्ट लेन में न जाए।
-सर्विस रोड बस स्टॉप या ढाबा आदि पर अनाधिकृत पार्किंग से बचें।

## भारी वाहनों के कारण दोबारा हुए सड़क में गड्ढे

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

नवीन पुल के गड्ढे के कारण अक्सर दो पहिया वाहन रहने के चलते घायल भी हे चुके हैं। पुल के गड्ढे को लेकर पूर्व में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके का निरीक्षण भी कर चुके हैं और गड्ढा भरावया भी गया है, लेकिन भारी वाहनों के निकलने से दोबारा जानलेवा गड्ढा बन गया है। इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। जिस पर पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता एचडी अहिरवार ने संज्ञान में लिया और सोमवार को पीडब्ल्यूडी कर्मियों को गड्ढा भरने के निर्देश दिये। जहां सोमवार को कर्मियों ने नवीन पुल के गड्ढे का डामरीकरण कराया। जिससे वाहन सवारों को आने जाने में अब राहत मिलेगी।

## नकदी समेत जमीन के कागजात चोरों ने उड़ाए



जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। मर्दन खेड़ा निवासी स्व. राजेश की पत्नी सुनीता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि रविवार को वह अपनी दुकान पर बच्चों के साथ सो गई थी। सोमवार सुबह छह बजे घर पहुंची तो दरवाजा खुला था और कमरे में रखे बक्से का ताला टूटा था। यह देख उसके होश उड़ गये। उसने बताया कि चोरों ने सात हजार की नकदी और जमीन के कागजात पार कर दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## बैठक में नमो ऐप से जनता को बड़े स्तर पर जोड़ने के लिए बनाई गई रणनीति

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




भाजपा प्रदेश में 2 करोड लोगों को विकसित भारत एंबेसडर बनाने की तैयारी कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर भाजपा नमो ऐप के माध्यम से विकसित भारत एंबेसडर अभियान को आगे बढ़ाने के क्रम मे सोमवार को पार्टी की ओर से एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमे नमो ऐप के माध्यम से भारत एंबेसडर अभियान को साकार करने के लिए प्रस्तुतिकरण कर भाजपा पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री, एमएलसी एवं कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता ने कहा कि नमो ऐप नरेंद्र मोदी से जुड़ने का सीधा माध्यम है। इसमें प्रत्येक देशवासी को नमो ऐप डाउनलोड कराना है। जिसमे नमो ऐप पर 100 दिन का चैलेंज स्वीकार कर भारत एंबेसडर बनाना है। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रभारी ने सभी को नमो ऐप से संबंधी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक के प्रत्येक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता के साथ ही महिलाओं, युवाओं सहित सभी स्थानीय नागरिकों के मोबाइल फोन में भी नमो ऐप डाउनलोड कराना है। युवा मोर्चा पहली बार मतदाता बने युवाओं, किसान मोर्चा किसान लाभार्थी, महिला मोर्चा महिला लाभार्थी, ओबीसी मोर्चा ओबीसी लाभार्थी, अनुसूचित मोर्चा अनुसूचित वर्ग के लाभार्थी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अनुसूचित जनजाति के लाभार्थी और अल्पसंख्यक मोर्चा अल्पसंख्यक वर्ग के लाभार्थियों के साथ सेल्फी अभियान चलाकर नमो ऐप पर सेल्फी को अपलोड करेंगे। कार्यशाला का संचालन दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह तथा अध्यक्षता उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने की।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्र में दीवार लेखन का कार्य जल्द ही शुरू होने वाला है। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती बूथ स्तर पर मनाई जाएगी व पार्टी की ओर से 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर गुरु गोविंद सिंह के साहबजादो के बलिदान की स्मृति में गोष्ठी आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में रामबहादुर यादव,संतोष शुक्ला, सुनील बजाज, अनीता गुप्ता, विनोद मिश्रा, रंजना शुक्ला, रामदेव शुक्ला, विनोद शुक्ला, राजन चौहान, जसविंदर सिंह, प्रबोध मिश्रा, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, भूपेंद्र त्रिपाठी, गणेश शुक्ला, वंदना गुप्ता, शिवपूजन सविता, अमित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## स्कूलों को भी देना होगा कूड़ा उठान शुल्क, मूल बजट में जोड़े गए 200 करोड़

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा। सोमवार को कानपुर नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं महापौर प्रमिला पांडे ने बताया कि अब शहर के सभी प्राईवेट स्कूलों से बच्चों की क्षमता के मुताबिक कूड़ा उठान शुल्क वसूला जाएगा। शुल्क न देने वाले स्कूलों के खिलाफ नोटिस जारी कर कार्यवाही की जायेगी।
हाउस टैक्स को लेकर दिए निर्देश
महापौर ने हाउस टैक्स वसूली को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बकायेदारों रिपोर्ट बनायें। इस आपत्ति जताते हुए कहा कि कहीं बड़े बकायेदारों पर कुर्की का नोटिस नहीं है और कहीं छोटे बकायेदारों को ही कुर्की का नोटिस चस्पा कर दिया गया है। इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार की जाये। महापौर ने नगर निगम के जोनल अधिकारियों से बारतशाला और रैन बसेरा को लेकर जानकारी चाही। मगर एक भी जोनल अधिकारी इसकी जानकारी नही दे सका के शहर में कितने रैन बसेरा और बारातशाला हैं। सफाई के लिए बनेगी टास्क फोर्स महापौर शहर के उन इलाकों में सफाई न होने की शिकायत पर टास्क फोर्स को भेज सकेंगी जहां सफाई नही हुई है। इसके लिए टास्क फोर्स का गठन करने के आदेश दिये गए हैं। फिलहाल वार्डों में 4-4 सफाई कर्मचारी दिए गए थे, उन्हीं में से एक-एक सफाई कर्मचारी लेकर टास्क फोर्स का गठन होगा।

# एक दिन में 78 सांसद पूरे सत्र के लिए सस्पेंड

## इनमें 33 लोकसभा और 45 राज्यसभा के, सुरक्षा में सेंध पर किया था हंगामा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के शीतकालीन सत्र के 11वें दिन (18 दिसंबर) को दोनों सदनों से 78 सांसद सस्पेंड कर दिए गए। असल में संसद में सुरक्षा चूक के मसले पर लोकसभा में लगातार चौथे दिन हंगामा हुआ। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने 33 सांसदों को सस्पेंड कर दिया। इनमें नेता अधीर रंजन चौधरी समेत कांग्रेस के 11 सांसद, तृणमूल कांग्रेस के 9, डीएमके के 9 और 4 अन्य दलों के सांसद शामिल हैं। इसके बाद राज्यसभा में भी हंगामा हुआ। इसके चलते सभापति जगदीप धनखड़ ने 45 विपक्षी सांसदों को पूरे सत्र के लिए (22 दिसंबर तक) निलंबित कर दिया। इससे पहले 14 दिसंबर को लोकसभा से 13 सांसद निलंबित किए गए थे। इनमें कांग्रेस के 9, सीपीआई (एम) के 2, डीएमके और सीपीआई के एक-एक सांसद थे। इनके अलावा राज्यसभा सांसद डेरेक ओ'ब्रायन को भी 14 दिसंबर को सस्पेंड किया गया था। शीतकालीन सत्र से अब तक कुल मिलाकर 92 सांसदों को सस्पेंड किया जा चुका है। राज्यसभा में सांसदों की संख्या 245 है। इसमें भाजपा और उसके सहयोगी दलों के 105, इंडिया के 64 और अन्य 76 हैं। इनमें से विपक्ष के 46 सांसद पूरे सेशन के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, लोकसभा में सांसदों की संख्या 538 है। इसमें एनडीए के 329, इंडिया के 142 और अन्य दलों के 67 सांसद हैं। इनमें से 46 सांसद पूरे सत्र के लिए सस्पेंड हो चुके हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कार्यवाही शुरू होते ही 15 मिनट की स्पीच दी। कहा कि घटना पर राजनीति होना दुर्भाग्यपूर्ण है। हंगामा बढ़ा तो सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित हो गई। बाद में यह 2 बजे और फिर कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। सांसदों के निलंबन के बाद लोकसभा आज (मंगलवार) तक के लिए स्थगित हो गई।

### सदन में नारेबाजी, तख्तियां लाना सही नहीं: स्पीकर

स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि संसद की सुरक्षा चूक मामले में उच्चस्तरीय जांच जारी है। मामले में जांच कमेटी गठित की गई है। पहले भी जब इस तरह की घटनाएं हुईं तो पूर्व स्पीकरों के जरिए ही जांच प्रक्रिया आगे बढ़ी। ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस घटना को लेकर राजनीति हो रही है। सदन में लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत ही चर्चा होनी चाहिए। सदन में नारेबाजी करना, तख्तियां लाना, विरोध करते हुए वेल में आना, आसंदी के पास आना ठीक नहीं है। देश के लोग भी इस आचरण को पसंद नहीं करते। लोकसभा से जिन सांसदों को सस्पेंड किया गया है, उनका सुरक्षा में चूक मामले से संबंध नहीं है।

### प्रल्हाद जोशी ने निलंबन के संबंध में प्रस्ताव पेश किया

लोकसभा अध्यक्ष की ओर से नाम पुकारने के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने निलंबन के संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया। इसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

### राज्यसभा के 45 सांसदों को किया गया निलंबित

इस बीच लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी सांसदों पर कार्रवाई की गई। सदन में हंगामे और नियमों की अवहेलना को लेकर संसद के उच्च सदन के 45 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है।

### अब तक 92 सांसदों पर कार्रवाई

इससे पहले गुरुवार को दोनों सदनों के 14 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। इसमें लोकसभा के 13 और राज्यसभा के एक सांसद शामिल थे। इस तरह अब तक दोनों सदनों के 92 सांसदों पर निलंबन की कार्रवाई की जा चुकी है।

### नारे लगाने के लिए अध्यक्ष के आसन पर चढ़ गए थे

बताया गया कि जिन सांसदों पर निलंबर की गाज गिरी है, उनमें से 30 को बचे हुए शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा तीन अन्य सांसदों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट लंबित रहने तक निलंबित कर दिया गया है। इनमें के. जयकुमार, विजय वसंत और अब्दुल खालिक शामिल हैं। ये सभी नारे लगाने के लिए अध्यक्ष के आसन पर चढ़ गए थे।

### खड़गे बोले, मोदी सरकार संसद पर हमला कर रही

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सांसदों के निलंबन को लोकतंत्र पर हमला बताया। उन्होंने कहा- पहले घुसपैठियों ने संसद पर हमला किया। अब मोदी सरकार संसद और लोकतंत्र पर हमला कर रही है। निरंकुश मोदी सरकार में 47 सांसदों को निलंबित करके लोकतांत्रिक मानकों को डस्टबिन में फेंका जा रहा है। हमारी मांग है कि गृह मंत्री अमित शाह इस मुद्दे पर दोनों सदनों में बयान दें और इस पर चर्चा हो।

### हमने की चर्चा की मांग, तो निलंबित कर दिया: प्रियंका चतुर्वेदी

वहीं शिवसेना (यूटीबी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि सांसदों को निलंबित किया जा रहा है, ऐसी तानाशाही नहीं चलेगी। यह देश को स्वीकार्य नहीं है। जनता के विश्वास पर उन्हें भी जनादेश मिला है। जनादेश इसलिए मिला क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को एक महत्वपूर्ण मुद्दा माना था। आज सबसे सुरक्षित इमारत पर ही हमला हो रहा है। इस पर न तो प्रधानमंत्री बोल रहे, न ही गृह मंत्री बोल रहे। जब सांसदों ने सरकार ने मुद्द पर चर्चा करने की मांग की तो सांसदों को निलंबित कर दिया गया।

### विपक्ष ही नहीं सदन में, तो सदन और लोकतंत्र का क्या मतलब: सुप्रिया

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मेरी प्रधानमंत्री मोदी को सलाह है कि वे ये लोकतंत्र, सदन, सासंद का सारा ढोंग छोड़ दें। अपनी तानाशाही चलाएं, जब कोई भी उनसे सवाल पूछेगा, वे उन्हें निलंबित करते जाएंगे। पीएम मोदी को विपक्ष का चेहरा बर्दाश्त नहीं है। ये कितनी बड़ी विडंबना है कि विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी को ही निलंबित कर दिया। सदन में विपक्ष की आवाज ही नहीं तो सदन और लोकतंत्र का क्या मतलब है।

### अभद्र व्यवहार के कारण विपक्ष सांसद निलंबित: जी किशन रेड्डी

कई विपक्षी सांसदों के निलंबन पर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने आज अभद्र व्यवहार किया। विपक्ष असुरक्षित महसूस करने लगा है। उनके पास पीएम मोदी के खिलाफ कोई एजेंडा या मुद्दा नहीं है। वे सदन को चलने ही नहीं दे रहे हैं। इसलिए अध्यक्ष ने उन्हें शेष कार्यवाही से निलंबित कर दिया है। हमने इसका समर्थन किया है।

# अंडमान में पांच महीने में 150 करोड़ की 252 किलो मेथामफेटामाइन जब्त, 69 गिरफ्तार



✻ केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशों के अनुसार नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पोर्ट ब्लेयर**

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पुलिस ने पिछले पांच महीनों में 150 करोड़ रुपये मूल्य के 252 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किए हैं। इसके साथ ही 69 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस अवधि के दौरान लगभग 10 करोड़ रुपये मूल्य की एक किलोग्राम कोकीन, मारिजुआना (49 किलोग्राम), भांग के पौधे (तीन किलोग्राम), कफ सिरप की 497 बोतलें और एंटी-एंग्जाइटी टैबलेट अल्प्राजोलम की 583 गोलियां जब्त कीं। जिनकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये है। द्वीप समूह के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा, पुलिस द्वीप को नशा मुक्त बनाने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रही है। हमने केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशों के अनुसार नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। परिणाम उत्साहजनक हैं। उन्होंने आगे कहा, हम नशीले पदार्थों को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। हम किसी नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले किसी भी शख्स को नहीं बख्शेंगे। यहां के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए कोई कसर न छोड़ने के लिए जमीनी स्तर पर मेरे अधिकारियों और कर्मियों को पूरा श्रेय जाता है। हमें पूरा जन समर्थन मिल रहा है।

### पांच माह में बरामद किया गया 250 किलोग्राम मेथामफेटाइन

श्रीवास्तव में जून में डीजीपी के रूप में कार्यभार संभाला था। इसके बाद उन्होंने द्वीप में नशीली दवाओं के खतरे को खत्म करने के लिए एसपी (सीआईडी) राजीव रंजन के नेतृत्व में एक टास्क फोर्स का गठन किया। जून से नवंबर तक पांच महीने की अवधि में 250 किलोग्राम से अधिक मेथामफेटामाइन की जब्ती की गई।

### सितंबर में सामने आया मेथामफेटामाइन का पहला मामला

मेथामफेटामाइन की जब्ती पर एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि समुद्र में मेथामफेटामाइन की बरामदगी का पहला मामला 19 सितंबर, 2019 को सामने आया। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने सूचित किया गया था कि निकोबार द्वीप समूह में एक संदिग्ध जहाज का पता चला है, जो म्यांमार से मलेशिया जा रहा है। जब आईसीजी ने नौका को रोका तो चालक दल के सदस्यों ने कुछ बोरियों को समुद्र में फेंक दिया।

# नागपुर विस्फोट: सौर उपकरण वाली कंपनी पर विस्फोट मामले में केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नागपुर**

बीते रविवार को महाराष्ट्र के नागपुर जिले में सौर उपकरण बनाने वाली कंपनी में विस्फोट हुआ। धमाके में नौ लोगों की मौत हो गई थी, जबकि अन्य घायल हुए। मामले में कार्रवाई करते हुए सोमवार को पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि जांच टीम ने चकदोह इलाके में विस्फोट स्थल से शरीर के कई अंग बरामद किए हैं। मृतक की पहचान के लिए शव के हिस्सों को पोस्टमार्टम और डीएनए जांच के लिए भेजा गया है। पंचनामा के बाद पहचान के लिए शव के हिस्सों का परिजनों के सैंपल से मिलान किया जाएगा।

### विपक्षी विधायकों ने लगाया सुरक्षा में चूक का आरोप

रविवार को नागपुर में दिलदहलाने वाली घटना सामने आई है। जिसके बाद से ही विपक्षी विधायकों ने आरोप लगाया कि मजदूरों की सुरक्षा के लिए कंपनी ने पर्याप्त सुरक्षा उपकरण नहीं लगाए थे। विपक्ष के विधायकों ने औद्योगिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोंढाली पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि विस्फोट के कारण वहां मौजूद मजदूरों के शरीर कई हिस्सों में बंट गए, साथ ही इमारत भी ढह गई। जानकारी के अनुसार जांच टीमों ने अबतक घटना स्थल से 50 से अधिक शरीर के अंग बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट स्थल से मलबा हटाने का काम जारी है।

### राज्य विधान परिषद में उठा मुद्दा

सोमवार को राज्य विधान परिषद में मुद्दे को उठाते हुए विपक्षी नेता अंबादास दानवे (शिवसेना-यूबीटी) ने जवाबदेही तय करने के लिए नागपुर जिला कलेक्टर से एक रिपोर्ट की मांग की और औद्योगिक सुरक्षा विभाग से संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कारखाने में मजदूरों को पिछली रात देर तक काम करने के बाद सुबह की पाली में जाने के लिए मजबूर किया गया था। कांग्रेस एमएलसी शशिकांत शिंदे ने कहा, यह पहली बार नहीं है कि कंपनी में विस्फोट हुआ है, पहले भी ऐसी दो घटनाएं हो चुकी हैं।

### 'जांच के दौरान करेंगे आरोपियों की पहचान'

कोंढाली पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक पंकज ने कहा कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (ए) (लापरवाही से मौत का कारण) और 286 (विस्फोटक पदार्थ के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान आरोपी व्यक्तियों की पहचान की जाएगी।

# जम्मू कश्मीर और लद्दाख में भूकंप, रिक्टर स्केल पर 5.5 की तीव्रता, एक घंटे में चार बार कांपी धरती

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सोमवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। जम्मू, श्रीनगर, पुंछ, किश्तवाड़, कारगिल समेत दोनों प्रदेशों के कई हिस्सों में भूकंप के झटके लगे। एक घंटे के भीतर चार बार धरती कांपी। सबसे पहला झटका दोपहर तीन बजकर 48 मिनट पर लगा। इसके बाद दूसरा झटका तीन बजकर 57 मिनट पर महसूस किया गया। दूसरे झटके की तीव्रता 3.8 रही। इन दोनों झटकों का केंद्र लद्दाख का कारगिल क्षेत्र रहा। इसके बाद तीसरा झटका चार बजकर एक मिनट पर दर्ज किया गया। इसकी तीव्रता 4.8 रही। चौथा झटका चार बजकर 18 मिनट पर लगा। इसकी तीव्रता 3.6 दर्ज की गई। तीसरे और चौथे भूकंप का केंद्र जम्मू संभाग का जिला किश्तवाड़ रहा। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने ये जानकारी साझी की है। इसके चलते किसी तरह के जानमाल के नुकसान की फिलहाल सूचना नहीं मिली है। लोगों ने बताया कि उन्होंने दो बार झटके महसूस किए। पहले के मुकाबले दूसरा झटका कम तीव्र था। कई जगहों पर लोग अपने घरों और कार्यालयों से बाहर निकल आए। कई लोगों ने तुरंत अपनों को फोन कर भूकंप के झटके महसूस होने की जानकारी साझी की और उनका हालचाल भी जाना।

# भारत में कोरोना से एक दिन में 5 की मौत

## 335 नए केस, केरल में मिला नया जेएन-1 वैरिएंट, स्वास्थ्य मंत्री बोलीं, चिंता की बात नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत में कोविड-19 मामलों में एक बार फिर इजाफा होने लगा है। केरल में कोविड का नया सब वैरिएंट जेएन.1 मिला है। इससे 17 दिसंबर को चार लोगों की मौत हो गई। वहीं यूपी में भी कोविड पॉजिटिव शख्स की जान चली गई। हालांकि, यह पता नहीं चला है कि यह मरीज जेएन1 वैरिएंट से संक्रमित था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में रविवार को 335 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए गए और एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 1,701 हो गई। सब वैरिएंट जेएन.1 को लेकर कर्नाटक सरकार ने अलर्ट जारी किया है। वहीं केरल में स्वास्थ्य मंत्री वीना जार्ज ने कहा- चिंता की कोई बात नहीं है। हम लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### कहां से आया नया वैरिएंट

आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ राजीव बहल के मुताबिक, यह मामला 8 दिसंबर को केरल के तिरुवनंतपुरम में सामने आया था। जब 79 साल की एक महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। महिला में इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी के हल्के लक्षण थे और हालांकि बाद में वह कोविड-19 से ठीक हो गई।

### देश में कोरोना से अब तक पांच लाख की मौत

देश में कोरोना मामलों की कुल संख्या 4.50 करोड़ के पार हो गई। वहीं वायरस से रिकवर होने वालों की संख्या बढ़कर 4.44 करोड़ (4,44,69,799) हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में रिकवरी रेट 98.81 प्रतिशत है। अब तक भारत में कोविड-19 से 5,33,316 लोगों की मौत हो चुकी है।

### सिंगापुर में एक हफ्ते में आए 56,000 से अधिक केस

सिंगापुर में पिछले एक हफ्ते में 56,000 से अधिक कोरोना के नए मामले सामने आए। हेल्थ मिनिस्ट्री ने सभी नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की। मंत्रालय के अनुसार, 3 से 9 दिसंबर के बीच 56,043 नए मामले मिले। जबकि उससे एक हफ्ते पहले 32,035 कोविड केस थे।

# पाक में बीच सड़क पर पुलवामा और उरी हमले के मास्टरमाइंड की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



लश्कर-ए-तैयबा के चीफ हाफिज सईद का करीबी रिश्तेदार और पुलवामा समेत उरी आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड खान बाबा को पाकिस्तान में मार दिया गया। हबीबुल्लह उर्फ भोला खान उर्फ खान बाबा की हत्या अज्ञात बंदूकधारी ने तब की जब वह कश्मीर में आतंक को फैलाने के लिए खैबर पख्तूनबा में भर्तियां कर रहा था। खैबर पख्तूनबा पुलिस ने इस आतंकी की मौत की पुष्टि की है। मारा गया आतंकी पाकिस्तान के पूर्व सांसद दाबर खान कुंडी का चचेरा भाई था। खान बाबा और हबीबुल्लह उर्फ भोला खान की मौत के बाद लश्कर ए तैयबा के आतंकियों की मौत का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इस आतंकी की हत्या के साथ ही पाकिस्तान में अब तक 23 आतंकियों की अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक खैबर पख्तूनबा के टांक जिले में आतंकी खान बाबा पिछले कुछ दिनों से कश्मीर घाटी में स्लीपर सेल को सक्रिय करने के लिए आतंकियों की भर्तियां कर रहा था। खुफिया सूत्रों से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि घाटी में लगातार कमजोर हो रहे लश्कर-ए-तैयबा जैसे तमाम आतंकियों और उनके संगठनों की कमजोर पकड़ के चलते ही वह स्लीपर सेल को एक्टिव करना चाहता था। इस सिलसिले में खैबर पख्तूनबा के टोंक जिले से 37 लोगों को भर्ती करने की जिम्मेदारी खान बाबा उर्फ भोला खान उर्फ हबीबुल्ला ने ली थी। बताया यही जा रहा है कि वह अब तक आठ लोगों को ट्रेनिंग देकर स्लीपर सेल के सक्रिय सदस्य के रूप में पीओके से लेकर घाटी में भेजने की फिराक में था।

# आईएसआईएस नेटवर्क केस में 4 राज्यों में एनआईए की रेड, 8 एजेंट गिरफ्तार

## कर्नाटक, झारखंड, महाराष्ट्र और दिल्ली में 19 लोकेशंस पर छापेमारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



एंटी-टेरर एजेंसी एनआईए ने सोमवार (18 दिसंबर) सुबह चार राज्यों की 19 लोकेशन पर छापेमारी की। ये रेड ढूस्ढूस नेटवर्क केस के तहत की गई। इन 19 लोकेशन में कर्नाटक की 11, झारखंड की 4, महाराष्ट्र की 3 और दिल्ली की एक लोकेशन शामिल है। इस दौरान प्रतिबंधित आईएसआईएस के 8 एजेंट्स को गिरफ्तार किया गया। ये एजेंट आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली एक्टीविटीज और आतंकवाद को बढ़ावा देने में शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में बेल्लारी के मिनाज उर्फ मोहम्मद सुलेमान सैयद समीर, मुंबई से अनस इकबाल शेख, बेंगलुरु से मोहम्मद मुनीरुद्दीन, सैयद समीउल्लह उर्फ सामी, मोहम्मद मुजम्मिल, दिल्ली से शायान रहमान उर्फ हुसैन, और जमशेदपुर से मोहम्मद शाहबाज उर्फ जुल्फिकार उर्फ गुड्डु शामिल हैं। ये सभी मिनाज उर्फ मोहम्मद सुलेमान के नेतृत्व में काम कर रहे थे। बीते हफ्ते एनआईए ने महाराष्ट्र की 43 लोकेशन पर रेड डालकर 15 लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किया गया एक आरोपी आईएसआईएस मॉड्यूल का लीडर था और इस मॉड्यूल में नए लोगों को भर्ती करने का काम करता था। उसका नाम साकिब नचान बताया जा रहा है। इस रेड के दौरान एनआईए ने बड़ी मात्रा में कैश, हथियार, नुकीले औजार, संवेदनशील डॉक्युमेंट्स और कई डिजिटल डिवाइस मिले थे। एनआईए अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार किया गया आरोपी विदेशी हैंडलर्स के निर्देश पर काम कर रहा था और देश में कई आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा था।

# शिवराज को नड्डा ने बुलाया, नई जिम्मेदारी संभव, रिजल्ट के बाद पहली बार दिल्ली जाएंगे, कहा था, मांगने जाने से बेहतर मरना समझूंगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार सुबह दिल्ली जाएंगे। वे दोपहर 12 बजे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। चुनाव रिजल्ट के बाद शिवराज का यह पहला दिल्ली दौरा होगा। शिवराज ने सोमवार को विधानसभा में शपथ लेने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा था कि वे आज शाम दिल्ली जा रहे हैं। बाद में उनके कार्यालय से दिल्ली जाने के कार्यक्रम में बदलाव की जानकारी दी गई। पिछले दिनों नड्डा ने शिवराज की नई भूमिका को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा था, हम इनके कद के अनुसार काम देंगे। इनके अनुभव का अच्छे तरीके से उपयोग करेंगे। माना जा रहा है कि पार्टी ने शिवराज की नई भूमिका तय कर ली है। नड्डा उनसे इसी बारे में चर्चा करेंगे। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा की। महिलाओं के भावुक होकर रोने पर उन्होंने कहा, भाई बहन के रिश्ते हों, मामा या भांजे के रिश्ते हों, मैंने पहले भी कहा है कि भाई का रिश्ता विश्वास का है और मामा का रिश्ता प्रेम का है। ये जो संबंध है, वो स्वाभाविक हैं। ये एक फेज होता है, धीरे-धीरे लोग इसको भूल जाते हैं, लेकिन संबंध रहेंगे। उन्होंने कहा, विधानसभा में पुराने और अनुभवी साथी भी चुनकर आए हैं। नई पीढ़ी का भी पर्याप्त समावेश दिख रहा है। एक और आनंद का विषय है, पीढ़ी परिवर्तन भी हुआ है। मोहन यादव मुख्यमंत्री हैं तो उमंग सिंघार नेता प्रतिपक्ष। पीढ़ी परिवर्तन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। मुझे पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश प्रगति और विकास की नई ऊंचाइयां छुएगा।

### तमिलनाडु में बारिश के बाद बाढ़, झीलें फूटीं, 15 घंटे में दो फीट बारिश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** हिंद महासागर के पास तमिलनाडु के तटीय इलाके केप कोमिरन पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने से दक्षिणी जिलों में पिछले दो दिनों से तेज बारिश हो रही है। पलायमकोट्टई में रविवार शाम 5-30 बजे तक 260 मिमी बारिश हुई। जबकि सोमवार सुबह 26 सेमी बारिश दर्ज की गई। उधर कन्याकुमारी में 17 सेमी बारिश दर्ज की गई। वहीं थूटूकुडी जिले में, तालुका श्रीवैकुंटम में 525 मिमी बारिश हुई। बाढ़ के कारण तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले में करीब 800 ट्रेन यात्री फंसे हुए हैं। तूतीकोरिन जिले के तिरुचेंदुर में केवल 15 घंटों में करीब दो फीट पानी बरस गया। कोविलपट्टी में नदियां और झीलें ओवरफ्लो हैं। दो झीलें फूट गईं और उनकी मरम्मत का काम जारी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)